माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 326, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 16

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 15


## एक नजर

### नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी गन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर के साथ बुधवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसकी कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपये है और इन गनों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा।

### 500 से अधिक अस्पताल बने ईट राइट कैंपस

**नई दिल्ली।** खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने देशभर में 500 से अधिक अस्पतालों को 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया है। यह पहल एफएसएसएआई के 'ईट राइट इंडिया' अभियान के तहत अस्पतालों सहित विभिन्न संस्थानों और कार्यस्थलों के भीतर सुरक्षित, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल खाद्य परिवेश बनाने पर केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकर

### जमानत के लिए संजय सिंह पहुंचे शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष कोर्ट का रुख किया है, जिसमें दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से संबंधित धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने सात फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सिंह दिल्ली से राज्यसभा के लिए फिर से निर्वाचित हुए हैं। याचिका अधिवक्ता विवेक जैन और रजत भारद्वाज के माध्यम से दायर की गई है।

# मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं: मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया अबू धाबी में पहले मंदिर का लोकार्पण

- 27 एकड़ जमीन में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मैं एक मंदिर के पुजारी की योग्यता रखता हूं या नहीं यह मुझे नहीं पता लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं। मोदी ने यहां निर्मित पहले हिंदू मंदिर का लोकार्पण किया। इस मंदिर को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बाप्स ने बनाया है। मंदिर के निर्माण पर 700 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बने इस मंदिर के लोकार्पण से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए कंक्रीट मिश्रण में 55 फीसदी सीमेंट की जगह फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज संयुक्त अरब अमीरात की धरती ने मानवीय इतिहास का एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। आज अबु धाबी में भव्य और दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है। इस पल के पीछे वर्षों की मेहनत लगी है। इसमें वर्षों पुराना सपना जुड़ा है। इसमें भगवान स्वामी नारायण का आशीर्वाद जुड़ा है। आज प्रमुख स्वामी जी जिस दिव्य लोक में होंगे, उनकी आत्मा जहां होगी, वहां प्रसन्नता का अनुभव कर रही होगी। उन्होंने कहा कि आज बसंत पंचमी का पवित्र त्योहार भी है। यह मां सरस्वती का पर्व है। मां सरस्वती यानी बुद्धि और विवेक की, मानवीय प्रज्ञा और चेतना की देवी है। ये मानवीय प्रज्ञा ही है, जिसने हमें सहयोग, सामंजस्य, समन्वय और सौहार्द जैसे आदर्शों को जीवन में उतारने की समझ प्रदान की है।



अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### यह मंदिर मानवता की सांझी विरासत का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक संयुक्त अरब अमीरात बुर्ज खलीफा, फ्यूचर म्यूजियम, शेख जायद मस्जिद और दूसरी उच्च तकनीक वाली इमारतों के लिए जाना जाता था, अब उसकी पहचान में एक और सांस्कृतिक अध्याय जुड़ गया है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इससे यूएई आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ेगी और लोगों से लोगों का संपर्क भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं पूरे भारत और विश्व भर में रहने वाले करोड़ों भारतवंशियों की ओर से यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को और यूएई सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं यूएई के लोगों के प्रति भी उनके सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि अबू धाबी का यह विशाल मंदिर केवल एक उपासना स्थली नहीं है, बल्कि मानवता की सांझी विरासत का प्रतीक है। ये भारत और अरब के लोगों के आपसी प्रेम का भी प्रतीक है। इसमें भारत और यूएई के रिश्तों का एक आध्यात्मिक प्रतिबिंब है।

### अयोध्या के परम आनंद को अबू धाबी ने बढ़ाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के अमृतकाल का समय है। अभी पिछले महीने ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ है। रामलला अपने भवन में विराजमान हुए हैं। पूरा भारत और हर भारतीय उस प्रेम भाव में अभी तक डूबा हुआ है। अयोध्या के हमारे उस परम आनंद को आज अबू धाबी में मिली खुशी की लहर ने और बढ़ा दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि मैं पहले अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर और फिर अब अबू धाबी में इस मंदिर के लोकार्पण का साक्षी बना हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परमात्मा ने मुझे जितना समय दिया है, उसका हर एक पल और परमात्मा ने जो शरीर दिया है, उसका कण-कण सिर्फ और सिर्फ मां भारती के लिए है। कहा कि एक पुजारी की योग्यता मुझ में है या नहीं, मैं नहीं जानता हूं, लेकिन 140 करोड़ भारतवासियों का पुजारी हूं और 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य देव हैं।

# टैक्स चोरी : आयकर विभाग का 11 शहरों में 30 ठिकानों पर छापा

- पशु आहार बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका के ठिकानों से मिले 2.50 करोड़ रुपये
- कोलकाता, हावड़ा, लखनऊ, बहराइच, पटना, आरा और गुवाहाटी में हुई छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पशु आहार बनाने वाली कंपनी के 11 शहरों के 30 ठिकानों पर छापामारी की, इस दौरान 2.50 करोड़ रुपये और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे। कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रहने की संभावना है। पशु आहार (मुर्गी दाना आदि) बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका प्रालि. द्वारा टैक्स चोरी करने की जानकारी मिलने पर आयकर विभाग लखनऊ की टीम ने छापा मारा। इसकी शुरुआत बहराइच के एक धर्म कांटा से हुई फिर लखनऊ में सर्च शुरू हुई। टीम ने कंपनी ने चार प्रदेशों के 11 शहरों में 30 ठिकानों पर मंगलवार देर रात छापा मारा। प्रदेश के लखनऊ, बहराइच, सोनभद्र, चंदौसी, हरदोई, बिहार के आरा, पटना, प. बंगाल के हावड़ा, कोलकाता, सिलीगुड़ी और आसाम के गुवाहाटी में छापों में बुधवार दोपहर तक करीब 2.50 करोड़ रुपये नकद और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं।

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक लखनऊ निवासी नवनीत गीडिया की कंपनी इवा एग्जोटिका के बारे में सूचना मिली थी वह फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी कर रही है। इसके बाद जब कंपनी के लेन-देन को खंगाला गया तो वित्तीय अनियमितताओं का पता चला। इवा एग्जोटिका कोलकाता में पंजीकृत है। कंपनी के निदेशक नवनीत गीडिया, विजय कुमार गीडिया और विनीत कुमार गीडिया हैं। कंपनी का मुख्य कार्यालय कोलकाता के न्यू टाउन एरिया के डीएलएफ गैलेरिया में है।

# साहूकार ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या



- घर के अंदर दिया घटना को अंजाम, परिवार में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक साहूकार ने खुद की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे और घायल को निजी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला गाड़ीखाना निवासी अमित शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा साहूकार थे। उनके परिवार में पत्नी सोनी शर्मा, बेटा निकांश शर्मा और बेटी श्रेया शर्मा है। अमित तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। छोटे भाई दीपेंद्र गौड़ ने बताया कि बीते मंगलवार की रात लगभग 11 बजे बड़े भाई अमित शर्मा के बच्चे ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में पढ़ रहे थे, जबकि भाभी रसोईघर में थी। इसी बीच अमित के कमरे से गोली चलने की आवाज आई। परिवार के लोग पहुंचे तो अमित खून से लथपथ पड़े थे। परिवार के लोग उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके से लाइसेंसी पिस्टल बरामद की है। परिजनों ने किसी विवाद की जानकारी से इनकार किया है।

## थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 0.27 % पर

**नई दिल्ली।** फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी।

# बेहमई कांड : बरसी पर 43 साल के बाद आया फैसला, एक को आजीवन कारावास

- साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने एक आरोपी को किया दोष मुक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बेहमई कांड के मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ाकर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग घायल हो गए थे। मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

### ये लोग मारे गए थे

तुलसीराम सिंह, गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामाधार सिंह, शिवराम सिंह, रामचंद्र सिंह, शिवबालक सिंह, बनवारी सिंह पुत्र लाखन सिंह, लाल सिंह, नरेश सिंह, दशरथ सिंह, बनवारी सिंह पुत्र महाराज सिंह, हिम्मत सिंह, हुकुम सिंह, हरिओम सिंह, रामऔतार, तुलसीराम पुत्र धनीराम व नजीर खां।

## केजरीवाल को ईडी का छठा समन



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था।

## बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खोले जाएंगे

**देहरादून।** चारधाम में एक बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खोले जाएंगे। बुधवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि परंपरा को ध्यान में रखते हुए बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर नरेंद्र नगर पैलेस में एक धार्मिक समारोह के बाद मंदिर के कपाट खोलने की तारीख और समय की घोषणा की गई है। समारोह में टिहरी के पूर्व शाही परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# आतिशबाजी पैनल में विस्फोट से 4 की मौत

- बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। मृतक कर्वी के रहने वाले स्थानीय छात्र थे। सभी की उम्र 13 से 15 साल के बीच की थी।

### मुख्यमंत्री ने जताया दु:ख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दु:ख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का नि:शुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

# मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**दिल्ली चलो मार्च**

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

चंडीगढ़, एजेंसी

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

### केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

**चंडीगढ़।** तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

### राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।




# वेलेंटाइन डे पर प्रियजन को दिए उपहार

## रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल में रही चहल-पहल, गिफ्ट देकर किया प्यार का इजहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में बुधवार को वेलेंटाइन डे पर रिश्तों में प्यार की मिठास बढ़ गई। साथ वक्त बिताकर व उपहार देकर एक दूसरे के प्रति प्रेम का इजहार किया। रेस्टोरेंटों, सिनेमा हॉल में प्रेमी जोड़ों की संख्या अधिक रही। कुछ ने मंदिर में मत्था टेक कर भगवान से अपने जीवन में खुशहाली और प्रेम बने रहने की कामना की। प्रेमी युगलों ने गिफ्ट व गुलाब का फूल देकर अपने प्यार को प्रदर्शित किया। हालांकि कुछ हिंदूवादी संगठनों ने इसका विरोध भी किया।

बुधवार को कांठ रोड, रामगंगा विहार, स्टेशन रोड. टाउनहॉल, दिल्ली रोड में बने रेस्टोरेंटों को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। सुबह से लेकर शाम तक इन रेस्टोरेंटों में प्रेमी युगलों ने गुलाब के फूल, बुके और विभिन्न गिफ्ट आइटम भेंटकर अपने प्यार का इजहार किया। प्रेमी युगलों के अलावा दंपतियों, दोस्तों, मां-पिता से भी अपने प्रेम को प्रदर्शित किया। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने फोटो शेयर कर अपने प्रियजनों को वेलेंटाइन डे की शुभकामनाएं दीं। कांठ रोड स्थित पीवीआर, रामगंगा विहार स्थित वेव मॉल और रेलवे स्टेशन स्थित मिगलानी सिनेमा हॉल में वेलेंटाइन डे पर प्रेमी युगलों की भीड़ रही।

हालांकि फिल्म देखने आए प्रेमी युगल हिंदूवादी संगठनों के डर से सहमे भी नजर आए। वेव मॉल के प्रबंधक भूपेंद्र सिंह बाली ने बताया कि बुधवार को प्रेमी युगलों की संख्या अधिक रही। नवदंपती भी वेलेंटाइन डे मनाने में पीछे नहीं रहे। मॉल को वेलेंटाइन की थीम पर सजाया गया था। वहीं रामगंगा विहार निवासी सतीश ने बताया कि यह दिन नवविवाहित जोड़ों के लिए खास होता है। मेरी शादी के बाद यह पहला वेलेंटाइन डे है। पत्नी के साथ सुबह से शाम तक की योजना बनाकर समय बिताया। दीनदयाल नगर निवासी यश तिवारी ने कहा कि मेरी शादी को 4 साल हो गए हैं। लेकिन, इस दिन को खास बनाना नहीं भूलता। यह हमारे रिश्तों को मजबूत करता है।



एक दूसरे को टेडी बियर देकर प्रेम का इजहार करता दंपती। ● अमृत विचार

### गुलाब के फूल की सबसे अधिक रही मांग

वेलेंटाइन डे पर प्रेमी युगलों ने एक दूसरे को गुलाब का फूल देकर अपने प्यार का इजहार किया। नवविवाहित जोड़ों में भी इस दिन को लेकर खास उत्साह रहा। फूलों और बुके की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली। फूल कारोबारी विनोद ने बताया कि इस दिन के लिए पहले से ही स्टॉक में फुल रखे हुए थे। एक गुलाब के फूल की कीमत 20 से 30 रुपए रही। जबकि फूलों का गुलदस्ता 300 से 500 रुपए तक बिका। युवा रोहन ने कहा वैसे तो अपनी प्रेमिका को हर रोज प्यार जताना खास होता है। लेकिन, ऐसे अवसरों पर गुलाब का फूल देकर अपने प्यार का इजहार करना बहुत अच्छा अनुभव रहता है।

## एक नजर

### निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की हुई शुरुआत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन सिद्ध पीठ श्रीकामधेनु रति देवी मंदिर ट्रस्ट की ओर से निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन हुआ। इसका उद्देश्य कामधेनु मंदिर लालबाग में नारी उत्थान और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्य अतिथि एडवोकेट अतुल ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप जलाकर उद्घाटन किया। कहा कि इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष छोटेलाल दक्ष, जय किशन प्रजापति, कुलदीप कुमार, मोहन सिंह, अजय कुमार अग्रवाल, अमन प्रजापति, आकाश प्रजापति, अनुज सैनी, विवेक प्रजापति, कंचन दक्ष, प्रयांशु, पूनम, खुशी, गुंजन, नरेश प्रजापति मौजूद रहे।

### मां सरस्वती की हुई वंदना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ताड़ीखाना कृष्ण आश्रम स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर के परिसर में मां सरस्वती की वंदना की गई। पुजारी नितिन चतुर्वेदी ने आरती कराई और भगवान को भोग लगाया। इसके बाद भंडारा आरंभ किया गया। सेवा मंडल सदस्य तारा चंद्र पाल, विकुश कश्यप, गंभीर सिंह, भवनीश सक्सेना, पंकज पाल, वीरेंद्र सक्सेना, मनीष पुरी, पवन गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रथम अपर जिला जज किरन बाला ने बैठक की। उन्होंने बताया कि इस दिन जिला मुख्यालय और सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगा। जनपद न्यायालय के निर्देशन में आयोजित होने वाले लोक अदालत में शमनीय वादों को निस्तारित किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निष्पादित कराने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि लंबित शमनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने के बारे में लोगों को जागरूक करें।



खाटू श्याम भजन संध्या में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# महोत्सव में बाबा श्याम के भजनों पर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ श्री खाटू श्याम सांवरिया सेवा मंडल की ओर से आयोजन

**अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम सांवरिया सेवा मंडल की ओर से बुधवार को बाबा श्याम का वसंत महोत्सव संकीर्तन लाइनपार में हुआ।

बाबा श्याम का दरबार फूलों व गुब्बारों से सजाया गया। बाबा श्याम के कीर्तन में फूलों की होली का विशेष आकर्षण रहा। सबसे पहले गणेश वन्दना व मां सरस्वती की आराधना की गई। उसके बाद बाबा श्याम के भजन गायक विक्की गुप्ता, राजकुमार कटारिया और बाल कलाकार कान्हा कत्याल, बाबा श्याम के सुंदर सुंदर भजनों पर भक्तों ने नाच कर खूब आनंद लिया। शृंगार तेरा बाबा कहो किसने सजाया है , वीर हनुमाना अति बलबाना राम राम रसियो रे, नौकर रख ले सांवरे हमको भी एक बार, खाटू जो पहुंचा पहली बार मन को लुभाया यह दरबार आदि भजनों पर भक्तों ने झूमकर आनंद लिया। व्यवस्था में संजय गुप्ता, सचिन शर्मा, संजय कश्यप, नीटू कत्याल, नन्द किशोर, दीपू, अमरदीप, राजेन्द्र सैनी ने सहयोग किया।

# प्रकृति सेवा समिति ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्यक्रम**

▸▸ प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट और नगर निगम की आईईसी टीम ने गौतमबुद्ध पार्क में किया पौधरोपण

**अमृत विचार :** प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट और नगर निगम की आईईसी टीम की ओर से ऋतुराज वसंत के स्वागत और पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए गौतमबुद्ध पार्क कांशीराम नगर में पौधरोपण किया गया। जिसके अंतर्गत आईईसी टीम और स्थानीय नागरिकों ने पांच पौधों की एक पंचवटी स्थापित की गई। नगरवासियों को प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूक किया गया।

पर्यावरण सचेतक निगम नेपाल सिंह पाल ने कहा कि वसंत ऋतु आगमन पर प्रकृति के चारों ओर हरियाली का होती है। मौसम मनमोहक और खुशगवार होता है। कार्यक्रम में सह संयोजिका डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. मीनू मेहरोत्रा, अंजली, पूजा आदि मौजूद रहीं। उधर, वसंत उत्सव के उपलक्ष्य में महिला समवंय विभाग की ओर से एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें हवन पूजन व एक अनौपचारिक संवाद किया गया। इसमें बहुत उत्साह के साथ महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सह संयोजिका डॉक्टर सीमा शर्मा और प्रांत प्रचार प्रमुख कैप्टन डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने संबोधित किया। अंजली, पूजा का विशेष सहयोग रहा। वक्ताओं ने कहा कि पेड़ पौधे ही प्रकृति में ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री हैं। प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रकृति में उपस्थित सभी प्राकृतिक संसाधनों को बचना चाहिए। प्रकृति में ही हमारी समस्त समस्याओं का समाधान है।

## समारोह में परिणय सूत्र में बंधे चार जोड़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चार जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पुरोहित वीरेंद्र आर्य और यशपाल आर्य के द्वारा वैदिक मंत्रों संग विधिपूर्वक विवाह संपन्न कराया गया।

पुरोहित द्वारा सभी जोड़ों के विवाह संस्कार में हर वेद मंत्र का महत्व बताते हुए वैवाहिक जीवन से जोड़कर उसी के अनुकूल जीवन जीने की शिक्षा दी। आर्य विद्वान सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने वर-वधुओं को विवाह के पवित्र मिलन का महत्व बताया। अरविंद आर्य, संयोजक अभय श्रोत्रिय, मयंक आर्य, आशा जैमिनी, अजब सिंह आर्य, संतोष कुमार गुप्ता, सुदेश आर्य आदि नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान आलोक आर्य, लोकेश आर्य, शांतिस्वरूप वार्ष्णेय, शिव किशोर शर्मा, विवेक शर्मा आदि रहे।

# स्कूलों में वसंत उत्सव की धूम, मां सरस्वती की पूजा की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी में ज्ञान की देवी मां शारदे का जन्मोत्सव और वीर हकीकत राय के शहीद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सर्वप्रथम हवन और पूजन में अध्यक्ष दर्शन कुमार मित्तल, प्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष परमेश कुमार वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य परवेंद्र कुमार, वरिष्ठ आचार्य रामवीर सिंह ने सहभागिता की। छात्र-छात्राओं ने मां शारदे के जन्मदिवस पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। वरिष्ठ आचार्य रामवीर सिंह ने बताया कि बुद्धि, ज्ञान, विद्या, कला और संगीत की देवी वाग्देवी शारदा, वीणावादिनी मां सरस्वती का अवतरण दिवस वसंत पंचमी को हुआ।

शिशिर ऋतु की समाप्ति के बाद वसंत ऋतु का उत्सव मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना की। लेकिन वह परेशान थे कि उनकी रचना शांत और मृत शरीर के समान थी, क्योंकि ब्रह्मांड में कोई ध्वनि और संगीत नहीं था। ब्रह्मा जी विष्णु के पास गए और उन्हें अपनी परेशानी बताई। विष्णु ने सुझाव दिया कि देवी सरस्वती मदद करेंगी और समाधान देंगी। बसंत पंचमी पर देवी सरस्वती प्रकट हुई। उन्होंने वीणा बजाना शुरू किया तो पहला अक्षर सा निकला, जो संगीत के सात स्वरों में पहला है। इस प्रकार ध्वनि रहित ब्रह्मांड को ध्वनि प्राप्त हुई। इससे ब्रह्मा प्रसन्न हुए और उन्होंने सरस्वती का नाम वागेश्वरी रखा। उनके हाथ में वीणा होने से वीणापाणि भी कहा जाता है।



सरस्वती शिशु मंदिर गुलाबबाड़ी में वसंत पंचमी पर पूजन करते शिक्षक। ● अमृत विचार



कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**आयोजन**

▸▸ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज गुलाबबाड़ी में वीर हकीकत राय का शहीद दिवस भी मनाया

### धूमधाम से मनाया वसंत पंचमी का पर्व

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ यज्ञ से हुआ। उसके बाद छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। उसके बाद हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय यज्ञ के मुख्य पुरोहित पूर्व छात्र अमन शर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन कालीचरण सिंह ने किया। इस अवसर पर राजीव कुमार, हेमेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, करतार सिंह, रीना कुमारी, मंजू रावत, रीना सिंह, भूमिका शर्मा, सुशील पाठक आदि मौजूद रहे।

# ब्लैक डे पर पुलवामा के शहीदों को किया याद

▸▸ युवा बोले- शहीदों की कर्जदार रहेगी जिंदगी, नम आखों से किया अमर शहीदों को नमन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 14 फरवरी 2019 का दिन शायद ही कभी कोई भारतीय भूल सके। इस दिन आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। तभी से इस दिन को देश में ब्लैक डे के रूप में याद किया जाता है। इस दिन का जिक्र आते ही हर भारतीय की आंखें नम हो जाती है। बुधवार को महानगरवासियों ने इन शहीद वीर जवानों को नम आखों से श्रद्धांजलि दी।

इस घटना को 5 साल हो गए। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर भारतीय सेना के जवानों को ले जा रहे वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया था जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। महानगर के युवाओं ने शहीदों को याद कर नमन किया। युवाओं ने इस दिन को भारतीय इतिहास के पन्नों में काले दिन के रूप में याद किया।



“पुलवामा में हुए आतंकी हमले के जख्म आज भी ताजा हैं। भारतीय सुरक्षा बलों के बलिदान को नम आंखों से याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।”
-सरल शर्मा



“5 साल पहले सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा किए गए आत्मघाती हमले में हमारे 40 जवान शहीद हुए थे। उनके इस बलिदान का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।”
-अमन शर्मा



“14 फरवरी 2019 का दिन आज भी याद है। यह इतिहास के लिए काले दिनों में से एक है। आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को नमन करती हूं। हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे।”
-वैशाली



“बहुत लोग इस दिन को वेलेंटाइन के रूप में मनाते हैं। लेकिन, यह दिन हमारे जवानों की शहादत को याद करके उन्हें नमन करने का दिन है।”
-एकता गुप्ता



“बाहरी ताकतों के साथ-साथ भीतरघात करने वाले भी ऐसे हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। अब भारतीय सेना इनका सफाया कर रही है। देश की सेना पर हमें गर्व है।”
-अस्मित चौधरी



“14 फरवरी हमारे देश को आतंकवाद के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा, जिससे हम अपने राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित किए हुए हैं।”
-आदित्य भटनागर

## आधार कार्ड से पैन को लिंक कराकर दें सूचना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन धारक अपना आधार कार्ड पैन नम्बर से लिंक कराकर इसकी सूचना तत्काल कोषागार कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि ऐसा न होने की स्थिति में आयकर की कटौतियां पैन नम्बर में दर्ज नहीं हो पाएंगी और इसके लिए संबंधित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स स्वयं उत्तरदायी होंगे। पेंशनर्स को वार्षिक विवरणी प्राप्त करने के लिए कोषागार में उपस्थित होना अनिवार्य नहीं है। पेंशनर्स अपनी विवरणी koshvani.up.nic.in को google पर सर्च कर pensioner detail में जाकर अपना जिला चयन करें और अपना खाता संख्या अंकित कर केप्चा कोड अंकित कर शो कर पेंशन डिटेल का प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रतियोगिता में भाग लेंगे 9 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट का आयोजन होने जा रहा है। इसमें जनपद के एथलीट प्रतिभाग करेंगे। बुधवार को टीम प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई।

प्रतियोगिता गुजरात के सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 16 से 18 फरवरी तक होगी। इसमें जनपद के 9 एथलीट प्रतिभाग करेंगे। जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गौरव ने बताया कि जिले से अंडर 16 वर्ग में आदित्य सिंह, कृष्णा गुप्ता, सुशील सैनी, आकिब, सनी सागर, अंडर 16 बालिका में कसक रानी और अंडर 14 वर्ग बालक में हर्ष तोमर, आदित्य धारीवाल, शिवम कश्यप भाग लेंगे।



खिलाड़ियों के साथ टीम मैनेजर गौरव। ● अमृत विचार

### यूपी ग्रामीण खेलों में कुनाल चौधरी ने जीता गोल्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी ग्रामीण खेल लीग में धावक कुनाल चौधरी ने गोल्ड जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। उनके इस प्रदर्शन से खिलाड़ियों में खुशी है। गांव मझरा विचपुरी निवासी कुलदीप सिंह के बेटे कुनाल चौधरी लंबे समय से नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करते हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि हापुड़ में 13 से 15 फरवरी तक यूपी ग्रामीण खेल लीग का आयोजन चल रहा है। इसमें कुनाल ने 200 मीटर दौड़ में 23 सेंकेंड का शानदार समय निकालते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।



बसपा की सेक्टर बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा.सुनील आजाद। ● अमृत विचार

# बसपा कार्यकर्ता संगठन के विचारों से लोगों को जोड़ें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के तहत बुधवार को बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र देहात में कैडर कैंप का आयोजन किया। क्षेत्र की ग्राम पंचायत रफतपुर के सेक्टर 14 और 15 के शिविर में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष डा.सुनील आजाद एडवोकेट रहे।

जिलाध्यक्ष ने कहा की महापुरुषों ने जो बहुजन आंदोलन को गति दी है, उसको धरातल पर उतारने का काम संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती कर रही हैं। उन्होंने डा.आंबेडकर ग्राम विकास योजना चलाकर महापुरुषों के नाम पर जिलों का नाम रखा। समाज में भाईचारा कायम किया। कैंप में संगठन के सदस्यों ने अपने विचार रखे। इस दौरान रामकुमार गुलाब, सूरज पाल सिंह, मान सिंह, रजनीश, हरिकेष आदि मौजूद रहे।

**राजनीति** | चौक-चौराहों के अलावा महानगर में चलने वाले ऑटो पर भी पोस्टर चस्पा कर प्रचार में जुटे दावेदार

# बैनर-होर्डिंग्स लगाकर अभी से कर रहे लोकसभा चुनाव में दावेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ कांग्रेस से लोकसभा के लिए 11 ने दावेदारी प्रस्तुत करने को दिया है आवेदन

▸▸ भाजपा की ओर से दो पूर्व सांसद और एक पूर्व जिलाध्यक्ष के नाम की है चर्चा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तारीख भले ही अभी घोषित नहीं हुई है। लेकिन नव वर्ष के साथ ही महाशिवरात्रि व होली की शुभकामनाओं के बैनर होर्डिंग्स लगाकर लोकसभा चुनाव लड़ने के दावेदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। चौक चौराहों से लेकर महानगर में चलने वाले ऑटो पर भी पोस्टर चस्पा कर प्रचार में दलों के दावेदार जुट गए हैं।

मुरादाबाद लोकसभा सीट से वर्तमान में समाजवादी पार्टी के डॉ. एसटी हसन सांसद हैं। वह लोकसभा में पार्टी के नेता भी हैं। लेकिन पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची में उनका नाम न शामिल कर कयासों को बल दे दिया है। इस सीट से पार्टी के एक पूर्व मंत्री का नाम भी तेजी से चर्चा में आ रहा है। हालांकि इंडिया गठबंधन की तस्वीर अभी साफ न होने से टिकट किस दल के हिस्से में आएगा इस पर भी बादल मंडरा रहे हैं। जबकि कांग्रेस से 13 फरवरी को दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में लोकसभा के लिए प्रभारी बनाए गए डॉ. युसूफ कुरैशी के सामने 11 दावेदारों ने आवेदन कर पार्टी के वरिष्ठों को भी चौंका दिया। इसकी वजह महापौर के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को अच्छे वोट मिलने के बाद दल के कई नेताओं की इच्छा प्रबल हो गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद और अन्य स्थानीय नेता तो गठबंधन के बाद भी यहां की सीट कांग्रेस के लिए ही अपने नेतृत्व से मांग रहे हैं।

वहीं भाजपा और बसपा ने भी अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं। हालांकि भाजपा की ओर से एक पूर्व लोकसभा सांसद और एक पूर्व राज्यसभा सांसद के अलावा एक पूर्व जिलाध्यक्ष सहित कई और नाम पर भी जोर आजमाइश है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का गृह जनपद होने की वजह से मुरादाबाद की सीट पार्टी की नाक का सवाल है। यहां हर हाल में पार्टी इस बार जीत हासिल कर अबकी बार 400 पार, एक बार फिर भाजपा सरकार के नारे को साकार करना चाहती है। बसपा अभी एकला चलो की बात कहकर दूसरे दलों को असमंजस में डाले है। सबकी नजर हाथी की चाल पर भी टिकी है। ऐसे में यहां की सीट सबके लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी है। वहीं अन्य दल भी सीट पर दावेदारी और जीत के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। भले ही अभी टिकट की स्थिति किसी भी दल में साफ नहीं हैं।

### लोकसभा उम्मीदवारों का पैनल बनाने में जुटे बसपाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे बसपाई रणनीतिकार उम्मीदवारों के पैनल बनाएंगे। हर पैनल में तीन नाम शामिल किए जाएंगे। अभी यह प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। अन्य दलों के संभावित नाम और क्षेत्र के समीकरण का अध्ययन करने के बाद पार्टी ऐसे लोगों का चयन करेगी। मंडल में कुल छह लोकसभा सीटें हैं। जिसमें, साल 2019 के चुनाव में बसपा को तीन सीटों पर सफलता मिली थी। तब लोकसभा चुनाव में सपा और रालोद के साथ पार्टी का चुनावी गठबंधन हुआ था। मंडल की सुरक्षित नगीना सीट पर गिरीश चंद चुनाव जीते थे। अमरोहा सीट पर कुंवर दानिश अली और बिजनौर सीट पर मलूक नागर को सफलता मिली थी। अब अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश को पार्टी से बाहर कर दिया गया है। मुरादाबाद, संभल और रामपुर सीट पर सपा का झंडा फहराया था। बाद में उप चुनाव में रामपुर की सीट भाजपा ने जीत ली। चुनाव नजदीक आने के साथ ही सभी दल तैयारी में जुट गए हैं। बसपा सेक्टर और बूथ को प्रभावी बनाने के लिए कैडर कैंप का आयोजन कर रही है। उधर, पार्टी के मंडलीय पदाधिकारी गोपनीय तरीके से उम्मीदवार की खोज में जुट गए हैं। सूत्रों का कहना है कि आरंभिक स्तर पर तीन-तीन नाम तय किए जाने हैं। पार्टी ने अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मंडल प्रभारी और मुख्य सेक्टर इंचार्ज डॉ. रणविजय सिंह एडवोकेट का कहना है कि संगठन की प्रमुख के निर्णय के आधार पर लोकसभा क्षेत्रवार उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया जाना है। इसके लिए क्षेत्रवार तीन-तीन दावेदारों का चयन किया जा रहा है। समीक्षा और रणनीति के आधार पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उम्मीदवारों का ऐलान करेंगी। चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने तक सेक्टरवार कैडर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## शहर में आज

- पूर्वांचलवासी परिवार की ओर से रामलीला मैदान लाइनपार यज्ञ के तहत आरती व समापन कार्यक्रम सुबह 9 :00 बजे
- लालबाग काली मंदिर में सायंकालीन आरती 6 :00 बजे

## एक नजर

### वृद्धाश्रम में मिलने वाली सुविधाओं की जांच की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम में बुधवार को पर्यवेक्षण समिति को लेकर उपनिदेशक समाज कल्याण एसके राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि वृद्धाश्रम में 150 के सापेक्ष 124 वृद्ध हैं। जिनसे आवासीय सुविधा, मनोरंजन, भोजन, नाश्ता, चिकित्सा सेवा, साफ-सफाई समेत कर्मचारियों के कार्य व्यवहार के बारे में जानकारी ली गई। इच्छुक वृद्ध जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक, असहाय, निराश्रित वृद्धजन वृद्धाश्रम में रहने के लिए मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम दूरभाष 0591-2480886 पर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी हरीशचंद्र आर्य, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### आज से 28 फरवरी तक बंटेगा निशुल्क खाद्यान्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर गुरुवार से 28 फरवरी तक इस महीने का निशुल्क खाद्यान्न व बाजरा वितरित किया जाएगा। इसमें अत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को योजना के अनुसार खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अन्त्योदय कार्ड धारकों को 9 किलो गेहूं, 21 किलोग्राम चावल और पांच किलोग्राम बाजरा निशुल्क वितरित किया जाएगा। जबकि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट के हिसाब से एक किलो गेहूं, 3 किलोग्राम चावल और एक किलोग्राम बाजरा कुल मिलाकर पांच किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता के साथ कोटेदारों को वितरण करने का निर्देश दिया है। ई- पॉश मशीन पर पंचिंग कराने के बाद ही वितरण होगा। दुकानें सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक खुलेंगी। इसमें किसी प्रकार की मनमानी और घटतौली आदि की शिकायत पर जांच कर शिकायत सही मिलने पर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# धनुपुरा गांव में बरात लेकर जा रहे दूल्हे को युवकों ने पीटा

संवाददाता, पाकबड़ा

▸▸ पीड़ित ने पाकबड़ा थाने में दी आरोपियों के खिलाफ तहरीर

**अमृत विचार :** बरात लेकर जा रहे दूल्हे के साथ घर से निकलने के बाद गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मारपीट में दूल्हे की शेरवानी फट गई। दूल्हा अपनी बरात को लेकर के थाने पहुंचा। थाने में तहरीर देने के बाद ही बरात आगे को बढ़ सकी। पुलिस ने भी तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव धनुपुरा निवासी आस मोहम्मद पुत्र अहमद जान बरात लेकर ठाकुरद्वारा रोड पर गांव जटपुरा जा रहे थे। लगभग सभी बाराती आगे निकल चुके थे। पीछे से दूल्हे की कार जा रही थी। जैसे ही गांव के बाहर की ओर निकले। दूल्हे ने बताया कि पास से गुजर रहे गांव के ही उस्मान एवं उसका छोटे भाई समेत तीन लोगों ने गाड़ी रुकवा कर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इन सभी लोगों ने बुरी तरह पीटा। मारपीट में दूल्हे की शेरवानी फट गई। गले में पड़े हुए नोटों के हार भी सब फट गए। मेरी सोने की अंगूठी भी टूट गई है। दूल्हे ने बताया कि इन लोगों से 7 साल पहले मेरा झगड़ा हुआ था। उस समय भी इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। उस समय गांव के संभ्रांत लोगों ने फैसला करा दिया था। बताया जा रहा है कि जैसे ही दूल्हा अपनी कार में बैठकर जा रहा था। तभी पास से गुजर रहे उस्मान व उसके छोटे भाई ने दूल्हे पर तंज कस दिया। दूल्हे ने विरोध किया तो उस्मान व उसके भाई ने साथियों के साथ मिलकर दूल्हे को पीट दिया। आरोप है कि दूल्हे की शेरवानी एवं नोटों के हार फट गए। जिसे लेकर दूल्हा थाने पहुंचा। जिसकी तहरीर थाने में दे दी गई है।

## मंडल मुख्यालय पर नौ कोच की ही है वाशिंग लाइन, सांसद बोले, मैंने तो मंत्री से भी की थी मुलाकात

# तकनीकी कारण है मुम्बई तक ट्रेन संचालन में बड़ी बाधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडल मुख्यालय से मुम्बई के लिए सीधी रेल सेवा की क्षेत्रीय सांसद की मेहनत का परिणाम अभी बाकी है। वैसे यह मांग पुरानी और बहुसंख्य यात्रियों के मन की बात है लेकिन, प्रबंधन में बिल्कुल चुप्पी है। मंडलीय अधिकारी इस सवाल पर कुछ खुलकर तो नहीं बोलते लेकिन, तकनीकी कारणों का हवाला देने से भी नहीं चूकते। ऐसे में यहां से बड़ी ट्रेनों का परिचालन संभव नहीं हो सकता है।

बुधवार को मुम्बई के लिए सीधी रेल सेवा की संभावना की जमीनी स्तर की पड़ताल में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। टीम ने रेलवे स्टेशन के वाशिंग लाइन का भौतिक सत्यापन किया और ट्रेन



वाशिंग लाइन में कोच की मरम्मत करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

परिचालन के नियम और संसाधनों की उपलब्धता को जानने का प्रयास किया। बातचीत में विभागीय सूत्र ट्रेन चलाए जाने के नियम और संसाधन को लेकर विस्तार से जानकारी देते हैं। यह बात स्पष्ट करते हैं कि मंडल के बरेली और हरिद्वार में मुख्य वाशिंग लाइन है। दोनों केंद्रों पर फुल ट्रेन (24 कोच) की सफाई और तकनीकी जांच के लिए ट्रैक और फाउंडेशन है।

मुरादाबाद वाशिंग लाइन की लंबाई कम है, यहां मात्र नौ कोच की गाड़ी की ही सफाई हो सकती है। मरम्मत और अन्य वजहों से यहां की लाइन छोटी है। सूत्रों की मानें तो यहां मात्र दो ट्रेनों के साथ दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) की नियमित सफाई और मरम्मत होती है। ट्रेन संख्या 04340/50 को यहां की टीम आन रूट तैयार करती है। यह गाड़ी मुरादाबाद- कालका (हिमांचल) रूट पर चलती है। इसके अलावा मंडल मुख्यालय से किसी ट्रेन का संचालन नहीं होता है। इसी वजह से लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी नहीं हो पा रही है।

रेलवे के जनसंपर्क विभाग के अभिषेक दीक्षित का कहना है कि मुम्बई के लिए सीधी ट्रेन का निर्णय मुख्यालय को करना है। मंडल पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है। वाशिंग लाइन के विस्तार की मांग भी पुरानी है। स्टेशन पर स्थान की कमी की वजह से यह परियोजना भी अधर में है। प्रबंधन के स्तर पर नई ट्रेन को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गयी है।



> मुंबई की ट्रेन सेवा के लिए लोक सभा में पांच बार बोल चुका हूं। पिछले सत्र में रेल मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिला और पत्र दिया था। दादर की ट्रेन को कोटद्वार तक ले जाने और तीन-चार ट्रेनों को लेकर सुझाव दे चुका हूं। मंत्री स्तर से आश्वासन मिल चुका है। विभाग ने औपचारिकता पूरी करने के बाद बोर्ड को इस संबंध में पत्र भेज दिया है। उम्मीद है कि जल्द इस काम में सफलता मिल जाये। मेरी बात सिद्धांतत: मान ली गयी है।
>
> -डा.एसटी हसन, सांसद

# हाईवे के अवैध कट बंद करें, लगाएं साइनबोर्ड

## प्रमुख सचिव ने दिए निर्देश, मंडल में 2022 की तुलना में 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में आई 0.31 प्रतिशत की कमी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रमुख सचिव परिवहन विभाग व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एल. वेंकटेश्वर लू ने कहा कि हाईवे के अवैध कट को बंद करें। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों पर साइनबोर्ड लगवाएं। बैठक में बताया गया कि मुरादाबाद मंडल में 2022 की तुलना में 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 0.31 प्रतिशत की कमी आई है।

प्रमुख सचिव परिवहन विभाग बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में सड़क सुरक्षा, जागरुकता और कर्मयोग के संबंध में समीक्षा बैठक ले रहे थे। संभागीय परिवहन अधिकारी ने प्रमुख सचिव को बताया कि मंडल में 2022 के सापेक्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 0.31 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि मृतकों की संख्या में मंडल में 2.83 प्रतिशत कमी हुई है। प्रमुख सचिव परिवहन ने कहा कि हमें उन पहलुओं पर काम करना है, जिससे परिवहन व्यवस्थाएं



सर्किट हाउस में बैठक करते प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू, साथ में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना आदि।

▸▸ प्रमुख सचिव ने सर्किट हाउस में सड़क सुरक्षा, जागरुकता के संबंध में की समीक्षा बैठक

और बेहतर हो सकें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि साइन बोर्ड को अच्छे से लगवाएं। हाईवे पर अवैध कट बंद कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा जागरुकता के बारे में स्कूलों, कॉलेजों और डिग्री कालेजों में विचार विमर्श, चिंतन सहित अन्य जागरुकता कार्यक्रम कराने पर जोर दिया।

प्रमुख सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लोगों में व्यावहारिक परिवर्तन लाने की जरूरत है। 1 अप्रैल 2023 से 31 जनवरी 2024 तक मंडल में ओवरलोड माल वाहनों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के तहत 1170.04 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया है। प्रमुख सचिव ने कहा कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा संबंधी अनुशासन पर भी विचार होना चाहिए। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रमुख सचिव के निर्देशों का पालन कराएंगे। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अंजूलता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, एसपी यातायात सुभाष गंगवार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार के अलावा एनएचएआई के परियोजना निदेशक एआरटीओ मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा के अलावा लोकनिर्माण विभाग के अभियंता आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख सचिव ने स्टेक होल्डर्स के साथ की बैठक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में कर्मयोग एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में स्टेक होल्डर्स विभागों के साथ संगोष्ठी टीएमयू सभागार में हुई। उन्होंने आध्यात्मिक चेतना का महत्व बताने के साथ ही विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन का महत्व बताया। परिवहन विभाग की ओर से एक माह से जारी जागरूकता कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया गया। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही नशे की आदत से दूर रहने का आह्वान किया। टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन ने विद्यार्थियों से जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझकर उसकी प्राप्ति करने तक अनुशासित जीवन जीने की बात कही। इस दौरान आरटीओ प्रशासन आरके सिंह, आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा आदि मौजूद रहे।

**इन्हें मिला सम्मान :** अपरिहार्य स्थिति में सड़क दुर्घटना के दौरान नैतिक कर्तव्य निभाकर दुर्घटनाग्रस्त लोगों की सहायता करने वालों के क्रम में महफूज, दिनेश कुमार और श्याम सिंह को सम्मानित किया गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अनुराधा सिंघल, टीएसआई दिनेश धामा, हेड कांस्टेबल- ट्रैफिक पुलिस जयवीर सिंह, पोरिश के अलावा रोडवेज बस चालक जामिद हुसैन, विजयपाल सिंह, रामवली, रोडवेज परिचालक- बृजेश कुमार, ब्रजप्रताप सिंह एवं मोहम्मद अतीक को सम्मानित किया गया।

# जिला अस्पताल को अभी तक नहीं मिली एमआरआई मशीन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**परेशानी**

▸▸ एक साल पहले तैयार हो गया था एमआरआई भवन, सुविधा अब तक नहीं हो पाई शुरू

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में एमआरआई भवन एक साल पहले बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन, अब तक मशीन का कुछ पता नहीं है। इस कारण गरीब मरीज एमआरआई जैसी महंगी जांच नहीं करा पाते है। जबकि प्रतिदिन महानगर के निजी अस्पतालों व सेंटरों में 80 से 100 मरीज एमआरआई कराने पहुंच रहे हैं।

एमआरआई जांच में पांच से सात हजार रुपये तक का खर्च आता है। जिसके कारण गरीब मरीज इतनी महंगी जांच का खर्च वहन नहीं कर पाते और रोग का कारण जाने बिना ही दवा खा रहे हैं। अगर जिला अस्पताल में यह मशीन लग जाए तो लोगों को निशुल्क सुविधा मिलेगी। सरकारी दरों पर महज 500 से 1000 रुपये में जांच हो सकेगी। मंडल स्तर के सरकारी अस्पताल में दूर दराज से बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा। लेकिन, यह सब कब तक होगा, इसका जवाब फिलहाल प्रस्ताव तक सीमित है।

दिसंबर में प्रदेश स्तर से उन मंडल मुख्यालयों की सूची जारी की गई थी, जहां एमआरआई मशीन लगनी है। जिसमें मुरादाबाद के जिला अस्पताल का नाम भी शामिल है। अभी तक एमआरआई मशीन नहीं लग सकी है। सिर्फ भवन बनकर तैयार हो गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि एमआरआई मशीन के लिए कई बार मुख्यालय को पत्र भी लिखा गया है। शासन स्तर पर मशीनों की खरीद चल रही है। उम्मीद है कि जल्द ही जिला अस्पताल को एमआरआई मशीन मिल जाएगी।



बुध बाजार में अतिक्रमण ध्वस्त होने के बाद सड़क पर पड़े मलबे से दुकानदार और राहगीर परेशान हो रहे हैं, लेकिन नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

## कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**मुरादाबाद/छजलैट, अमृत विचार :** बहन की शादी का कार्ड बांटकर घर लौट रहे भाई की हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत से शादी वाले घर में मातम छा गया।



छजलैट थाना क्षेत्र के गांव सीतापुर निवासी 25 वर्षीय राजेंद्र मजदूरी करता था। तीन दिन बाद 18 फरवरी को उसकी चचेरी बहन धन्नो की शादी होनी है। राजेंद्र मंगलवार को बहन की शादी के कार्ड बांटने गया था। बताया गया कि मंगलवार की रात कार्ड बांटकर वापस अपने घर लौट रहा था। इस बीच छजलैट थाना क्षेत्र में ही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेंद्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार अन्य हरि सिंह और मोहित घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जन्मदिन पार्टी में महिलाओं के साथ मारपीट में चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ सीसीटीवी फुटेज से घटना का सच जानने का प्रयास कर रही पुलिस

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेस्टोरेंट में जन्म दिन मनाने गए एक परिवार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में चार लोग समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के वेव ग्रीन निवासी शिवम विश्नोई ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की रात वह अपने साले का जन्म दिन मनाने एक रेस्टोरेंट में गए थे। उनके साथ परिवार के अन्य लोग और कुछ मित्र भी थे। यहां पहले से मौजूद आकाश ग्रीन निवासी अंशुल, नवीन नगर निवासी अमन, बिलारी निवासी दानिश और कटघर के डबल फाटक निवासी अरुण ने परिवार की महिलाओं के साथ अभद्रता कर दी। शिवम और उनके साले के विरोध करने आरोपियों ने रेस्टोरेंट स्टाफ के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। शिवम विश्नोई ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें और उनके साले को पीटा और धमकी देने लगे कि तुम दोनों को जिंदा नहीं छोड़ेगें। शिवम का आरोप है कि झगड़े के दौरान परिवार के तीन लोग अमन, शिवम और दिव्यांग त्यागी की सोने की चेन भी कहीं गिर गई हैं। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि फुटेज के जरिए घटना का सच जाने का प्रयास किया जा रहा है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## गार्ड की बंदूक से चली गोली, दुकानदार घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के लाजपत नगर स्थित बैंक में बुधवार की दोपहर सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक से अचानक गोली चल गई। गोली लगभग 50 मीटर की दूरी दुकान पर बैठे व्यापारी के पैर में जाकर लगी। इससे हड़कंप मच गया। थोड़ी ही देर में कटघर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल व्यापारी को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने गार्ड को हिरासत में लेकर बंदूक कब्जे में ली है।

गोली लगने से घायल अनिल कुमार रस्तोगी शहर कोतवाली के जीलाल मोहल्ले के रहने वाले हैं। उनकी लाजपतनगर में जनरल स्टोर की दुकान है। बताया गया कि बुधवार दोपहर अनिल अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी बीच गोली चलने की आवाज सुनाई दी। देखा तो पैर से खून निकल रहा है। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**बोर्ड परीक्षा** | सीबीएसई 10वीं, 12वीं की परीक्षाएं आज से, विशेषज्ञ बोले- पहले प्रश्नपत्र का सरल भाग करें हल

# मन को शांत रख समय प्रबंधन के साथ परीक्षा दें छात्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो जाएंगी। हालांकि अभी 19 फरवरी तक चुनिंदा विषय की परीक्षाएं ही आयोजित होगी।



विशेषज्ञों का कहना है कि परीक्षा में छात्र-छात्राएं सबसे पहले सरल भाग हल करें। एक प्रश्न हल करने में अधिक समय न लगाएं। अपने काम पर फोकस करते हुए आगे बढ़े।

दिमाग को दुरुस्त रखने के लिए पौष्टिक आहार और रात को पूरी नींद लें। अभिभावकों से कहा कि बच्चों पर बोर्ड परीक्षा को लेकर दबाव न बनाएं। अपनी उम्मीदों का बोझ बच्चों पर न डालें। राजेंद्र एकेडमी के शिक्षक रमेश कुमार सैनी ने बताया कि सीबीएसई में गुरुवार को 10वीं की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक पेंटिंग और सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक अन्य विषय की परीक्षा होगी।

वहीं 12वीं में सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एंटरप्रेन्योरशिप और कोकबोरक की परीक्षा चलेंगी। जबकि 10.30 बजे से 12.30 तक कैपिटल मार्केट ऑपरेशन और फिजिकल एक्टिविटी की परीक्षा का आयोजन होगा।

### इस तरह से दूर करें बोर्ड परीक्षा का तनाव

- अपनी तैयारी पर ध्यान दें, बोर्ड परीक्षाओं के लिए अच्छी तैयारी करना तनाव को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है। अपनी तैयारी के लिए एक रणनीति बनाएं और उसे कड़ाई से पालन करें।
- समय प्रबंधन करें, बोर्ड परीक्षाओं के लिए पर्याप्त समय निकालना जरूरी हो सकता है। अपने समय का प्रबंधन करने के लिए एक शेड्यूल बनाएं और उसका पालन करें।
- बोर्ड परीक्षाओं के दौरान स्वस्थ रहना जरूरी है। भरपूर नींद लें, स्वस्थ आहार खाएं, और नियमित व्यायाम करें।
- तनाव से निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजें, जैसे कि ध्यान लगाने के लिए योग या कुछ समय के लिए संगीत सुनना।
- अगर आप तनावग्रस्त महसूस कर रहे हैं तो अपने माता-पिता या दोस्तों से बात करें। वे आपको समर्थन के साथ-साथ मार्गदर्शन भी कर सकते हैं।

### घबराएं नहीं, आत्मविश्वास के साथ दें परीक्षा

बोर्ड परीक्षा से घबराए नहीं और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। प्रश्नपत्र में जो प्रश्न सरल हैं उन्हें पहले हल करें। इसके अलावा परीक्षा में व्हाट्सएप के मैसेज वाली शॉर्ट लैंग्वेज का उपयोग उत्तर लिखते समय न करें।

### गायत्री मंत्र बच्चों को ऊर्जा देगा

बच्चों को धर्म और ग्रंथों का ज्ञान होना जरूरी है। सुबह-शाम गायत्री मंत्र पढ़ना चाहिए। इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इससे बच्चों का विश्वास और स्वाभिमान मजबूत होगा।

### एक के बाद दूसरे पेपर की तैयारी का मौका दें अभिभावक

बच्चा जो पेपर देकर आता है अभिभावक उस पेपर के बारे में बच्चे से पूछते हैं। बच्चे का पेपर अच्छा नहीं होता है तो उसको डांटते हैं। इससे बच्चे में तनाव बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चा अगले पेपर की तैयारी नहीं कर पाता है। इसलिए अभिभावक इस बात का ध्यान रखें। साथ ही परीक्षा के समय बच्चों को पूरी नींद लेना जरूरी है। इसके लिए रात 11 बजे तक सो जाएं और सुबह पांच बजे उठकर पढ़ाई करें। बच्चे को हल्का और सुपाच्य भोजन करवाएं।

## एडी बेसिक से मिलीं संघ की जिलाध्यक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष डॉ. ऋतु त्यागी के साथ ही पदाधिकारियों ने एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह से मुलाकात की। इसके अलावा बीएसए अजीत कुमार से भी शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्हें विभागीय कार्यों में महिला संघ के कार्यों व उनके प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने निर्वाचन कार्यों से गर्भवती महिलाओं व उन शिक्षकों की ड्यूटी न लगाने का अनुरोध किया, जिनके बच्चे काफी छोटे हैं। शिक्षिकाओं की अन्य समस्याएं भी उन्होंने रखीं। इस दौरान हेमा तिवारी, पूनम सक्सेना, आकांक्षा यादव, वर्षा चौधरी, नीति गोयल, राजबाला दीक्षित, अभिलाषा, पुष्पा यादव, अलका वर्मा, श्वेता विश्वकर्मा, ज्योति गोस्वामी, ऊषा रवि, लक्ष्मी रानी, प्रीति वर्मा, शाजिया, लता यादव, सुमन, कंचन, निधि, रेखा यादव आदि मौजूद रहीं।

# साहूकार ने कनपटी से सटाकर मारी थी गोली, हो गई आर-पार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ गोली सिर की हड्डियों को छलनी करती हुई आर-पार निकल गई

**अमृत विचार :** मंगलवार की देर रात साहूकार ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। बुधवार को दोपहर लगभग दो घंटे तक चले पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक ने गहराई से गोली लगने के बारे में जानकारी दी। जो रिपोर्ट आई वह चौंकाने वाली थी। साहूकार अमित शर्मा ने कनपटी पर सटाकर गोली मारी थी। गोली सिर की हड्डियों को तोड़ती हुई आर-पार निकल गई। इससे साहूकार का दिमाग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### कुछ समय पहले ही बनवाया था लाइसेंस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पिस्टल से खुद को गोली मारने वाले साहूकार अमित शर्मा ने कुछ समय पहले ही लाइसेंस बनाया था। लाइसेंस बनने के बाद उसने पिस्टल खरीदी थी। उसी पिस्टल से अमित शर्मा ने मंगलवार देर रात खुद को गोली मार ली। लेकिन अमित शर्मा ने आत्महत्या क्यों की है। इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

### प्रॉपर्टी डीलर का काम भी करता था अमित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के गाड़ी खान निवासी 50 वर्षीय अमित शर्मा साहूकार थे, लेकिन उन्होंने साइड में प्रॉपर्टी डीलर का भी काम कर रखा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## एक नजर

### वसंत पंचमी पर हर ओर गूंजती रही शहनाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वसंत पंचमी पर बुधवार को खूब शहनाइयां गूंजी। यह सिलसिला भी सुबह से ही शुरू हो गया। मान्यता है कि अबूझ मुहूर्त में उन युवक-युवतियों का भी विवाह हो जाता है जिनकी तिथि नहीं निकल रही होती है। इसीलिए बुधवार सुबह से ही शादियां आरंभ हो गईं। इसका कारण यह भी बताया गया कि कुछ बैंक्वेट हॉल में एक दिन में कई विवाह पार्टी रहीं। इसके अलावा बैंड भी सायं दो से तीन शिफ्टों में बुक थे। इस कारण कई लोगों ने दिन में भी विवाह किए।

### नगर में लाइब्रेरी बनाने को ज्ञापन सौंपा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला बाईपास निवासी युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दानिश सैफी ने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर नगर में लाइब्रेरी बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया है कि नगर में कुछ ऐसे परिवार भी हैं जिनके पास अपने बच्चों को किताबें दिलाने के भी पैसे नहीं हैं। ऐसे में अगर नगर में लाइब्रेरी बनवाई जाए तो गरीब परिवार के बच्चे भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर बलभद्र में वार्षिकोत्सव का आयोजन गया। कार्यक्रम की शुरुआत सचिन शुक्ला ने दीप प्रज्जवलित कर की। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर एसआरजी सचिन शुक्ला को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अवधेश कुमार, नितिन, नवनीत, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### भंडारा कर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ कमाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सर्वोदय विकास समिति की ओर से बुधवार को श्री सार्वजनीन दुर्गा पूजा विधिविधान से की गई। पूजा के बाद माता रानी के भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूजा में भाजपा मंडल महामंत्री डॉ. तुषार विश्वास, समिति के अध्यक्ष डॉ. एके विश्वास, महासचिव डॉ. पीके विश्वास, उपाध्यक्ष दिवाकर विश्वास, कोषाध्यक्ष सहदेव मंडल, वरिष्ठ सदस्य सुपती विश्वास, पुरोहित शर्बाशीष भट्टाचार्य, राम कर्मकार, प्रदीप विश्वास मोरा, शुब्रोतो विश्वास, प्रदीप विश्वास, प्रकाश विश्वास सिरकोई, सुकांतो विश्वास, रोबिन सिंह, परितोष मंडल, प्रताप विश्वास, प्रदीप विश्वास मलिक आदि मौजूद रहें।

### किसान नेताओं को डीएम से मिलने से पुलिस ने रोका

**स्वार, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के नेताओं को पुलिस ने दूसरे दिन भी नजरबंद रखा। उन्हें जिलाधिकारी से भी मिलने नहीं जाने दिया। किसान नेताओं गुरुवार को जिलाधिकारी से मिलने की बात कही है। नगर के मोहल्ला रसूलपुर स्थित भाकियू तोमर के जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल व गांव इमरता निवासी भाकियू तोमर के जिला सचिव अरशद अली आजाद के आवास पर पुलिस मौजूद रही। उनसे वार्ता कर बुधवार को दूसरे दिन भी किसान नेताओं को घर में नजरबंद रखा। इसके चलते किसान नेता दूसरे दिन भी आंदोलन मे शामिल नहीं हो सके।

## कार सवार हमलावरों ने ट्रक पर किया फायर, हड़कंप

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-चंदौसी नेशनल हाईवे पर अज्ञात कार सवार हमलावरों ने ट्रक ड्राइवर पर फायर किया। जो शीशे के पार निकल गई। ट्रक ड्राइवर और उसके साथी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने जांच और सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

थाना क्षेत्र के ग्राम गदीपुरा निवासी ट्रक स्वामी मोहम्मद हसन ने बताया कि वह और उसका साथी शहरुल मंगलवार की देर शाम अपने ट्रक में आरटीओ ऑफिस से गांव गदीपुरा आ रहे थे। ट्रक शहरुल चल रहा था। साथ में परिचालक मोगीस अहमद भी था। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह लोग हाईवे स्थित हुसैनपुर और गांव मिलक सीकरी के बीच पहुंचे तो कार सवार चार-पांच हमलावरों ने पीछा कर आगे निकलते हुए सीधा फायर किया। जिसकी गोली शीशे को पाकर कर गई। ट्रक में बैठे लोगों ने नीचे झुककर जान बचाई। इस दौरान कार सवार हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। ट्रक स्वामी ने बताया कि ट्रक के अंदर धसी गोली पुलिस ने बरामद कर ली है। उपनिरीक्षक यशवीर मलिक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।



ट्रक के शीशे के अंदर घुसी हुई गोली।

## 929 परीक्षार्थियों ने छोड़ी मदरसा बोर्ड की परीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सेकेंडरी मुंशी, मौलवी, सीनियर सेकेंडरी आलिम, कामिल, फाजिल की परीक्षाएं जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही हैं। जिसमें कुल 4,444 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए थे। जिसमें दोनों पालियों में 929 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सचल दल, केंद्र व्यवस्थापक आदि की व्यवस्था की गई है। अराजकता पर नियंत्रण के लिए प्रत्येक केंद्र पर सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि बुधवार को कुंदरकी स्थित एवरग्रीन इंटर कॉलेज में निरीक्ष ण किया। जहां 366 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 286 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए। इसके अलावा अन्य केंद्रों पर भी परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए हैं।

### दोपहर बाद की सभी ट्रेनें समय से पहुंचीं, दिल्ली जाने वाली इंटरसिटी विलंब से आई

## लंबी दूरी की ट्रेनों की भीड़ ने बढ़ा दी समस्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बदलते मौसम और शादी-ब्याह के दौर ने ट्रेनों में भीड़ बढ़ा दी है। यूपी बोर्ड की परीक्षा और पुलिस भर्ती के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ बढ़ गयी है। बुधवार को यहां से दिल्ली की की ओर जाने वाली ट्रेनों में भीड़ रही। सुबह बरेली से चलने वाली इंटरसिटी की प्रतीक्षा में पांच घंटे से बैठे लोगों ने दिल्ली दिशा की ओर जाने वाली हर ट्रेन में घुसने का प्रयास किया।

उधर, दोपहर तक उपासना, कुंभ, गरीब रथ की देरी से आने के लिए सूचित रही जबकि, काठगोदाम और रामनगर मेल को लिंक करके दिल्ली के लिए चलाई जाने वाली उत्तरांचल संपर्क क्रांति के इंतजार में भारी संख्या में यात्री स्टेशन पर जमे रहे। यह गाड़ी दो दिन निरस्त रहने के बाद चल रही है। सूत्रों का कहना है कि लखनऊ मंडल के कई स्टेशनों पर रेल पटरी मरम्मत और विस्तार कार्य चल रहा है, इसलिए कुछ ट्रेनें निरस्त हैं।

सूत्रों का कहना है कि इस वजह से भी रूटीन की अन्य ट्रेनों में भीड़ हो रही है। जबकि, दोपहर बाद लंबी दूरी की ट्रेनों का समय रिकार्ड अच्छा रहा। सरयू-यमुना एक्सप्रेस, पंजाब मेल, जनसाधारण एक्सप्रेस, डाउन दिशा की इंटरसिटी एक्सप्रेस, लालकुआं, चंदौसी और बरेली स्पेशल, सियालदह एक्सप्रेस, आलाहजरत एक्सप्रेस, लिंक, सद्भावना, राज्यरानी और न्यू जलपाईगुड़ी क्लोन एक्सप्रेस निर्धारित समय से पहुंची और रवाना हुई।

स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि मंडल में ट्रेनों की समयबद्धता का रिकार्ड दुरुस्त हो रही है। ब्लॉक और अन्य विभागीय कारण से कुछ ट्रेनें प्रभावित भी हैं। उम्मीद है कि मौसम साफ होते ही ट्रेनों को समय से चलाया जा सकेगा। ट्रेनों के विलंब को लेकर यात्रियों को सूचनाएं दी जा रही है। स्टेशन पर डिजिटल स्क्रीन, ध्वनि विस्तारक यंत्र सेवा है। यात्री ऑनलाइन भी ट्रेनों की स्थिति की जानकारी कर लेते हैं।


बिहार जाने वाली ट्रेन में बैठने के लिए जाते यात्री। ● अमृत विचार

## 31 बीघा जमीन पर किए अवैध निर्माण को एमडीए की टीम ने ध्वस्त किया

### प्राधिकरण की टीम ने इस्लाम नगर, सैदपुर खाद में की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को इस्लाम नगर, सैदपुर खाद में 31 बीघा जमीन पर अवैध तरीके से भूखंड निकाल कर कराए गए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। टीम ने दोबारा अवैध निर्माण न करने की चेतावनी दी।

प्राधिकरण के सहायक अभियंता केएन जगूड़ी के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने अवैध तरीके से भू-विभाजन कर इस्लाम नगर काशीपुर बाईपास रोड पर मुन्नू द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि में कराए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। मामले में उत्तर प्रदेश नगर नियोजन अधिनियम के अन्तर्गत वाद में ध्वस्तीकरण आदेश पारित था जिसका अनुपालन कराया। वहीं टीम ने लगभग 16 बीघा भूमि और 200 मीटर लंबाई में बनाई गई एप्रोच सड़क मार्ग को भी आदेश के क्रम में ध्वस्त करा दिया। टीम ने इसके अलावा सिविल लाइंस थाने के अन्तर्गत सैदपुर खादर काशीपुर बाईपास रोड पर लगभग 5 बीघा भूमि में किए गए प्लाटिंग को भी ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई में प्राधिकरण के अवर अभियंता मुकेश सक्सेना, आरपी यादव और प्रवर्तन टीम के कर्मचारियों के साथ भोजपुर, ठाकुरद्वारा, डिलारी व थाना भगतपुर की पुलिस बल और पीएसी के जवान उपस्थित रहे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने जन सामान्य से अपील की कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई निर्माण कार्य न करें। ऐसा मिलने पर कभी भी ध्वस्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर अनियोजित रूप से अवैध प्लाटिंग की गई है। ऐसे भूखंड अवैध हैं और इन पर किए गए निर्माण को अवैध माना जाएगा। प्राधिकरण कभी भी ऐसे निर्माणों को चिह्नित कर ध्वस्त कर सकता है जिसकी जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की होगी। इसलिए कोई भी भवन और भूखंड खरीदने से पहले उसके वैधता की जानकारी प्राधिकरण कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लें।


अवैध निर्माण तोड़ती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

**अभियान**
- कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद रहा पुलिस बल
- दोबारा अतिक्रमण पर दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

## पीपल गांव के जंगल में फंदे में फंसा तेंदुआ

**भगतपुर, अमृत विचारः** भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव बुढ़ानपुर और पीपल गांव के बीच बीते सप्ताह ग्रामीणों ने जंगल में गेहूं के खेत में एक तेंदुआ देखा था। दहशत के कारण ग्रामीण अपने खेतों पर कार्य करने भी नहीं जा रहे थे। वन विभाग की टीम ने भी बहुत कोशिश की परंतु कहीं भी तेंदुआ दिखाई नहीं दिया।

बुधवार को पीपल गांव के समीप जंगल में किसी अज्ञात शिकारी द्वारा फंदों का जाल बिछाया गया। जैसे ही तेंदुआ उसके पास से निकला तभी उसका पैर फंदे में फंस गया और वह दहाड़े मारने लगा। आसपास खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने जाकर देखा तो तेंदुआ फंदे में फंसा पड़ा था और दर्द से कराह रहा था। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। बाद में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। देर रात तक खबर लिखे जाने तक यूपी और उत्तराखंड दोनों राज्यों की वन विभाग की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही थी।


फ्लैग मार्च निकालते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## डिप्टी एसपी ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- कोतवाली का निरीक्षण कर जांचे अभिलेख

**अमृत विचार :** नगर में शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर डिप्टी एसपी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ मुख्य मार्गों से पैदल फ्लैग मार्च निकाला।

बुधवार को डिप्टी एसपी राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में नगर में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने की दृष्टिगत से कोतवाली चौराहा, बुधबाजार, पुरानी घास मंडी, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील। फ्लैग मार्च में कोतवाली प्रभारी किरनपाल सिंह, नगर वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक उज्ज्वल राणा, उपनिरीक्षक संदीप वालिया, उपनिरीक्षक आसिम मिया सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। वहीं डिप्टी एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों को चेक किया और आवश्यक निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांधा समा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को वसंत पंचमी पर्व पर नरेंद्र भूषण स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, लघु हास्य नाटिकाएं, कव्वाली आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि जीशान पाशा एडवोकेट प्रबंधक बीएचपी इंटर कॉलेज बिलारी ने कहा कि हमें स्कूल के प्रत्येक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए इससे हमारी प्रतिभा निखरती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रवीन भूषण अग्रवाल, शाहनवाज इलियास, डॉ. मुजफ्फर हुसैन नादिर, यासीन पठान, विपुल जैन, आजादार अली, शाहरूख अंसारी, हर्षित अग्रवाल, हसन अरफी आदि रहे। वहीं स्कूल के प्रबंधक देवेश भूषण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मथुरा और हापुड़ के बदमाशों को साढ़े चार साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोर्ट ने पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** कोर्ट ने जनपद मथुरा, हापुड़ व बुलंदशहर के पांच शातिर बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर) एडीजे पांच ने हर दोषी को साढ़े चार साल की सजा व पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पाकबड़ा थाना पुलिस ने 14 साल पहले गैर जिलों के शातिरों के खिलाफ उनके आपराधिक मामलों को देखते हुए गैंगस्टर में निरुद्ध किया था।

थाना पाकबड़ा पुलिस ने राहगीरों से लूटपाट व धन के लिए डराने धमकाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने 2009 में बुलंदशहर के खुर्जा निवासी नागेन्द्र उर्फ विनोद, हापुड़ का संदीप व कुलदीप, मथुरा के बाजना का विजय व बुलंदशहर के नरसेना के सोनू के खिलाफ आपराधिक कृत्य को देखते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले की जांच मझोला थाने के एसआई जसपाल सिंह ने की। तीन जून 2011 को सभी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था। विशेष लोक अभियोजक राजीव कुमार त्यागी ने बताया कि कोर्ट में पुलिस की ओर से साक्ष्य व अन्य गवाह पेश हुए। बुधवार को कोर्ट ने सभी को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को चार साल छह महीने की सजा सुनाई और सभी पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## रास्ते में गंदे पानी को लेकर लोगों में आक्रोश

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत इमरतपुर फखरुद्दीन में गांव के मुख्य मार्ग पर निकासी न होने से गंदा पानी भरा है। अंतिम संस्कार के लिए जाते समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बुधवार को नेपाल सिंह की माता का स्वर्गवास हो गया था और श्मशान तक जाने वाले रास्ते पर गांव के नालों का गंदा पानी भरा हुआ था। जिससे होकर लोगों को गुजरना पड़ा। ग्रामीण ओमपाल सिंह, विशाल कुमार, रोहित कुमार, दयाराम सिंह, भोपाल सिंह, वीरपाल सिंह, हेमराज सिंह, दीवान सिंह, राजेश, सत्यपाल, जयप्रकाश, मोनू, ओमवीर सिंह आदि ने समस्या के समाधान की मांग की है। इस बारे में ग्राम प्रधान दिलशाद हुसैन ने बताया कि गांव का पानी निकलने का रास्ता नहीं होने के चलते यह समस्या उत्पन्न हुई है। इस संबंध में एसडीएम बिलारी को भी जानकारी दी ,मगर समाधान नहीं हुआ।


लोगों को जानकारी देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## अभियान में लोगों को बताई सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान के तहत घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। सिविल लाइंस क्षेत्र के कांठ रोड पर स्थित अभिनव गुप्ता के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पुस्तकें बांटने के साथ-साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथों पर ज्यादा से ज्यादा वोटिंग कराने की बात कही। पूर्व चेयरमैन अभिनव गुप्ता ने बताया कि गांव चलो अभियान जिलाध्यक्ष आकाश पाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इसमें कार्यकर्ता क्षेत्र में गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं।

## बेटी की डोली से पहले उठी पिता की अर्थी

**रामपुर, अमृत विचारः** बुधवार को बेटी की डोली उठने से पहले पिता की अर्थी उठ गई। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव धनोरा निवासी प्यारे लाल मौर्य ने अपनी बेटी ममता की शादी धनोरा निवासी एक युवक से तय कर दी थी। दोपहर को बरात आने के बाद दुल्हन पक्ष के लोग विदा की तैयारी कर रहे थे। अचानक से पिता की तबियत खराब हो गई, जहां उसकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बरात की खुशियां मातम में बदल गईं। हालांकि परिजन कुछ भी बोल नहीं पा रहे हैं। हालांकि, को बेटी के विदा होने के बाद पिता की अर्थी उठी। इस दौरान परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम तक घर लोगों की भीड़ जुटी रही। जिससे घर में कोहराम मच गया।


भाजपा की सदस्यता लेने वाले सभासद व अन्य। ● अमृत विचार

## 11 सभासदों ने ली भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचारः** कांठ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी गोपाल अंजान व भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने नगर पंचायत अगवानपुर के 11 सभासदों का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अंशुल गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत अगवानपुर के 11 सभासद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं। इस दौरान जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, चकित चौधरी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण पंडित, जिला पंचायत सदस्य विनोद सैनी, इमरान सेफी, मो. समी, शमीम मुंशी आदि मौजूद रहे।

## लक्ष्य निर्धारित कर उसका पीछा करें विद्यार्थीः सांसद

**रामपुर, अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि प्रत्येक छात्र का एक निर्धारित लक्ष्य होना बहुत जरूरी है। उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत और लगन उससे भी ज्यादा जरूरी है।

राजकीय रजा इंटर कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाओं में अध्यनरत छात्रों की सुविधा के लिए सांसद निधि से तैयार कराए गए स्मार्ट क्लास का फीता काटकर सांसद ने आगाज किया। इस मौके पर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि बच्चे अपने लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा रखें। इस दौरान सीडीओ डॉ. नंद किशोर कलाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे।


अतिक्रमण हटाती पालिका की टीम। ● अमृत विचार

## नगर पालिका टीम ने नगर में हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के होलिका मंदिर रोड पर किये गये अतिक्रमण को पालिका की टीम ने जेसीबी की मदद से हटाया। बुधवार को पालिका की टीम ने अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के नेतृत्व में होलिका मन्दिर पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए सड़क पर किए गये अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटवाया। अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य का कहना है कि लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिस कारण साफ-सफाई ठीक से नहीं हो पाती है। बरसात में जलभराव जैसी समस्या उतपन्न हो जाती है। इसलिए अतिक्रमण हटाया गया है।

## मुठभेड़ में पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश ओमकार को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ लिया। गोली लगने से बदमाश घायल हुआ है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया, पुलिस को सूचना मिली कि 25 हजार का इनामी बदमाश राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज के कच्चे रोड से होकर गुजर रहा है। तभी पुलिस टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी। इस दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। इसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग की तो गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसे पास से तमंचा, दो कारतूस और बाइक मिली है। बदमाश ओमकार पुत्र नत्थू निवासी मंगूपुरा थाना बिलारी जिला मुरादाबाद का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में ओमकार ने बताया कि वह कई वर्षों से अपराधों को अंजाम दे रहा है। उस पर मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बदायूं में मारपीट, लूटपाट के 21 मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस काफी समय से उसकी तलाश रही थी। अधिकारियों ने कुछ समय पहले ही इस पर इनाम घोषित किया गया था।


घायल बदमाश ओमकार को ले जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- आश्रम पद्धति रोड पर हुआ आमना-सामना

## एक नजर

### विधि-विधान से मनाया वसंत पंचमी का पर्व

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में विधि विधान से वसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा कर उनसे ज्ञान, बुद्धि एवं विद्या का आशीर्वाद मांगा। विद्वानों के अनुसार वसंत पंचमी पर देवी सरस्वती की पूजा की जाती है, जो ज्ञान, संगीत और शिक्षा की देवी हैं। साथ ही इसी दिन से वसंत ऋतु की शुरुआत होती है। तहसील कांठ क्षेत्र में भी धूमधाम से वसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान नागरिकों ने पीले वस्त्र धारण कर घरों में पूजा अर्चना कर मां सरस्वती की पूजा की। मान्यता है कि इस दिन से होली का भी आगाज हो जाता है। क्षेत्र में जहां-जहां पर भी होलिका दहन किया जाता है, उन स्थानों पर नागरिकों ने उपले आदि रखकर पूजन किया।

### दिल्ली जा रहे भाकियू कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ क्षेत्र के किसान दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे, जिनको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। किसान यूनियन असली के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में किसान आंदोलन में जाने के लिए ग्राम पंचायत जेबड़ा में इकट्ठा हुए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पाकबड़ा पुलिस ने किसानों को गिरफ्तार कर लिया। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि अगर किसानों की मांगे पूरी नहीं की गई तो हम आंदोलन जारी रखेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी नीरज उर्फ डब्बू सिंह, योगेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, अंतराम सिंह, देशराज सिंह, प्रीतम पाल ,अमित कुमार, संदीप आदि थे।

### सगे भाइयों में संघर्ष महिला समेत छह घायल

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव कांकड़खेड़ा में सगे भाइयों में संघर्ष होने से अफरा-तफरी मच गई। गांव निवासी सजाउद्दीन के बेटे आपस में बंटवारा कर रहे थे। इसी बीच दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से प्रहार करने लगे। जिसमें कई लोग घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बीच बचाव किया। झगड़े में अफसाना, शमीम, जाने आलम, नईम, नाजिम, सजाउद्दीन और सना गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कर प्राथमिक की दर्ज कर ली।

# ज्ञान की देवी की पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

## वसंत पंचमी पर जगह-जगह हवन कर मां सरस्वती का किया पूजन, मांगी खुशहाली

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर व देहात क्षेत्र में जगह-जगह वसंत पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा हवन किए गए। हवन में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि विधान से पूर्ण आहुति देकर देश व घर परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की गई।

बुधवार को नगर के रमावाला रोड स्थित प्रज्ञा पीठ पर विधि विधान से वसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान की देवी सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया। आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इसी दौरान ओमप्रकाश सिंह, अरविंद राणा, रुद्रदत्त शर्मा, बृजनंदन, ब्रज किशोर, वेद प्रकाश सिंह, सुमन देवी, कमला देवी, विमला देवी, आशा रानी, आभा देवी आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर में मा सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद हवन का आयोजन किया गया जिसमें पूर्ण आहुति देकर श्रद्धालुओं ने घर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। कार्यक्रम में पं. अनुज शर्मा, राजेंद्र पांडे, सोराश, टिल्लू, सीमा, अनिता आदि ने भाग लिया। वही जसपुर रोड स्थित फैजुल्लागंज रखोखरा ताल शिव मन्दिर पर भी सरस्वती देवी की पूजा अर्चना के बाद हवन किया और प्रसाद का वितरण किया गया।


ठाकुरद्वारा के रमावला रोड स्थित प्रज्ञा पीठ पर हवन में आहुति देते श्रद्धालु।


बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



बिलारी के एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य।

## बच्चों ने वसंत उत्सव मनाया

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** स्टेशन रोड स्थित एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सरस्वती पूजन एवं वसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बुधवार को विद्यालय में सरस्वती पूजन एवं वसंत उत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य गौरव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य ने बताया कि मां सरस्वती विद्या एवं ज्ञान की देवी हैं। वहीं वसंत ऋतुओं का राजा है। इस समय प्रकृति में ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान विशाल वर्मा, विनय ठाकुर, विजय सिंह, रचना दयाल, प्रीति रानी, कशिश, अर्चना शर्मा, ऋतु शुक्ला, सोनम चौधरी, अनाहिता अग्रवाल आदि ने विचार व्यक्त किये।

# यज्ञ में आहुति देकर की सुख-समृद्धि की कामना


महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में हवन में आहुति देते शिक्षक। ● अमृत विचार


वसंत पंचमी का पर्व मनाते शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** नगर के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में वसंत पंचमी पर यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें लोक कल्याण के निमित्त आहुतियां डाली गईं। मुख्य यजमान विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने राष्ट्र की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर विद्वानों ने बताया कि यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ वातावरण को शुद्ध करता है एवं हमारे मस्तिष्क में सकारात्मक विचारों का संचार करता है। इस दौरान अखिलेश कुमार विश्नोई, अतवीर सिंह त्यागी, निशिकांत पाठक, गजेंद्र प्रताप सिंह राणा, जितेंद्र कुमार, भानु प्रताप बिश्नोई, ओम प्रकाश सिंह, सुंदर सिंह, सौरभ अग्रवाल, पंकज कुमार, योगेंद्र सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### सेंट पॉल में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कांठ, अमृत विचार :** सेंट पॉल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वसंत पंचमी पर्व मनाया गया। बुधवार को विद्यालय में निबंध लेखन, सुलेख लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य सतेंद्र चौधरी ने वसंत पंचमी का महत्व बताया। स्कूल के चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्र में ममता विश्नोई, अनवर हुसैन, फरहान हबीब, अमन, गजाला हबीब, विकास यादव, सौरभ चौहान, संजय सिंह, आमिल सैफी, दीपिका विश्नोई, मीनू, आभा विश्नोई, अभिषेक, ओम प्रकाश, गौरीशा, गरिमा, मुस्कान, वलिया, सारिका, काजल त्यागी, शिवानी विश्नोई, शुभम कुमार आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन राजा का सहसपुर और जरगांव के मध्य एक साइकिल सवार युवक पैसेंजर गाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार की सवेरे 8 :45 बजे राजा का सहसपुर और जरगांव स्टेशन के मध्य साइकिल सवार युवक पटरी पार कर रहा था। इसी बीच वह पैसेंजर गाड़ी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मौके पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस पहुंची। शव की पहचान 35 वर्षीय मोहम्मद इस्लाम मलिक पुत्र शफी निवासी ग्राम सतारन थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई।

### झगड़ा करते दो गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव सुल्तानपुर खादर निवासी प्रेम और संजय में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसमें जमकर लाठी-डंडे चले। सूचना पाकर पहुंची थाना डिलारी पुलिस ने शांति भंग की आशंका में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रजिस्टर चेक करतीं एसडीएम मणी अरोड़ा।

## एसडीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसडीएम मणी अरोड़ा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी की व्यवस्थाएं देखी और स्टॉक रजिस्टर आदि चेक किया।

बुधवार को एसडीएम मणी अरोड़ा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर ओपीडी चेक की। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टॉक रजिस्टर चेक किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा, फार्मासिस्ट धनंजय, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा में 126 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

▸▸ दूसरे दिन छुट्टी को लेकर असमंजस में रहे परीक्षार्थी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** नगर के एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में चल रही मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में दूसरे दिन दोनों पालियां में 126 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। जबकि पहले दिन दोनों फलियां में 103 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे थे।

गैर हाजिर रहे परीक्षार्थियों ने बताया कि पहले जो स्कीम बोर्ड द्वारा जारी की गई थी उसमें 14 फरवरी की छुट्टी दिखाई गई थी जबकि दूसरी स्कीम जोकी बोर्ड द्वारा दोबारा जारी की गई थी उसे देख नहीं पाए जिसमें 14 फरवरी की छुट्टी नहीं थी। इसी के चलते दूसरे पेपर की परीक्षा छूट गई। जिससे परीक्षार्थी काफी मायूस दिखे। परीक्षा प्रभारी नजबुल हसन और केंद्र व्यवस्थापक शबाना ने बताया कि एवरग्रीन इंटर कॉलेज में कुंदरकी के 9 और बिलारी के दो कुल मिलाकर 11 मदरसों के प्रथम पाली में सेकेंडरी अरबी और फारसी के 366 और दूसरी पाली में सीनियर सेकेंडरी आलिम और कामिल फर्स्ट सेकंड और थर्ड के 270 कुल मिलाकर 636 परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग के अध्यापकों की ड्यूटी लगाकर नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा के दौरान मुख्य रूप से केन्द्र व्यवस्थापक शबाना, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक मुफ्ती नईम अहमद, स्टार्टिंग मजिस्ट्रेट इसरार अहमद, शिक्षक शाहनवाज हैदर, पुष्पेंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, महफूज अली, अमित रंजन, भावना चौधरी, स्वामी यादव, जयश्री, राजदा आदि उपस्थित रहे।


मदरसा बोर्ड की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

राजनीति | ग्राम प्रधानों व सभासदों ने समर्थकों समेत भाजपा का दामन थामा

# बिना भेदभाव काम कर रही सरकार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ग्राम रामूवाला में भारतीय जनता पार्टी के ठाकुरद्वारा विधानसभा स्तर पर भाजपा मिलन समारोह का आयोजन एक बैंक्वेट हॉल में किया गया। जिसमें 60 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

बुधवार को भाजपा मिलन समारोह में दूसरी पार्टियों से आए ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान, नगर पालिका के सभासद व पूर्व सभासदों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने बताया कि भाजपा की केंद्र व राज्य की सरकार बिना भेदभाव काम कर रही है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ठाकुरद्वारा विधानसभा के के चारों मंडलों के अध्यक्ष द्वारा लगभग 60 व्यक्तियों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इनमें नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के वसीम सैफी तथा सलीम सैफी व पूर्व सभासद, वर्तमान व पूर्व ग्राम प्रधान और बीडीसी मेंबर शामिल रहे। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, दिनेश कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, अखिलेश बिश्नोई, सचिन राणा, अभय चौधरी, अभय प्रताप सिंह, डॉ. रामपाल सैनी, जितेंद्र चौहान, मुकेश चौधरी, पवन पुष्पक, नागेंद्र लंबा, जाकिर हुसैन, डॉ. आफताब, धर्मेन्द चौहान, हाशमी, शमशेर मलिक, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।


पार्टी की सदस्यता लेने वालों का स्वागत करते पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू।

### दुष्कर्म के प्रयास में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार:** गांव तुमडिया कला में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास की घटना प्रकाश में आई है। गांव निवासी बच्चे गेंद से खेल रहे थे। तभी किसी बात को लेकर राजेश और विशाल एक बच्चे को पीटने लगे। शोर सुनकर युवती बचाने पहुंची।

आरोप है कि दोनों दबंगों ने मारपीट कर युवती को कमरे में खींच कर ले गए जहां अश्लील हरकतें करते हुए बुरी नीयत से दबोच लिया और जबरदस्ती करने लगे। शोर सुन कर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवती को छुड़ाया। दबंग धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता शिकायत लेकर थाने पहुंची पर पुलिस ने रिपोर्ट लिखने में आनाकानी की। पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। जिस पर कोर्ट ने थाना डिलारी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## सपा व बसपा के पदाधिकारियों ने थामा भाजपा का दामन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के चंदौसी रोड स्थित एक फार्म हाउस में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और एआईएमआईएम के सैकड़ों पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शेफाली सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा के मुकाबले में कोई नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं। विदेश में भी उनका डंका बज रहा है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और एआईएमआईएम के अनेक पदाधिकारियों ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी का कहना था कि आगामी लोकसभा चुनाव में वह भाजपा के हित में मजबूती से कार्य करेंगे।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सैनी, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, विश्वास कुमार यादव उर्फ लवली यादव, ऋषिपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह सैनी, रचित माथुर, मनोज ठाकुर, सुबोध गुप्ता, नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक बाबू राम लोधी, निहाल सिंह लाठर, ब्रजरतन प्रजापति, देव दिवाकर, अबनीश, हरिओम सैनी, हेमंत शर्मा, राष्ट्रीय मुस्लिम पसमांदा महासंघ के प्रदेश मंत्री आरिफ हुसैन सैफी, जिलाध्यक्ष आकिल सैफी, सलीम सैफी, ग्राम प्रधान सलीम अंसारी, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


वसंत पंचमी पर हवन करते लोग। ● अमृत विचार

### पूजा-अर्चना कर होली का वसंत रखा

**डिलारी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत करनपुर में वसंत पंचमी पर हवन किया गया एवं विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर होली का वसंत रखा गया। हवन सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में हुआ जिसमें सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने आहुति देकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। पंडित अमित कुमार शर्मा ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर हवन में आहुतियां डलवाई। इस दौरान ग्राम प्रधान पति डॉ. बाबू सिंह, प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह, परम सिंह, दीवान सिंह, संजय सिंह, संदीप कुमार, अजय पाल सिंह, गौरव कुमार, सविता देवी, मंजू देवी व अन्य लोग मौजूद रहे।



गांव फैजुल्लागंज में किसानों के साथ मौजूद कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

### आलू की फसल में बीमारियों की रोकथाम करें

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र, ठाकुरद्वारा द्वारा ग्राम फैजुल्लागंज में प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया। बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा पछेती झुलसा रोग की रोकथाम के लिए फफूंदी नाशक साइमोकसानिल 8% प्लस मैक्कोजैब 64% रसायन रसायन उपलब्ध कराया गया था। मौके पर मौजूद किसानों को आलू की फसल का अवलोकन भी कराया गया। कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों की समस्या जैसे सरसों में माहू और गेहूं की प्रजाति एचडी 2967 में पीला रतुआ रोग के नियंत्रण के बारे में बताया। और इसके साथ वसंत कालीन गन्ने की बुवाई में सहफसली खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस अवसर पर किसान चमन सिंह, ब्रहमपाल, मुकेश चौहान, चंद्रप्रकाश, महेश, महिपाल, ज्ञानेंद्र ,ओमप्रकाश आदि किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ .हसन तनवीर, डॉ. राजेश कुमार, अविनाश चौहान, दिनेश कुमार आदि ने सहयोग किया।


गांव राघुवाला में मूर्ति स्थापना के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीराम दरबार मूर्तियों की स्थापना की

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बुधवार को क्षेत्र के गांव राघुवाला में चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन विधि विधान के साथ भगवान श्रीराम दरबार की मूर्तियों की स्थापना की गई। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंजामान रहा। पंडित जयप्रकाश शर्मा ने नंदेश्वर मन्दिर पर विधि विधान से वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान श्रीराम दरबार की मूर्तियां स्थापित कराई। पंडित जी ने भगवान श्रीराम की कथा का वर्णन करते हुए युवाओं से आह्वान किया। मूर्ति स्थापना के बाद भगवान श्रीराम की आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ओमप्रकास सिंह, रमेश सिंह, राम अवतार सिंह, रामकुमार, विजयपाल, पन्नालाल, धर्मपाल सिंह, भूखन सिंह, इंद्रपाल सिंह, मयंक चौहान, मास्टर हरकेश सिंह, अनुज चौहान, कल्पित चौहान, संगीता देवी, अनीता देवी, सर्वेश देवी, उमा देवी व रिंकी आदि ने भाग लिया।


कार्यक्रम में उपस्थित पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व छात्र। ● अमृत विचार

### वसंत पंचमी पर विदाई समारोह का आयोजन

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी पर छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज यादव रहे। बुधवार को विद्यालय में वसंत पंचमी पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न होने के पश्चात छात्र-छात्राओं का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि हम अपने जीवन को उज्जवल बनाने के लिए लगन व से कठिन परिश्रम से कार्य करना चाहिए। तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर पंडित मोहनलाल शर्मा, सेवा भारती नगर अध्यक्ष पंडित राघवेंद्र शर्मा, धीरेंद्र सिंह चौहान, यशपाल सिंह यादव, गजेंद्र यादव, विजेंद्र मौर्य, मीनू यादव, भावना यादव, शिवानी सैनी, ओंकार सिंह, अभिषेक पांडे, सोमंद्र यादव आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### युवती से दुष्कर्म के प्रयास में चार पर एफआईआर

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में क्लीनिक पर काम करने के लिए गई युवती के साथ क्लीनिक संचालिका के भाई सहित कई लोगों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस ने चार नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ एससीएसटी एक्ट में एफआईआर पर दर्ज की है। एक गांव निवासी युवती ने दी तहरीर में बताया कि अब से 6 माह पूर्व गांव के पास टांडा अमरपुर निवासी महिला उसके घर पर पहुंची। कहा कि उसने डॉक्टर की डिग्री ली है और उसका चंदौसी रोड पर क्लीनिक है। उसने नर्स का काम करने के लिए कहा। जब वह क्लीनिक पर जाने लगी तो कुछ दिन बाद डॉक्टर का भाई असगर, अकरम व उसका साथी डॉ. साजिद जोकि रुस्तम नगर सहसपुर में ही अपना क्लीनिक चलाता था। उस पर बुरी नीयत रखने लगे। 19 जनवरी को सभी ने उसे कमरे में बंद कर दिया और दुष्कर्म की कोशिश की। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी और मारने पीटने लगे। उसे जबरदस्ती चोरी का आरोप स्वीकार करने पर छोड़ा गया। बाद में आरोपी शारीरिक संबंध बनाने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने इस संबंध में अपने पिता को जानकारी दी। इस मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### कार में तोड़फोड़ करने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव निवासी सद्दाम हुसैन मंगलवार को कार से किसी काम से हसनपुर गया था। वहां से लौटते समय उसने कार गजरौला में हसनपुर मार्ग पर रोकी। आरोप है कि कुछ लोग वहां आए तथा कार खड़ी करने का विरोध करते हुए हंगामा करने लगे। आरोपियों ने कार में तोड़फोड़ की तथा मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बाग में मिला युवक का शव

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र की ग्राम शेखूपुर माफी में बुधवार शाम आम के बाग में युवक का शव पड़ा मिला। युवक के गले में रस्सी का फंदा लगा था। घटना की सूचना डिडौली कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त चमन सिंह पुत्र मुन्ना उम्र 26 वर्ष गांव जग्गा नगला के रूप में की है। डिडौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश घायल

## 15 हजार रुपये का इनामी है बदमाश, विभिन्न थानों में दर्ज हैं 12 मुकदमे

संवाददाता, रहरा/अमरोहा

**अमृत विचार :** थाना रहरा पुलिस व एसओजी की बदमाश से मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में गोली लगने से 15 हजार रुपये का इनामी बदमाश घायल हो गया। पुलिस को बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है।

मुठभेड़ की घटना रहरा थाना क्षेत्र के छपना से लालापुर रोड पर हुई। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मंगलवार रात रहरा थाना प्रभारी संदीप चौधरी पुलिस टीम के साथ छपना रोड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक सवार को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गयी। जानकारी होने पर सीओ दीप कुमार पंत भी मौके पर पहुंच गए। लालापुर रोड पर पुलिस की गोली लगने से बदमाश फूलकुंवर पुत्र नन्हें निवासी ग्राम उझारी थाना सैदनगली घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश फूलकुंवर उर्फ नन्हें को गिरफ्तार कर लिया और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि फूलकुंवर के खिलाफ चोरी, अवैध शस्त्र रखने आदि के मामले में 12 मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश फूलकुंवर पिछले डेढ़ वर्ष से वांछित चल रहा था। जिस पर 15 हजार रुपये का इनाम है। पुलिस ने बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।



मुठभेड़ के बाद मौके पर मौजूद सीओ दीपचंद व अन्य पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



घायल बदमाश। ● अमृत विचार

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को तमंचे एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरेपी पर कई थानों में छह मामले दर्ज हैं। कोतवाली पुलिस गश्त के दौरान गांव आलमपुर के निकट से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर कोतवाली ले आई। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी से तमंचा और एक कारतूस मिला। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रुखसार पुत्र वाहिद खान निवासी सिहाली जागीर बताया। पुलिस के अनुसार पकड़े आरोपी पर जनपद के विभिन्न स्थानों में छह मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि आरोपी को तमंचा के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



दिल्ली जाने से रोकने पर नारेबाजी करते किसान। ● अमृत विचार

# धरने पर बैठे किसानों ने की नारेबाजी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** दिल्ली जाने वाले किसानों को गजरौला में रोका जा रहा है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन खालसा के पदाधिकारी पांच कारों व एक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर दिल्ली के लिए कूच कर रहे थे। जानकारी होने पर पुलिस ने चौपला चौकी के निकट उन्हें रोक लिया तो किसान वहीं धरने पर बैठ गए। पुलिस के समझाने पर किसानों ने धरना समाप्त किया और लौट गए।

बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह खालसा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने दिल्ली के लिए कूच किया था। इससे पहले उन्होंने बैठक की। वक्ताओं ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की जाएगी। किसानों की अन्य मांगों का निस्तारण भी जल्द ही किया जाए। इसके बाद पदाधिकारी दिल्ली की तरफ बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। किसान वहीं दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, चंद्रकांत सिंह, वीरभान सिंह, धर्मपाल सिंह, राजवीर सिंह, रामपाल सिंह, महावीर सिंह, सोमपाल, जयवीर सिंह, प्रेमा सिंह, जितेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि दिल्ली जाने वाले किसानों को रोका जा रहा है।

# घरेलू विवाद में युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** युवक ने पत्नी से विवाद के चलते फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का बीते काफी दिन से अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। एक सप्ताह पहले झगड़ा होने पर विवाहिता अपने मायके चली गई थी। बताया जाता है कि इसके बाद युवक ने पत्नी को वापस बुलाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं आई। परेशान युवक मंगलवार रात अपने कमरे में सोया था। देर रात में किसी समय उसने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खोला। अंदर फंदे पर युवक का शव लटका देख परिजनों की चीख निकल गई। शोर होने पर आसपास के लोग भी जमा हो गए। परिजनों ने मामले में बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**गजरौला, अमृत विचार :** बुधवार सुबह रेलवे ओवरब्रिज के पास रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव पड़ा मिला। आसपास से गुजर रहे राहगीरों को जानकारी होने पर भीड़ जुट गई। सूचना पर जीआरपी व आरपीएफ टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। जीआरपी ने एंबुलेंस से शव को सीएचसी भिजवाया। मृतक के शरीर पर किसी तरह की चोट का कोई निशान नहीं मिला है। जीआरपी चौकी इंचार्ज श्याम बाबू के मुताबिक शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

## वाहन चोर गिरफ्तार तमंचा, बाइक बरामद

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने मुठभेड में शातिर वाहन चोर को पकड़ लिया। उसके पास से दिल्ली से चोरी की हुई फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटर साइकिल व तमंचा बरामद किया।

बुधवार की सुबह करीब सात बजे थाना अमरोहा देहात पुलिस के चेकिंग के दौरान ग्राम कांठ रोड से उक्सी रायपुर चौराहे के पास पुलिस ने मुठभेड में अभियुक्त अजनबी पुत्र सल्लू निवासी ग्राम तेलीपुरा माफी थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया। जिसके दो अन्य साथी मौके से फरार हो गये। आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर भी किया। आरोपी से तमन्चा, खोखा, कारतूस व चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटर साइकिल बरामद हुई। आरोपी पर थाना अमरोहा देहात में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में बताया कि बाइक दिल्ली से चोरी की हुई है।

# पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर ने 151 कन्याओं का कराया विवाह

संवाददाता, गजरौला/अमरोहा

**अमृत विचारः** पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अपने फार्म हाउस झनकपुरी में 151 निर्धन कन्याओं का विवाह खुद के खर्चे से कराया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन अशरफ सैफी ने कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है। यह अच्छी पहल है। समाज के समर्थ लोगों को भी इसके लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लोगों के हित में काम कर रही है। बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने कहा कि सभी लोगों के उत्थान के लिए सरकार काम कर रही है।

बुधवार को झनकपुरी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने सभी बेटियों को एक लाख रुपये की कीमत का



नवदंपती को आशीर्वाद देते प्रभारी मंत्री व पूर्व सांसद। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर व अन्य।

सामान भी दिया। पूर्व सांसद ने एक दूसरे के साथ जीवन भर के बंधन में बंधे वैवाहिक जोड़ों को बहुत जल्द अयोध्या ले जाकर भगवान राम के मंदिर ले जाकर दर्शन कराने का वादा भी किया है। बुधवार को कार्यक्रम स्थल को पूरी तरह से सजाया और बैंडबाजे संग बारात पहुंची। जिसका पूर्व सांसद ने स्वागत किया। कार्यक्रम

**▸▸ नवदंपतियों को पूर्व सांसद लेकर जाएंगे अयोध्या**

में पहुंचे सभी अतिथियों ने नव दंपती को आशीर्वाद दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि यह एक सामाजिक कार्य है। यहां पर बिना किसी भेदभाव के कन्याओं का विवाह कराया जाता है। सरकार भी महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बिना किसी भेदभाव के काम कर रहे है। वर्तमान में प्रदेश में कानून का राज कायम है। लड़कियों की शिक्षा पर खास जोर दिया जा रहा है। प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण कराया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सतेंद्र सिसौदिया, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी, डॉ. हरी सिंह ढिल्लो, जिला अध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, विधायक राजीव तरारा, सत्यपाल सिंह, पूर्व विधायक तोताराम कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# तुम तो ठहरे परदेसी... पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में पहली बार आयोजित अमरोहा महोत्सव के तीसरे दिन अल्ताफ राजा ने समां बांध दिया। तुम तो ठहरे परदेसी...साथ क्या निभाओगे, इश्क और प्यार का मजा लीजिए, थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए को लोगों ने खूब पसंद किया। इस दौरान एडीएम व सीओ मौजूद रहे। वहीं बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया और घोड़े की सवारी भी की।

मंगलवार को अमरोहा महोत्सव के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोग महोत्सव में पहुंचे। तीसरे दिन मशहूर गायक अल्ताफ राजा ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। जिसके बाद लोग झूमने पर मजबूर हो गए। अल्ताफ राजा ने गानां ने समां बांध दिया। तुम तो ठहरे परदेसी...साथ क्या निभाओगे, इश्क ओर प्यार का मजा लीजिए थोड़ा इंतजार गाने का मजा लीजिए गाने पर लोग खूब थिरके। यह



अमरोहा महोत्सव में निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा। इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी।

18 फरवरी को मुशायरा व कवि सम्मेलन होगा। जिसमें प्रमुख प्रस्तुति मशहूर कवि विष्णु सक्सेना की होगी। वहीं अमरोहा महोत्सव में विकास प्रदर्शनी के साथ-साथ झूले, खान-पान की दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट व घोड़े के सवारी आदि की व्यवस्था की गई है।

### एसपी ने किया निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने अमरोहा महोत्सव का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। महोत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन के संबंध में डयूटी पर लगाए विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश भी दिये।

# महिला ने फंदे से लटक कर दी जान, हत्या का आरोप

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** महिला ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। महिला के मायके वालों ने गांव हाकमपुर पहुंचकर ससुराल के लोगों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



रहरा थाना क्षेत्र के गांव हाकमपुर में कलवा सिंह का परिवार रहता है। कलवा की पुत्र वधू कमलेश ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। मजदूर विजेंद्र की पत्नी कमलेश बुधवार को घर पर अकेली थी। बुधवार को कमलेश का पति विजेंद्र पास में निर्माणाधीन हाकमपुर चौकी पर मजदूरी करने गया था। अन्य परिजन खेत पर कृषि कार्य के लिए गए थे। इसी दौरान कमलेश ने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। जब परिजन करीब 11 बजे घर वापस आए तो महिला को फंदे से लटका देखा। जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी होने पर मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमलेश का भाई नवल किशोर सैनी ने बताया कि उसकी बहन को ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया। कमलेश की एक वर्ष पहले ही शादी हुई थी। वह दो माह की गर्भवती भी थी। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रिश्तेदार बताकर ठग लिए 48 हजार रुपये

**अमरोहा, अमृत विचार :** साइबर अपराधियों ने काल कर युवक को रिश्तेदार बताकर झांसे में ले लिया। मोबाइल में पेटीएम इंस्टाल करा कर 48 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा के रहने वाले विजेंद्र सिंह हाईवे स्थित फैक्ट्री में सुपरवाइजर हैं। मंगलवार रात विजेंद्र सिंह के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई, कॉल करने वाले शख्स ने खुद को उनका रिश्तेदार बताया। विजेंद्र के खाते में पैसे ट्रांसफर कराने की बात कही। साइबर अपराधियों के विजेंद्र ने मोबाइल में पेटीएम इंस्टाल कर लिया। इस दौरान तीन बार में साइबर ठग ने विजेंद्र के खाते से 48 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने का मैसेज मिलने पर विजेंद्र के होश उड़ गए और फौरन ही पेटीएम डिलीट किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज पुलिस की पकड़ से आरोपी दूर

संवाददाता, हसनपुर

**▸▸ आयरन स्टोर से 50 हजार के कृषि यंत्र चोरी**

**▸▸ व्यापारी संगठनों ने पुलिस से जल्द खुलासे की मांग की**

**अमृत विचार :** कृषि यंत्र की दुकान में चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लेकिन 24 घंटे के बाद भी कोतवाली पुलिस के हाथ खाली हैं। घटना का खुलासा न होने के कारण व्यापारी वर्ग में पुलिस की कार्यशैली को लेकर रोष है।

हसनपुर नगर में चोरी एवं लूट की घटनाओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों द्वारा घटनाओं को अंजाम देकर कोतवाली पुलिस को चुनौती देने का काम किया जा रहा है। वहीं व्यापारियों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर रोष है। मंगलवार को नगर रहरा बस स्टैंड के निकट स्थित अंकित आयरन स्टोर की दुकान में चोरी हो गई थी। चोरों ने दीवार फांदकर 50 हजार रुपये के कृषि यंत्र चोरी कर लिए। दुकान खोलने के बाद सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर पीड़ित को चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी थी। बुधवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। वहीं लूट एवं चोरी की तीन वारदातों का खुलासा न होने के कारण व्यापारी वर्ग में भय का माहौल है। व्यापारी संगठनों द्वारा जल्द से जल्द घटनाओं का खुलासा करने की मांग की गई है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने कहा कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

**विकास कार्य** | हसनपुर क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस का 24 किमी का होना है निर्माण

# मंगरौला में गंगा एक्सप्रेस वे का तेजी से हो रहा काम

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मेरठ से प्रयागराज तक बनाए जा रहे गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। मंगरौला में अंडरपास निर्माण के लिए 24 पिलर खड़े किए जा रहे हैं। इसके चार पिलर बनकर तैयार हो चुके हैं।

मेरठ से प्रयागराज तक कुल 594 किमी लंबा गंगा एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। हसनपुर क्षेत्र में 24 किमी गंगा एक्सप्रेस बन रहा है। गांव मंगरौला के नजदीक अंडरपास बनाया जा रहा है। जिसमें कुल 24 पिलर तैयार किए जा रहे हैं। पिलरों के लिए सरियों का ढांचा बना लिया गया है। इसमें से चार पिलर तैयार हो चुके हैं। क्षेत्र से गंगा एक्सप्रेस-वे गुजरने से यहां



गंगा एक्सप्रेस वे पर चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

विकास को पंख लगेंगे। नए उद्योग स्थापित किए जाएंगे। पेट्रोल पंप, विद्यालय, होटल, शोरूम एवं अन्य तमाम प्रकार के व्यवसाय स्थापित होंगे। गांव मंगरौला में ओवर ब्रिज के साथ टी प्वाइंट भी बनेगा। गांव रूखालू के पास टोल टैक्स प्लाजा बनाया जाएगा।

### इन गांवों से होकर गुजरेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

अकबरपुर शर्की, कुआ डाली, पंडका, चक गुलाम अंबिया, सकतपुर करनपुर, मिर्जापुर डूंगर, गौरबपुर उर्फ रुस्तमपुर, पिपलोती खुर्द, पिपलोती मुस्तकम, रुखालू, शकरौली, मंगरौला, दौलतपुर कला, सूमाठेर, तरारा, मकनपुर शर्की, राजपुर, सांपा, उझारी, पाइंदापुर आदि से होकर गंगा एक्सप्रेस-वे गुजरेगा । उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मंगरौला में फ्लाईओवर का कार्य भी लगातार हो रहा है। उम्मीद है अंडरपास का निर्माण समय से पूरा हो जाएगा। जिससे लोगों को आसानी होगी।

## मुकदमा वापस लेने से इनकार करने पर युवक को दी धमकी

**अमरोहा, अमृत विचारः** क्षेत्र में एक युवक को आरोपियों ने मुकदमा वापस न लेने पर दौड़ाकर पीटा।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव जलीलपुर बक्काल में मनोज कुमार का परिवार रहता है। बीते दिनों मनोज कुमार ने गांव के ही गजेंद्र सिंह, काविंद्र, लोकेंद्र सिंह व कुलवंत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि चारों लोग काफी वक्त से मनोज पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे। मंगलवार शाम भी मनोज को गांव में ही घेर लिया था और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। इनकार करने पर चारों ने मनोज को गांव में दौड़ाकर पीटा। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधिवक्ता को टक्कर मार दी। हादसे में घायल अधिवक्ता की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



यह मामला मंगलवार रात शहर के बिजनौर मार्ग का है। वासुदेव रोड स्थित मोहल्ला किशनगढ़ में शिव अवतार शर्मा का परिवार रहता है। उनका इकलौता बेटा पुनीत शर्मा पेशे से अधिवक्ता था। वह सेल टैक्स में प्रैक्टिस करता था। परिजनों के मुताबिक मंगलवार रात करीब नौ बजे वह बाइक से किसी से मिलने जा रहा था। इस दौरान नौगांवा सादात की ओर से आ रहे किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में पुनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बीच पुनीत को मृत घोषित कर दिया गया। इकलौते बेटे की हादसे में हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा है। सूचना और पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया हैं। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## दो अधिवक्ताओं के निधन पर शोक जताया

**हसनपुर, अमृत विचारः** तहसील बार एसोसिएशन ने शोक सभा कर जनपद बार एसोसिएशन अमरोहा के सदस्य रणवीर सिंह एवं पुनीत कुमार शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा अधिवक्ताओं के लिए अपने दो अधिवक्ता साथियों को खो देना दुखद है। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर बार अध्यक्ष गंगासरन, सुरमित कुमार गुप्ता, ऋषिपाल सिंह चौहान, श्योराज सिंह,दिनेश गुप्ता, डॉ. इसरार खां, रामचंद्र सिंह, फतेह सिंह, नईम अहमद ,चरन सिंह चौहान, विनोद कुमार त्यागी, संजीव कुमार, सोहेल अब्बास, पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र चौधरी, नरेशपाल सिंह, विनोद सक्सेना, अरविंद शर्मा, महावीर चौहान, आफताब आलम, कपिल देव, शीशपाल सिंह, संदीप कुमार, नंदराम सिंह, केदारनाथ, जयकुमार आदि रहे।

## एक नजर



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ डॉ. यतींद्र कटारिया।

### डॉ. यतीन्द्र कटारिया देहरादून में सम्मानित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. यतींद्र कटारिया को देहरादून स्थित उत्तराखंड राज्य सांस्कृतिक ऑडिटोरियम विधानसभा के प्रांगण में राष्ट्रीय विद्या विभूति सम्मान से अलंकृत किया। देहरादून एयरपोर्ट पर नवीन टर्मिनल के उद्घाटन के अवसर पर कार्यक्रम संचालन के लिए साहित्य विभूति के रूप में भी उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक तथा राज्यसभा सांसद नरेश बंसल व उत्तराखंड देहरादून एयरपोर्ट के निदेशक प्रभाकर मिश्रा की उपस्थित रही।

### आरोग्य चाइल्ड केयर को किया सील

**स्वार, अमृत विचार :** नोडल अधिकारी ने बिना पंजीकरण चल रहे आरोग्य चाइल्ड केयर को सील कर दिया। कार्रवाई से अन्य अस्पतालों के संचालकों में हड़कंप मच गया। बुधवार को नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नगर में आरोग्य चाइल्ड केयर पर अभिलेख मांगे, लेकिन कोई भी अभिलेख न मिलने पर अस्पताल को सील कर दिया। उधर, अपंजीकृत नर्सिंग होम के लोग गांवों में घूमते रहते हैं। प्रसूता के परिजनों को कम पैसे का लालच देकर प्रसूता को इन नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया जाता है। जहां झोलाछाप प्रसूताओं की सर्जरी भी कर देते हैं।



मंडी धनौरा के ज्ञानोदय पब्लिक विद्यालय में पूजा करते अध्यापक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



गजरौला के कारमेल पब्लिक स्कूल में हवन में आहुति देते लोग। ● अमृत विचार

# मां सरस्वती की पूजा कर मांगा विद्या का वरदान

## जिले में शिक्षण संस्थानों और मंदिरों में हवन कर मां शारदे का लिया आशीर्वाद

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** बसंत पंचमी पर शिक्षण संस्थानों में हवन पूजन कर मां शारदे का आशीर्वाद लिया। नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामशरण एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल में बसंत पंचमी पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया।

विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने बसंत पंचमी पर विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा की। जिसमें मां सरस्वती को नमन करते हुए आहुतियां दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा, राहुल शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहन लाल यादव, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, सीमा वर्मा, कीर्ति भारद्वाज, मंजूरी दीक्षित, नीति का अग्रवाल रहे। **मुबारिजपुर, अमृत विचार :** गांव मुबारिजपुर के शिव मंदिर में बुधवार को श्रीरामचरितमानस पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर मवासी, खेमचन्द, श्रीकृष्ण, रोदाश, डोरी, गोविन्द, सोमपाल, हेमराज, हिमांशु, हरीपाल रहे।

**मंडी धनौरा, अमृत विचारः** बुधवार को क्षेत्र गांव शेरपुर स्थिति ज्ञानोदय पब्लिक विद्यालय में बसंत पंचमी उत्सव मनाया। विद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्या राजीव दीक्षित ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश का सबसे पवित्र त्योहार है। जिसमें सभी अध्यापक व बच्चे मां सरस्वती के चरणों में बैठकर विद्या का वरदान पाने के लिए उनकी पूजा अर्चना करते है। इस अवसर पर राजीव दीक्षित, कुलवंत, मनीष राणा, सपना, झलक, काजल, कौशल सहित रहे। वहीं, **रहरा/मुबारिजपुर** में ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के श्री बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज रहरा व शिक्षा भारती इंटर कालेज में भी मां सरस्वती का वंदन कर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की गई।



हसनपुर में बसंत पंचती पर पूजा करते स्कूल प्रबंधन के पदाधिकारी व छात्र-छात्राएं।



कार्यक्रम में मौजूद स्कूल प्रबंधक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिविर आयोजित

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने शिविर का आयोजन कर मां शारदे की पूजा की। बुधवार को झम्मन लाल पीजी कॉलेज हसनपुर में बसंत पंचमी का पर्व मनाया। झम्मनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी भी साथ रहे। तत्पश्चात सुनील कुमार अकादमी में यज्ञ किया और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारी व झम्मनलाल पीजी कॉलेज, फार्मेसी, सुनील कुमार अकादमी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पंचकुण्डीय हवन किया

**गजरौला, अमृत विचार :** बसंत पंचमी पर कारमेल पब्लिक स्कूल में पंचकुण्डीय हवन हुआ। नवादा रोड स्थित कारमेल पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार गजरौला की ओर से डीएन शर्मा द्वारा हवन पूजन, गायत्री यज्ञ का कराया। प्रबंधक बिक्रम सिंह ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। प्रधनाचार्य डॉ. सुधांशु शर्मा, शिक्षक रामपाल सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह, सत्यपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, संजय सिंह रहे।

# हवन कर श्रीराम मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** श्रीराम मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीराम दरबार को पंचामृत से स्नान कराने के उपरांत त्रिमंजन से महाभिषेक कर वस्त्र आदि बदले गए। बाद में मंदिर में हवन-यज्ञ एवं महाआरती भी हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।

बुधवार को बंसत पंचमी पर जुबिलेंट परिवार द्वारा राम मंदिर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान का महाभिषेक किया। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में वीपी एवं साइट हेड विनोद झा ने पत्नी रंजना झा के साथ धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। शाहजहांपुर से आए पंडित ध्रुव शास्त्री, हरिओम, मंदिर के पुजारी मोहन मिश्रा एवं पंडित गोविंद पांडेय ने पूजन संपन्न कराया। विनोद झा ने बताया कि वर्ष 1989 में बसंत पंचमी के दिन ही यहां स्थित मंदिर में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।

इस मौके पर जुबिलेंट में प्रशासनिक प्रबंधक अशोक राय, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, ग्लोबल सप्लाई चेन हेड अमित चौधरी, पराग गोयल, सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र चौधरी, अनुज चौधरी, अनूप नौटियाल, दिलीप पांडेय, रामेश्वर, अमित पांडेय, संतोष राय, एके सिंह, वंदना सिन्हा, मनोज शर्मा, कपिल जोशी आदि मौजूद रहे।



हवन में आहुति देते जुबिलेंट इंग्रेविया प्रबंधन के अधिकारी। ● अमृत विचार

# ट्रेन से गिरकर मऊ के युवक की मिलक में मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार रात ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उसकी शिनाख्त मऊ निवासी सतेंद्र के रूप में हुई है।

जिला मऊ के थाना रामपुर बिलौली के गांव ताजपुर बलवा निवासी गोविंद प्रसाद का बेटा सतेंद्र कुमार (29) अपने भाई विशिष्ठ के साथ दिल्ली में रहकर नौकरी कर रहा था। दोनों भाई मंगलवार रात किसी ट्रेन से नई दिल्ली से रवाना होने के बाद शाहजहांपुर जा रहे थे। ट्रेन जब मिलक के पास पहुंची तो विशिष्ठ किसी काम से चला गया। जबकि उसका भाई ट्रेन में सीट पर बैठा था। जब वह वापस आया तो उसका भाई गायब था। उसने ट्रेन में तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इस बीच रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान उसकी जेब से कुछ नंबर मिले, तो उनसे संपर्क किया। इस दौरान एक नंबर उसके भाई का निकला। मृतक के भाई को पुलिस ने घटना की जानकारी दी।

# दबंगों ने बीयर की दुकान के सेल्समैन को मारी गोली

संवाददाता, चौधरपुर

**अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में बुधवार देर रात कुछ युवकों ने बीयर की दुकान के सेल्समैन को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल भर्ती कराया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर की है। क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां निवासी रामकेश (50) गांव चौधरपुर में बीयर की दुकान पर सेल्समैन हैं। वह बुधवार देर रात दुकान पर मौजूद था। बताया जाता है कि बाइक पर तीन युवक बीयर की दुकान पर पहुंचे। युवकों ने सेल्समैन से दुकान के दरवाजे खोलने को कहा तो सेल्समैन ने दरवाजा नहीं खोला और शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद आरोपी युवकों ने सेल्समैन को गोली मार दी। गोली लगने से सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सेल्समैन को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# पुलवामा के शहीदों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला तिगरिया भूड़ में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहीदों की याद में कैंडल जलाई। कार्यक्रम में छात्र नेता अजय उर्फ छोटू भाटी ने कहा की हम सभी लोग अपने घर में सुरक्षित और बेफिक्र होकर रहते हैं तो उसका कारण हमारे देश के सरहद पर तैनात वीर जवान हैं। इस अवसर पर हरेंद्र भाटी, उमेश, मनोज, बिट्टू, शिबू, रवि आदि मौजूद रहे। वहीं, **हसनपुर** में पुलवामा में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला। युवाओं ने हसनपुर आंबेडकर पार्क से नगर पालिका और ब्लॉक हसनपुर तक कैंडल मार्च निकाला। इसके बाद शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दिव्यांश शर्मा, निखिल जोशी, सुमित सागर, यश, तुषार जाटव, सूर्यांश शर्मा, विदित, यशु, यश शर्मा, नितिन चौधरी, तरूण, अभिषेक, अनिकेत, अमित, शोर्य, चाहत, कार्तिक, अभिषेक, कनिष्क, मनीष रहे।



गजरौला में शहीदों को श्रद्धांजलि देते छात्र। ● अमृत विचार

**बैठक** जिले में 34 केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को होगी परीक्षा

# डीएम, एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियां परखीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले के 34 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में यह परीक्षा होगी। इस दौरान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी कर जिम्मेदार अधिकारियों को गाइडलाइन के पालन के निर्देश दिए। आगामी 17 व 18 फरवरी को जिले के 34 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा होनी है। शांतिपूर्ण माहौल में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को लेकर इन केंद्रों को जोन व सेक्टर में बांट दिया गया है। वह जिम्मेदार पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। हर केंद्र पर एक दरोगा के अलावा दो पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है। इसके अलावा महिला अभ्यर्थियों की संख्या के मुताबिक महिला कांस्टेबल की भी तनाती रहेगी।

बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने परीक्षा के संबंध में गोष्ठी की। दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थ पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को गाइडलाइन की जानकारी दी। तैयारी को परखते हुए जिलाधिकारी ने लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र तक पहुंचने व परीक्षा संपन्न होने के बाद लौटने तक प्रशासनिक व्यवस्था बना रखने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि यंत्रों का प्रयोग तथा परीक्षा में मोबाइल फोन, आईटी गैजेट्स एवं आपत्तिजनक सामग्री ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभ्यर्थियों की तलाशी में सहयोग के लिए केंद्र के बाहर महिला व पुरुष पुलिसकर्मी तैनात करें। केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकान, साइबर कैफे, मोटरसाइकिल स्टैंड आदि की चेकिंग की जाए। परीक्षा के दौरान या पूर्व में सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी ध्यान दिया जाए।



पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

### अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

**रामपुर, अमृत विचारः** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है।

मामला भोट थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां के ग्रामीण ने पुलिस को बताया था कि उसकी 16 साल की बेटी 28 मई 2021 की रात को अपने परिवार के साथ सो रही थी। रात में पिता ने देखा तो उसकी बेटी गायब थी। परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नही चल पाया। पुलिस की जांच में गांव के ही रहने वाले पिन्टू का नाम प्रकाश में आया था। एडीजीसी ओमप्रकाश लोधी ने बताया कि दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद और 22 हजार का जुर्माना लगाया है।

## सार-संक्षेप



प्याऊ का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य।

### ब्लॉक प्रमुख ने प्याऊ का उद्घाटन किया

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के कस्बा ढवारसी में आनंद मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बच्चों को जर्सी का वितरण किया। इसके उपरांत चौराहे पर शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन और इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का आरंभ किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार, प्रबंधक जयसिंह भाटी, हेमराज सिंह, आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, अंकित सागर, रवि त्यागी, ग्राम प्रधान आरिफ चौधरी, आदित्य त्यागी, शिवंत आदि रहे।



नारेबाजी करते गांव के लोग। ● अमृत विचार

### रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** मामला ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव सलारा का है। गांव निवासी राजेंद्र पुत्र प्रकाश ने बताया कि सरकारी मार्ग पर कुछ लोगों ने गामीणों के निकलने का रास्ते को बंद कर दिया। यह गांव के लोगों का एकमात्र रास्ता है। जो कि यह कई घरों की मुख्य सड़क भी है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क को कब्जा मुक्त करने की मांग की है। इस मौके पर पंकज, अंकित, राधा, राजेश, अंशू आदि लोग मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को संबोधित करते प्रबंधक। ● अमृत विचार

### इण्टर के विद्यार्थियों को दी विदाई पार्टी

**सैदनगली, अमृत विचार :** सोहनलाल देववती इण्टर कॉलेज में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने 12वीं के छात्रों को विदाई दी। विद्यालय के संस्थापक सोहनलाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समस्त स्टाफ ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों को आशीर्वाद दिया। विद्यालय के संरक्षक सूरज सैनी ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स दिए। प्रधानाचार्य पीतम सिंह ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विवेक कुमार ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



विदाई समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को दी विदाई

**गजरौला, अमृत विचार :** नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के बच्चों को विदाई दी गई। जिसमें विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के बच्चों को तिलक लगाकर व फूल भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम में अंशु नागपाल, उनके पुत्र समीर नागपाल, निदेशक देवसिया पीयू व प्रधनाचार्या मेरी इसेबल डेजी ने सीनियर्स बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि वे आगे जिस संस्थान में भी शिक्षा ग्रहण करें, वहां पर भी पूरी मेहनत करें और अपना भविष्य उज्जवल बनाएं। इस दौरान मानसी चौधरी को मिस नेसोनाइट व प्राशुल यादव को मिस्टर नेसोनाइट चुना। वहीं कशिश खान को मिस परफेक्ट तथा सरवेश झा को मिस्टर परफेक्ट चुना गया। इसके साथ लवी को मिस एलिगेंट तथा मौहम्मद उमर हशमत खान को मिस्टर एलिगेंट चुना गया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ छात्रों ने केक काटकर किया। इस मौके पर कंचन यादव, कमल वर्मा, रख्शदा, संजीव गुप्ता, निशी सिंह, मल्लिका श्रीवास्तव, दिपाली कोहली, मोहित तोमर, हर्ष त्यागी, राहत अली आदि मौजूद रहे।




विज्ञान प्रदर्शनी में मौजूद स्कूल प्रबंधन के लोग व छात्र। ● अमृत विचार

### एसआर मॉडर्न स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया के इकबाल नगर में स्थित स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इसमें सड़क सुरक्षा, सौर मंडल, सौर ऊर्जा, पर्यावरण व स्मार्ट सिटी सहित अलग अलग विषयों मॉडल प्रदर्शित किए गए। आयोजन में विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था। इस प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए डायरेक्टर आबिद हुसैन, मैनेजर मास्टर राजा, मोहम्मद शाकिर, प्रिंसिपल बुशरा ने छात्रों की सराहना की। इस दौरान वर्किंग मॉडल और उनकी प्रतिभा की सहराना की। वहीं छात्रों को हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी।

## एक नजर

### मामूली बात पर दंपती ने की मारपीट, बुजुर्ग घायल

**संभल/सिंहपुरसानी, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिरसानाल निवासी मुखराम का बेटा विरेश ट्रैक्टर लेकर हैरो से खेत की जुताई कर रहा था। इस दौरान गांव के ही व्यक्ति के खेत की मेड़ कट गई। आरोप है कि इसी बात को लेकर मौके पर मौजूद व्यक्ति मारपीट करने लगा। वीरेश को बचाने पहुंचे मुखराम के साथ भी व्यक्ति व उसकी पत्नी ने मारपीट की। जिसमें मुखराम घायल हो गए। पीड़ित ने दंपती के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### रोजगार सेवक पर पात्रता से नाम हटाने का आरोप

**बहजोई,अमृत विचार :** बहजोई के गांव पुरा निवासी महिलाओं ने डिप्टी कलेक्टर को पत्र देकर कहा कि गांव का रोजगार सेवक को सुविधा शुल्क नहीं दिया तो उसने प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता से उन्हें हटा दिया। उन्होंने कहा कि उनका नाम पहले से सूची में शामिल था और उन्होंने आवेदन भी किया था। लेकिन विकासखंड स्तर से गांव में जांच के लिए टीम गई थी टीम ने उन्हें अपात्र दर्शा दिया।

# श्रद्धा व उल्लास से मनाया वसंत पंचमी पर्व, मां सरस्वती का किया पूजन

## विधि विधान के साथ पूजा कर होलिका स्थापित की गई, स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** वसंत पंचमी का पर्व जनपद में उल्लास के साथ मनाया गया। विधि विधान के साथ पूजा कर होलिका स्थापित की गई। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वसंत का स्वागत किया।

संभल के श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान हल्लू सराय में मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख विद्यालय के प्रबंधक दीपक शर्मा, प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा, दुष्यंत मिश्रा एवं समस्त स्टाफ द्वारा पूजा अर्चना की गई। बच्चों द्वारा मां सरस्वती की स्तुति व वंदना का गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार वर्मा ने कहा कि माघ महीने की शुक्ल पंचमी को वसंत पंचमी के नाम से जाना जाता है। मौसमी फूलों और चंदन से सरस्वती पूजा की जाती है। वसंत पंचमी होली की तैयारियों की शुरुआत का भी प्रतीक है जो वसंत पंचमी के चालीस दिन बाद शुरू होती है। इस दौरान दुष्यंत मिश्रा, अनीता श्रीवास्तव, शेखर कुमार, आकांक्षा ठाकुर, ज्योति, नंदिनी, पारुल ठाकुर, रूपाली, संजय कोठारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक शर्मा व संचालन अदिति वर्मा ने किया।



श्री बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान में मां सरस्वती का पूजन करते शिक्षक।



वसंत पंचमी पर ध्वजारोहण करते भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल व अन्य।

### वसंत पंचमी का सनातन धर्म में विशेष महत्व : राजेश सिंघल

**संभल, अमृत विचार :** सरायतरीन में वार्ष्णेय सभा की ओर से वसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा कर ध्वजारोहण किया गया। कहा गया कि सनातन धर्म में वसंत पंचमी का विशेष महत्व है। सरायतरीन के मोहल्ला घास मंडी मे वार्ष्णेय सभा संभल की ओर से वसंत पंचमी के कार्यक्रम में अन्य लोगों के साथ मिलकर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने ध्वजारोहण किया। राजेश सिंघल ने कहा कि वसंत पंचमी का त्यौहार ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा के साथ-साथ ऋतु परिवर्तन के लिया जाना जाता है। वार्ष्णेय सभा के प्रबंधक वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन विद्या, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था। उनसे ज्ञान और कला प्राप्त करने के लिए लोग वसंत पंचमी को सरस्वती पूजा के रूप में मनाते हैं। इस शुभ दिन लोग नया काम शुरू करते हैं। शादी विवाह के लिए भी बेहद शुभ मुहूर्त वाला दिन है। इस अवसर पर वार्ष्णेय सभा के अध्यक्ष जगत आर्य, अभिषेक अग्रवाल, सुमित श्याम, नवरतन सर्राफ, उमेश सर्राफ, धर्मेन्द्र अग्रवाल, त्रिभुवन सर्राफ, पारस वार्ष्णेय एडवोकेट,, संदीप गुप्ता, पराग वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर ने मनाया बसंत पंचमी का पर्व

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर ने बसंत पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना की। ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना व कोषाध्यक्ष रागिनी सैनी ने जायंट्स प्रार्थना कर एक दूसरे को बधाई दी। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर कृष्ण अवतार गुप्ता, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, सीमा अग्रवाल, शिखा शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, लता शर्मा, सोनिया गर्ग, विमलेश सैनी, सुमन सैनी, अंजू शर्मा, सुमन शर्मा, अमिता शर्मा आदि मौजूद रहे।




चन्दौसी में बसंत पंचमी महोत्सव मनातीं जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर की पदाधिकारी।



गुन्नौर के हरिबाबा बांध धाम पर मौजूद स्कूली बच्चे व अन्य। ● अमृत विचार

## मां शारदे की पूजा कर हरिबाबा के किए दर्शन

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** बसंत पंचमी पर्व पर मां शारदे की पूजा के बाद संस्कृति पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं को पर्यटन के लिए हरि बांध धाम ले जाया गया। जहां स्कूली बच्चों ने मंदिर में हरि बाबा के दर्शन किए और सुरम्य बांध धाम क्षेत्र का भ्रमण किया। पिकनिक जैसे भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बच्चे खुश नजर आए। प्रबंधक रामबाबू प्रधानाचार्य सृष्टि वार्ष्णेय, एकता वार्ष्णेय, बबली शर्मा, श्वेता, वैशाली वार्ष्णेय, आकांक्षा, कुमकुम, काजल, विजयश्री, गौरी, मुस्कान, स्वाति अग्रवाल, माही, श्वेता गोले आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस वसंत पंचमी पर्व के रूप में परंपरागत रूप से विधि विधान के साथ मनाया गया।

इटउआ के रामेश्वर दयाल सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य कुलदीप वर्मा ने छात्रों के साथ सरस्वती पूजा की। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। रामा कान्वेंट स्कूल में प्रधानाचार्या सुधा गौतम के साथ छात्र छात्राओं व स्कूल स्टाफ ने सरस्वती पूजा में भाग लिया। स्वामी ध्यानानंद पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने धर्म और देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनभावन प्रस्तुति दी। यहां चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या शालू शर्मा, ब्रजेश यादव, राकेश कुमार, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में मुख्य अतिथि चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, प्रबंधक कार्तिक गोयल, सपा नेता अमित यादव, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ.राहुल यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन श्वेता सिंह ने किया। सिया सार्थ, दुष्यंत, ऋषभ, अतिथि, आदित्य, कुमुदिनी और चिराग आदि प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि हर्ष वर्धन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बधाई दी।



इंटर कॉलेज में यज्ञ में आहुतियां देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### वसंत पंचमी पर हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**सौंधन, अमृत विचार :** वसंत पंचमी पर रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक ओमकार सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यज्ञ में विद्यालय के छात्र- छात्राओं सहित तमाम लोगों ने प्रतिभाग करते हुए वेद मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां दीं। यज्ञ के समापन पर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रधानाचार्य रामभरोसे राणा द्वारा सम्मानित कर विदाई दी गई।

### दस्ते ने मदरसा बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

**संभल, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद परीक्षाओं के दूसरे दिन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचल दस्ते ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। हालांकि कहीं कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई।

बुधवार को शहर के कई परीक्षा केंद्रों पर मदरसा बोर्ड की परीक्षा सम्पन्न हुई। मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल व फाजिल की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। दूसरी पाली में वक्फ इंस्पेक्टर प्रविन्दर कुमार, कनिष्ठ सहायक भूपेन्द्र सिंह, वसीम आलम आदि अधिकारी सचल दल के रूप में परीक्षा केंद्रों का जायजा लेने के लिए पहुंचे। सचल दल ने परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा के हालात देखे। इसके साथ ही सीसीटीवी आदि के इंतजाम भी देखे। बताया गया कि सभी केंद्रों पर सामान्य तरीके से परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी सचल दल को मिले।

## शिक्षक ने छात्र से की अश्लील हरकत, परिजनों ने पीटा

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में निजी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक ने दूसरे स्कूल के छात्र के साथ अश्लील हरकत की। शिक्षक की मंशा देख छात्र ने किसी तरह खुद को छुड़ाया। इसके बाद छात्र के परिजनों ने आरोपी शिक्षक को पकड़कर उसकी धुनाई कर दी।

थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी कक्षा आठ का छात्र बुधवार को स्कूल में बसंत पंचमी की छुट्टी होने पर बाजार में खरीदारी करने जा रहा था। दूसरे निजी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक ने छात्र को रोक लिया और उसे स्कूल में ले जाने लगा। छात्र ने छुट्टी के बावजूद स्कूल के अंदर लेकर जाने की वजह पूछी। आरोप है कि शिक्षक ने अश्लील हरकतें करते हुए छात्र से स्कूल में नहाने की बात कही। शिक्षक की अश्लील हरकत देख छात्र दंग रह गया। किसी तरह खुद को शिक्षक से छुड़ाकर छात्र स्कूल से बाहर निकल आया। छात्र ने फोन कर सारी बात परिजनों को बताई। सूचना मिलने पर परिजन स्कूल में पहुंचे और शिक्षक की धुनाई कर दी। आरोप है कि शिक्षक पहले भी कई छात्रों के साथ अश्लील हरकतें कर चुका है।

### युवती से अश्लील हरकत करते युवक को दबोचा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एंटी रोमियो टीम ने आवास विकास स्थित बाबू जगजीवन राम पार्क में युवती से अश्लील हरकतें करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। बुधवार की दोपहर एंटी रोमियो टीम प्रभारी सीताराम को सूचना मिली कि एक युवक आवास विकास स्थित बाबू जगजीवनराम पार्क में युवती के साथ अश्लील हरकत कर रहा है। टीम ने युवती के साथ अश्लील हरकत कर रहे युवक को धर दबोचा।

### लिंटर के मलबे में दबकर दो मजदूर घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव में पुराने मकान का लेंटर तोड़ते समय अचानक लिंटर भरभराकर गिर पड़ा। इस दौरान दो मजदूर मलबे में दब गये जिन्हें किसी तरह बाहर निकाला।

गांव पीपली रहमापुर निवासी मजदूर विनोद व साहब सिंह बुधवार की सुबह गांव के ही कुंवर वीर के पुराने मकान का लिंटर तोड़ रहे थे।

इसी दौरान अचानक लिंटर भरभराकर गिर पड़ा। लिंटर के साथ ऊपर चढ़े विनोद व साहब सिंह भी जमीन पर गिर गए और मलबे में दब गये। यह देख आसपास के लोग दौड़ पड़े और दोनों को किसी तरह मलबे से बाहर निकाला।

सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायल विनोद व साहब सिंह को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाते एआरटीओ डॉ.पीके सरोज।

## यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम हुआ। जिसमें वाहन चालकों और लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

एआरटीओ कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने यातायात नियमों की जानकारी दी। कहा कि नियमों का पालन करने से ही सुरक्षित सफर संभव है। उन्होंने वाहन चालकों, परिचालकों और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। पीटीओ एम आबदीन अहमद ने सड़क सुरक्षा को लेकर नियमों का पालन करने की अपील की। वरिष्ठ लेखाकार बादाम सिंह, वरिष्ठ सहायक राजवीर सिंह ने भी विचार रखे।



परीक्षा केंद्र पर कोतवाल से जानकारी लेतीं एएसपी अनुकृति शर्मा। ● अमृत विचार

## जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा की एएसपी ने देखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद में 17 और 18 फरवरी को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियां हो रही हैं। जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थाओं को जांच परख रहे हैं। जिसके तहत एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने कई परीक्षा केंद्रों का दौरा कर पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे और कक्षों के अंदर व्यवस्थाओं को देखा।

एएसपी ने केंद्रों के व्यवस्थापकों को जरूरी निर्देश भी दिए। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जनपद में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

संभल में बीडी इंटर कॉलेज सरायतरीन, एमजीएम कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, जेएलएम इंटर कॉलेज आदि केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा होनी है। जनपद में 9 हजार 840 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### मुस्लिम छात्राओं नें पेंटिंग बनाकर वेलेंटाइन डे को हया डे के रुप में मनाया

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार:** अल उवैस मार्डन एकेडमी में गर्ल्स इस्लामिक आर्गेनाइजेशन जीआईओ की ओर से वेलेंटाइन डे को हया डे के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ तिलावते कलाम व नात ए शरीफ से किया गया।

अल उवैस मॉडर्न स्कूल की छात्राओं ने पेंटिंग बनाकर हया व ईमान के बारे में विस्तार से समझाया। शिक्षिका अमीना ने कहा कि हया ईमान का हिस्सा है। जेहरा ने बताया कि हिजाब में रहकर भी पढ़ाई लिखाई व समाज में फैली बुराइयों को खत्म किया जा सकता है। महिलाएं डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर कुछ बन जाएं, लेकिन हया को न भूलें। कार्यक्रम में फैज गर्ल्स कॉलेज, जेड यू इंटर कॉलेज, उवैस मॉडर्न एकेडमी व दूसरे स्कूलों की छात्राएं और अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

## पैसा न मिलने पर किया धरना प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** कोविड वैक्सीन केरियर बाक्स को टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाने के बावजूद पैसे का भुगतान नहीं होने पर कर्मचारियों ने सीएचसी असमोली पर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने पैसे का भुगतान कराने की मांग उठाई। कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन के चलते वैक्सीन गांवों तक नहीं पहुंच सकी तो टीकाकरण नहीं हुआ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली पर बुधवार को एवीडी कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि वह कोविड वैक्सीन कैरियर बाक्स को टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाने का काम करते हैं।

1 जनवरी 2022 से लेकर 29 जनवरी 2023 तक के पैसे का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है जबकि वह कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन के चलते टीकाकरण वैक्सीन 34 गांवों में नहीं पहुंच सकी और टीकाकरण नहीं हुआ। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज चौधरी और एसीएमओ डॉ. पंकज विश्नोई मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों से समस्या के बारे में जानकारी ली। कर्मचारियों ने अधिकारियों पर धमकाने का आरोप लगाया। कहा कि भुगतान के बारे में कोई आश्वासन नहीं दिया गया। इस दौरान सत्तार अहमद, महाराम, धर्मवीर सिंह, देवेंद्र सिंह आदि रहे।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर विरोध जताते एवीडी कर्मचारी। ● अमृत विचार

**▶▶ रुका टीकाकरण, कोविड वैक्सीन कैरियर बॉक्स को केंद्रों तक पहुंचाने वाले कर्मचारी हो रहे हैं परेशान**

## सार-संक्षेप

### हवन कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई

**बहजोई, अमृत विचार :** नगर की शैक्षणिक संस्थानों में वसंत पंचमी पर हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां देकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं। बहजोई महाविद्यालय में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने हवन में आहुतियां देकर मां सरस्वती का गुणगान किया। इस दौरान अजय कुमार आयरन, विपिन कुमार गुप्ता, मनीष कुमार, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता, आचार्य उमेश शर्मा, संजय कुमार, गौरव वाष्णेय, श्रीनिवास सिंह यादव सहित आदि मौजूद रहे। उधर रॉयल पब्लिक स्कूल में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों ने विद्या प्राप्ति की कामना की। प्रबंधक मृदुल वार्ष्णेय, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, नैना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। कृष्ण मुरारी मनोरमा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान अध्यक्ष नरेश चंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रधानाचार्य नरेंद्र मोहन, वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, भगवान दास, तेज प्रसाद, नरेंद्र कुमार, विक्रांत सहित आदि मौजूद रहे।

### सरस्वती की वंदना कर बच्चों ने सजाई रंगोली

**सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसी-2 में वसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की वंदना के साथ-साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विद्यालय के बच्चे इल्मा, सिमरन, कृष्णा, अलीशा, अमान और जैगम ने सुंदर रंगोली बनाकर बसंत उत्सव के महत्व को जाना। बच्चों को बताया गया कि वसंत पंचमी का त्योहार ऋतु परिवर्तन के समय पर मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन मधुलिका सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निगहत जैदी, सहायक अध्यापिका खुशबू अग्रवाल व उषा देवी उपस्थिति रहीं।

### ब्राह्मण महिला सभा की सदस्याओं ने खेली फूलों की होली

**संभल, अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा की सदस्यों ने वसंत उत्सव धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने महिला मंडल मंदिर में सरस्वती पूजन कर एक दूसरे को पीले फूल भेंट किए। क्षमा दुबे ने सभी को सरस्वती पूजन की पुस्तकें भेंट कीं। महिलाओं ने वसंत के स्वागत में भजन गाए। कहा गया कि वसंत पंचमी से होली का शुभारंभ भी माना जाता है। इसी के चलते महिलाओं ने फूलों की होली भी खेली। इस अवसर पर पूनम शुक्ला द्वारा वसंत पर कविता प्रस्तुत की गई। अपने वक्तव्य में श्वेता तिवारी ने कहा कि वसंत पंचमी के दिन ही मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिए हिंदू धर्मावलंबी वसंत पंचमी को धूमधाम से मनाते हैं। कार्यक्रम में निम्मी शर्मा, दिशा पाठक, उदिता मिश्रा, सीमा शर्मा, रचना शर्मा, निधि शर्मा, सरोज हटवाल व नीरज शुक्ला शामिल रहे। आयोजन सीमा शर्मा द्वारा किया गया है। पंडित रामकृष्ण भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा।

### विद्या की देवी की विधि विधान से हुई पूजा-अर्चना

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बुधवार को बसंत पंचमी का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। जिसमें विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा संपन्न की गई। फव्वारा चौक स्थित मां सरस्वती मंदिर को बसंत पंचमी के अवसर पर मंदिर व प्रतिमा को विभिन्न फूलों से सजाया गया। मंदिर के बाहर भी फूलों की सजावट की गई। साथ ही रंग-बिरंगी झालरें लगाई गई। सुबह छह बजे से ही लोगों का पूजा-अर्चना करने को मंदिर पर पहुंचना प्रारंभ हो गया। पीले वस्त्र धारण कर मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं में मां सरस्वती को भोग लगाया और पूजा-अर्चना की। काफी संख्या में छात्र-छात्राओं भी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करने मंदिर पर पहुंचे। वहीं शहर के गोशाला रोड, बड़ा बाजार, घंटाघर, सीता रोड, ब्रह्म बाजार, सुभाष रोड आदि स्थानों पर पीली खिचड़ी का वितरण किया गया।

### छात्र कल्याण परिषद ने किया मां सरस्वती पूजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज बसंत पंचमी पर छात्र कल्याण परिषद की ओर से मां सरस्वती का पूजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके उपरांत पूजन व आरती संपन्न की गई। मां सरस्वती को फल व मिष्ठान का भोग लगाया गया। वहीं छात्राओं ने भजन प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। इस दौरान परिषद प्रभारी डॉ. रीता सिंह, विभा सिंह, अंजलि अग्रवाल, डॉ. रेनू गुप्ता, सपना अग्रवाल, नीता गुप्ता, शीतल यादव, साक्षी सिंह, सोनम सिंह, अतुल रस्तोगी आदि रहीं।

### श्री कृष्ण सुदामा की लीला देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**गुन्नौर, अमृत विचार :** पातालेश्वर शिव मंदिर परिसर में वृंदावन के बालकृष्ण लोककला मण्डल द्वारा रासलीला का मंचन किया गया। रासलीला मंडल के कलाकारों ने श्रीकृष्ण और सुदामा लीला का मंचन किया। श्री रासलीला मंचन के सातवें दिन बुधवार को श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता की लीला का मनोहारी व सजीव मंचन देख दर्शक महिला- पुरूष भाव विभोर हो उठे। कलाकारों ने नाट्य मंचन के जरिए बताया कि श्रीकृष्ण व सुदामा बाल्यकाल से ही सखा थे। गुरूकुल में विद्या अध्ययन के लिए दोनों गुरू संदीपनी के आश्रम में गए। वन जाते समय गुरू माता ने दोनों के लिए दो मुट्ठी चने दिए और कहा कि तुम दोनों भूख लगने पर खा लेना। सुदामा को भूख लगी और उन्होंने श्रीकृष्ण के हिस्से के चने भी खा लिए। कथा व्यास पंडित देवदत्त वशिष्ठ ने श्रीमद भागवत गीता के श्लोक पढ़कर पात्रों से मंचन कराया। इस दौरान महावीर महाराज, पुष्पेन्द्र यादव, प्रमोद, राजू, विजय बाबा, शिवचरन, यशपाल व मेघ सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

**सिरसी, अमृत विचार :** बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी में वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। एनसीसी कैडेट द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। बेस्ट एंकरिंग के लिए एनसीसी कैडेट कुमारी ऐशल सय्यदा और नजफ अली को मैनेजर अली अकबर रतन सी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के गत वर्ष के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 12 के विद्यार्थी सुल्तान सलाहुद्दीन अयूबी को स्मृति चित्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सैय्यद गुलाम अब्बास ज़ैदी, मोहम्मद सुहेल, मोहम्मद असकरी, सुदेश, प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी, उप प्रधानाचार्य मोहम्मद ऑन, प्रशासक असगर अली, डायरेक्टर ताहिर उज जमा व कोऑर्डिनेटर शबाना नाज़ आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### छूटे हुए विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 16 को

**बहजोई, अमृत विचार :** द्वितीय चरण में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे हुए विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी। छूटे हुए विद्यार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन बहजोई में परीक्षा दे सकते हैं। यह उन्हें अंतिम मौका होगा। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम ने देते हुए बताया कि छूटे हुए विद्यार्थी संबंधित प्रयोगात्मक विषय का अनुपस्थित पत्रांक व आईबी 234 लेकर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित हों।

### दिव्यांगों की समस्याओं का होगा समाधान

**संभल अमृत विचार :** विकास विकलांग सेवा समिति के जिला कार्यालय का उद्घाटन चौधरी सराय चारा मंडी में हुआ। कहा गया कि कार्यालय खुलने से दिव्यांगों को भटकना नहीं पड़ेगा। उनकी समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान फहत खलील, आस मोहम्मद, इमाम हाफिज बिलाल, सैयद शान अली, इसरार मलिक, दिनेश कुमार, डॉ. सलमान आदि रहे।

### भाकियू कार्यकर्ताओं के घर पुलिस का पहरा

**संभल अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं के घर पर पुलिस का पहरा रहा। यह निगरानी कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए की गई। युवा मंडल महासचिव चौधरी अर्जुन सिंह ने कहा कि उनके घर पर 12 फरवरी को शाम से पुलिस का पहरा है। युवाओं को दिल्ली जाने से रोका जा रहा है। सरकार से मांग है कि वह किसानों की मांग पूरी करे। इसके लिए किसानों से वार्ता की जाए।

### अंडरपास के लिए किसानों का धरना 22वें दिन भी जारी

**संभल अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले गांव भटौला में अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना 22वें दिन भी जारी रहा। इस बीच यूपीडा के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अंडरपास के लिए सर्वे किया। जिससे किसानों को तसल्ली हुई। किसानों ने कहा कि जब तक अंडरपास निर्माण शुरू नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगी।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

# गन्ना लदी ट्राली पलटी, किसान की मौत

## गांव असालतपुर जारई के निकट तड़के तीन बजे कोकावास पुल के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



खंदक में पलटी गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार



**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई के निकट कोकावास पुल के पास बुधवार को तड़के तीन बजे गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जा पलटी। गन्नों के नीचे दब कर किसान की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से गन्ने हटवा कर शव को बाहर निकाला।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर निवासी किसान बाबूजी (32) पुत्र रामपाल खेती के साथ ही सेंटर से ट्रैक्टर द्वारा वीनस शुगर मिल तक गन्ना ले जाने काम करता था। मंगलवार की रात उसने शुगर मिल के गन्ना सेंटर ढडौला से गन्ना लदवाया था। बुधवार को तड़के करीब तीन बजे वह ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना लेकर कर शुगर मिल जा रहा था। कोतवाली क्षेत्र के गांव असातपुर जारई और कोकावास पुल के बीच पहुंचा ही था। उसी समय ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जाकर पलट गई। किसान बाबूजी गन्ने के ढेर के नीचे दब गया। राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जेसीबी बुला कर किसान को बाहर निकाला और सीएचसी ले गई। वहां चिकित्साधिकारी ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सड़क हादसे में किसान बाबूजी की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मौत की सूचना जब घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। पिता रामपाल व मां राजवती समेत पत्नी मीरा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। किसान बाबूजी के तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी मीनू 9 वर्ष, मोनिका 7 वर्ष व बेटा हर्षित 5 वर्ष है। हादसे में मासूमों के सिर से पिता का साया छिन गया है। दुखी परिवार को ढांढस बंधाने के लिए घर पर ग्रामीणों का तांता लगा हुआ है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो चालक गंभीर घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित पथरा तिराहा के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सक के भर्ती कराया गया है। जबकि हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गया।

## सीढ़ियों से गिरकर पूर्व सैनिक की जान गई

**बबराला, अमृत विचार :** पूर्व फौजी की सीढ़ियों से गिरकर सिर में चोट लगने से मौत हो गई। पत्नी ने शराब के नशे की ओवरडोज में सीढ़ियों से गिर कर मृत्यु होने की तहरीर दी है। पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बाघऊ निवासी पूर्व फौजी ऋषिपाल (58) बुधवार सुबह करीब चार बजे कुत्ते को घुमाने के लिए उठा था। सीढ़ियां चढ़ते समय अचानक पैर फिसलने से ऋषिपाल गिर गया। इस हादसे में ऋषिपाल के सिर में गंभीर चोट लग गयी। परिजन आनन फानन में घायल ऋषिपाल को गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

ऋषिपाल की पत्नी सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी था। मंगलवार रात को अत्यधिक शराब पी ली इसी वजह से गिरने से हादसा हो गया।

चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि सरोज की तहरीर पर ऋषि पाल के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप




फव्वारा चौक पर वेलेंटाइन डे का विरोध करते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

### युवा व्यापारियों ने वेलेंटाइन डे का किया विरोध

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के फव्वारा चौक पर बुधवार को अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में युवा व्यापारियों ने वेलेंटाइन डे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। नगराध्यक्ष ने कहा कि वेलेंटाइन डे अश्लीलता, अनैतिकता, बेशर्मी और कामुकता से भरा होने के साथ विदेशी परंपरा को दर्शाता है। भारतीय संस्कृति के अनुरूप केवल यह समाज को असंस्कारित एवं अमर्यादित करने के उद्देश्य को पूर्ण करता है। प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी ने कहा कि आज का दिन देश के लिये अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इस दिन पुलवामा में आतंकी हमले से हमारे देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। देश के गौरव और शहीदों के सम्मान के लिये युवा पीढ़ी को पश्चिमी सभ्यता के रिवाज को भूलकर आज का दिन काला दिवस के रूप में मनाना चाहिए। नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि ऐसे दिन पर सभी माता-पिता और अभिभावकों को चौकन्ना रहना चाहिए। इस दौरान ऋषभ रस्तौगी, मयंक वार्ष्णेय चिंकल, विक्की रस्तौगी, तुषार क्रिस्टल, अभिनव शर्मा, आचार्य नरेन्द्र कुमार, अभिषेक वार्ष्णेय आदि रहे।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गीता सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। चतुर्थ दिवस पर बुधवार को कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री रामायणी ने भगवान श्रीहरि के कच्छप अवतार, वामन अवतार, परशुराम एवं रामावतार के साथ-साथ अनेक लीला चरित्रों का विस्तार से वर्णन किया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। अंत में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया। कथा वाचक ने भजन सुनाए। कान्हा के उद्घोष से कार्यक्रम स्थल गुंजाएमान हो गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अंजू, नीता, नीलम, मुक्ता, मोनिशा, स्वाती, राधिका, ओम प्रकाश गोगी, लव कुश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, संतोष जैन, विपिन चीनी, रमेश अधीर आदि रहे।

### असमोली क्षेत्र में नई तहसील गठित करने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** किसान प्रतिष्ठा मंच के राष्ट्रीय संयोजक डीएन सिंह ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर असमोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास के लिए एक तहसील का गठन करते हुए इसका मुख्यालय इलाके के केंद्र में स्थित ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम के सामने सैदनगली-चौधरपुर मार्ग पर उपलब्ध ग्राम सभा की करीब पांच एकड़ भूमि पर कराने की मांग की है। कहा है कि इस मार्ग को चौड़ा करके फोरलेन का राजकीय राजमार्ग बनाया जाए। हरिद्वार से नजीबाबाद आदि शहरों से होते हुए सौरो घाट तक जाने वाले मार्ग को नेशनल हाईवे के रूप में विकसित कराने, ऐंचौड़ा कम्बोह बिजलीघर की क्षमता वृद्धि, ऐंचौड़ा कम्बोह अस्पताल में ओटी, वार्ड शुरू कराने और डॉक्टरों कर्मचारियों की तैनाती कराने की मांग की है। कहा कि प्रधानमंत्री 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम का शिलान्यास करने के लिए आ रहे हैं। कल्कि धाम का निर्माण होने से ऐंचौड़ा कम्बोह ऐतिहासिक स्थल बन जाएगा।

### चोरी का आरोपी चाकू के साथ गिरफ्तार

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी मोहम्मद अली उर्फ कल्लू एक सप्ताह पहले हुई गांव शाहपुर डसर में चोरी के मामले में फरार चल रहा था। बुधवार को सूचना मिलने पर पुलिस थाना क्षेत्र में पाकबड़ा मार्ग पर गांव मालपुर के पास पहुंची और यहां खड़े मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को मोहम्मद अली के पास से चाकू भी बरामद हुआ।

## ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, बच्ची सहित पांच घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ दो घायलों को निजी हॉस्पिटल व अन्य को सीएचसी में कराया भर्ती

**अमृत विचारः** बनियाठेर थाना क्षेत्र के चन्दौसी-जरगांव मार्ग पर गांव अमियापुर पचाक के पास ईट भट्ठे के पास गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में चार वर्षीय बच्ची सहित पांच लोग घायल हो गए।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अमियापुर पचाक निवासी खिलेंद्र अपनी पत्नी कविता व बच्चे के साथ बुधवार की दोपहर चन्दौसी खरीदारी करने आया था। वह बलवीर के ई-रिक्शा में बैठकर घर जा रहा था। जब ई-रिक्शा अमियापुर पचाक से पहले ईट भट्ठे के पास पहुंचा तो सामने से आ रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक बलवीर, राजपाल व चार वर्षीय मासूम राशि गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर घायल बलवीर व राजपाल को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल ले गए। जबकि खिलेंद्र के परिवार को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां राशि की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### नाबालिग को ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**धनारी।** थाना धनारी क्षेत्र गांव सिकरोरा भूड़ निवासी राम भूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बहजोई कोतवाली क्षेत्र का युवक गजेन्द्र पुत्र चमन निवासी विकास मिल के पीछे उसकी नाबालिग लड़की को भगा ले गया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी को तलाश करने के प्रयास शुरू कर दिये हैं। किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस ने टीम गठित कर दी है।

## किसानों पर आंसू गैस छोड़े जाने की निंदा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



किसान संघर्ष समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ गांव असालतपुर जारई में राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति की बैठक

▸▸ समिति ने 16 फरवरी को भारत बंद को सफल बनाने का किया आह्वान

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति की बैठक बुधवार को गांव असालतपुर जारई स्थित कार्यालय में हुई। जिसमें राष्ट्रीय किसान मोर्चा के आंदोलन में किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की निंदा की और भारत बंद को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसानों की मांगों को लेकर जो आंदोलन किया जा रहा है। उस पर भारत सरकार द्वारा आंदोलनकारियों पर आंसू गैस व केमिकल वाले पानी की बौछार तथा लाठी चार्ज जैसी घटना को अंजाम दिया।

इसे देखते हुए 16 फरवरी को किसान संघर्ष समिति ने सरकार की निंदा करते हुए भारत बंद का फैसला लिया है। जिसका समर्थन करते हुए भारत बंद में रेल रोको व हाईवे जाम कराने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने किसानों से आंदोलन में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, अमित राघव, शैलभ शर्मा, बब्लू मिस्त्री, मनोज कुमार, रामपाल सिंह, मुकेश शर्मा, हरिओम शर्मा, भारत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।




भगत सिंह स्मारक पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते संघ के पदाधिकारी।




पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देते अभाविप के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# पुलवामा के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ जवानों की इस शहादत को पूरा देश हमेशा याद रखेगा और उन्हें नमन करता रहेगा

**अमृत विचारः** ब्राह्मण शक्ति संघ की ओर से पुलवामा में शहीद हुए देश के जवानों को स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि पांच वर्ष पहले दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के 42 जवान शहीद हुए थे। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से सीआरपीएफ की बस को टक्कर मार दी थी। । जवानों की इस शहादत को पूरा देश हमेशा याद रखेगा और उन्हें नमन करता रहेगा।

उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि जवानों की सुरक्षा और कड़ी की जानी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अभिनव शर्मा, अविरल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मुकेश गौड़, विवेक शर्मा, शिवराम वत्स, विनीत शर्मा, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने 14 फरवरी ब्लैक डे के रूप में मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पांच वर्ष पहले पुलवामा हमले के शहीद हुए सैनिकों को नम आंखों से याद कर श्रद्धांजलि दी। बुधवार की शाम स्टेशन रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्मारक पर परिषद के कार्यकर्ता एकत्र हुए। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को भारत इतिहास के ब्लैक डे के रूप में जाना जाएगा। क्योंकि यह भारतीय इतिहास में सेना पर अब तक का सबसे बड़ा हमला था। जिसमें 42 सैनिकों ने अपनी जान गवाई थी। विभाग संयोजक आकाश कुमार, अखिलेश श्रीवास्तव, डॉ. डीके अग्निहोत्री, शगुन ठाकुर, विवेक त्रिपाठी, चेतन कुमार, जानसन गुप्ता, हरेंद्र गुप्ता, मयंक वार्ष्णेय, विक्की बाबू, अनुराग, सूर्य ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## युवती से छेड़छाड़ का आरोपी सिपाही निलंबित

**चन्दौसी, अमृत विचारः** थाना बनियाठेर पुलिस ने युवती से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी सिपाही के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। कोतवाली चन्दौसी क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई निवासी पीड़ित पिता ने थाना बनियाठेर में डायल 112 बहजोई में तैनात सिपाही तनवीर बालियान उर्फ तनवीर अहमद के खिलाफ छेड़छाड़ समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पीड़ित पिता ने बयां किया कि उसकी बेटी चन्दौसी के एक निजी अस्पताल में मेडिकल डिपार्टमेंट में कार्य करती है। ड्यूटी से लौटते समय सेक्रेड हार्ट स्कूल के निकट सिपाही तनवीर बालियान ने बाइक से बेटी का पीछा किया। उससे मोबाइल छीनने का प्रयास किया। बेटी ने जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया।

## संभल के युवक की नोएडा में ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**संभल, अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव लहरा कमंगर निवासी जमील का 20 वर्षीय बेटा मोहम्मद आरिफ दिल्ली में रहकर गैस वेल्डिंग का काम करता था। मंगलवार की सुबह दस बजे मोहम्मद आरिफ ट्रेन से कहीं जा रहा था। नोएडा में अचानक से रेलवे ट्रैक पर गिर गया और ट्रेन की चपेट में आकर मोहम्मद आरिफ की मौत हो गई। यहां से गुजर रहे आसपास के लोगों ने मोहम्मद आरिफ को रेलवे ट्रैक पर पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराकर हादसे की सूचना परिजनों को दी।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

विडंबना

भारत-पाक बंटवारे में यहां स्टेशन रोड पर बसे हैं 79 परिवार, स्टेशन रोड पर पंजाबी कालोनी में बसे हैं लोग

# चन्दौसी में 57 साल बाद भी किराएदार बन कर रह रहे शरणार्थी

श्याम मिश्रा, चन्दौसी



चन्दौसी स्टेशन रोड स्थित पंजाबी कालोनी। ● अमृत विचार



रघुनंदन कुमार वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बंटवारे के दौरान पाकिस्तान से पंजाबी समाज के कई परिवार चन्दौसी आ गए। रहने को सरकार से जगह मांगी तो सरकार ने इन्हें एक भूखंड दे दिया और पुरुषार्थी कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी का गठन कराया गया। सरकार ने 1967 में सोसाइटी को जमीन आवंटित कर दी। भूखंड में पार्क सहित 79 भूखंड काटे गए। मगर आज भी पाकिस्तान से आए परिवारों को स्वामित्व नहीं मिल सका है। वह 57 वर्ष बाद भी किराएदार के रूप में रह रहे हैं। कई प्रयास के बाद भी असफल रहे। आज उस स्थान को पंजाबी कॉलोनी के नाम से जाना जाता है। जिसकी गिनती पॉश कॉलोनी के रूप में की जाती है।

जब देश आजाद हुआ था तो भारत-पाकिस्तान का बंटवारा होना शुरू हो गया। यहां के लोग पाकिस्तान व वहां से लोग भारत में आने लगे। पाकिस्तान के लाहौर के पास स्थित जनपद मरदान के सैकड़ों पंजाबी परिवार भारत आ गए और इधर-उधर रहने लगे। जिसमें कुछ परिवार चन्दौसी पहुंचे। सरकार से रहने के लिए स्थान दिलाने की मांग की। स्टेशन रोड स्थित पंजाबी कॉलोनी निवासी 80 वर्षीय रघुनंदन कुमार वर्मा बताते हैं कि वह उस समय पांच वर्ष के थे। बताया कि सरकार ने समाज के लोगों से सोसाइटी गठित करने की बात कही। इसके बाद पुरुषार्थी कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी का गठन किया गया। 1967 में स्टेशन रोड पर एक भूखंड सोसाइटी के नाम कर दिया। मगर इस भूखंड बदले में लोगों ने करीब 90 हजार रुपये कई किश्तों में सरकार को दिए थे। इसके बाद भूखंड में 79 प्लाट व एक पार्क काटा गया।

आज उस भूखंड को पंजाबी कॉलोनी के नाम से जाना जाता है। कॉलोनी को बसे 57 वर्ष हो गए। मगर आज तक लोगों को स्वामित्व का अधिकार नहीं दिया गया। आज भी पाकिस्तान से आए शरणार्थी किराएदार की तरह रह रहे हैं। वर्मा ने बताया कि कॉलोनी के अन्य लोगों के साथ मिलकर कई बार सरकार व प्रशासन से बात करके काफी प्रयास किए। मगर कागज पूरे नहीं होने की बात कही गई। जिसके कारण वह आज भी किराएदार हैं।

### अपने भूखंड का पांच रुपये देते थे किराया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुरुषार्थी कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी का गठन 1958 में हुआ। जिसमें कॉलोनी में रहने वाले सभी लोगों को सदस्य बनाया गया। तभी से किराये के रूप में कालोनी के प्रत्येक परिवार से पांच रुपये लिए जाते थे। मगर प्रशासन व सरकार ने 1994 में सोसाइटी को भंग कर दिया। उसके बाद किराया लेना भी बंद हो गया। जबकि उक्त भूमि को सरकार ने सोसाइटी के नाम कर दिया था। आज भी पंजाबी समाज के लोग अपने भूखंड पर बने मकान को किसी को नहीं बेच सकते हैं। क्योंकि उन्हें स्वामित्व नहीं मिला है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

# संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए,सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता,क्रिटिकैलिटी,विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है,बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित,यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे,लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं,लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था,लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है,वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है,परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है,लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं,लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं,उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

## प्रसंगवश

# महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

कल वैलेंटाइंन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था,खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है,ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम -अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है,यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

# लिव इन अब कोई खेल नहीं



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है,क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है,लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों,वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है,बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है,किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

## सोशल फोरम

# कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

# राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

# संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है,इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है,जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए,ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है,लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे,लोन लेने,होटल,टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया,लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित,लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है,कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी,लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया,यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**धामपुर, अमृत विचार :** बाइक से घर लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन से टकराकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मंगलवार रात नूरपुर थानाक्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी पीयूष कुमार (30 वर्ष) बाइक से घर लौट रहा था। जब वह नींदडू के पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीयूष की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की बैठक आज

**नहटौर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के तत्वावधान में संकल्प यात्रा 27 फरवरी को हरिद्वार के गंगा वीआईपी घाट से दिल्ली जंतर-मंतर तक की संकल्प यात्रा निकलेगी। इसके संबंध में शेरकोट के मोहल्ला फतेहनगर में दक्ष प्रजापति धर्मशाला में 15 फरवरी को प्रजापति समाज की बैठक दोपहर एक बजे होगी। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष डॉ. एके दक्ष ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह प्रजापति रहेंगे। उन्होंने बताया कि समाज की मुख्य मांग प्रजापति समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी व जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति वर्ग का आरक्षण व प्रजापति समाज उत्थान आदि मांगें सरकार से है। सरकार इनका समय से समाधान कराए।

### गोशाला में मिलीं खामियां

**चांदपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा संचालित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के पास गोशाला का भारतीय गो रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा और जिला महामंत्री मुनेश चंद्र शर्मा ने निरीक्षण किया। जिसमें दोनों पदाधिकारियों को गंभीर खामियां मिलीं। गोशाला में पशुओं के पीने के लिए पानी, हरे चारे की व्यवस्था ठीक नहीं मिली। एक गोवंश की हालत गंभीर मिली। जानकारी मिली कि शेल्टर होम में नगर पालिका अधिकारी निरीक्षण के लिए कम ही पहुंचते हैं। भारतीय गो रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा और जिला महामंत्री मुनेश चंद्र शर्मा ने उक्त गोशाला के संबंध में मिले खामियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने पहुंचाने की बात कही।

# सार्वजनिक भूमि पर न हो अवैध कब्जा

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**



बैठक करते जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि सभी निर्धारित दायरे के सापेक्ष न्यायिक कार्य करना सुनिश्चित करें और अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लम्बित न रखें।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि नियमित रूप से न्यायिक कार्य न करने से एक ओर वाद लम्बित होते हैं, वहीं आमजन को न्याय न मिलने से असंतोष भी उत्पन्न होता है। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वादों के गुणवत्तापरक निस्तारण कार्य में तेजी लाएं। तहसीलदार पत्रावलियों का समयबद्वता के साथ निस्तारण करें और नियमित रूप से कोर्ट कार्य कर पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने धामपुर एवं चांदपुर तहसील में वादों के निस्तारण की गति में असंतोष व्यक्त करते हुए संबधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी जगह सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। जो भूमि कब्जा मुक्त कराई जाए, वहां प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ चहारदीवारी का निर्माण कराना सुनिश्चित करें तथा उसको सदुपयोग कराने की योजना भी बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर अवैध कब्जा धारकों द्वारा राजस्व कार्मिकों के साथ अभद्र व्यवहार का मामला संज्ञान में आता है। संबंधित उप जिलाधिकारी समुचित पुलिस बल के साथ भूमि को कब्जा मुक्त कराएं और दोषियों के विरुद्व दण्डात्मक कार्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार मौजूद रहे।

### लक्ष्य के सापेक्ष वसूली के लिए कार्य योजना बनाएं

**बिजनौर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैश बोर्ड रैंकिंग में राजस्व वसूली की प्रगति कम पाए जाने पर आबकारी विभाग को नोटिस जारी करने तथा बाट माप विभाग की रैंकिंग कम होने पर विभागीय अधिकारी को सचेत रहने के निर्देश दिये। उन्होंने खनन विभाग तथा वाणिज्य कर को निर्देश दिये। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली करने के लिए कार्य योजना बनाएं और अपने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वसूली कार्य की समीक्षा करें ताकि प्रति माह मासिक एवं वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सम्भव हो सके।

### सड़क हादसे में कार सवार तीन लोग घायल

**नगीना, अमृत विचार :** नगीना-रायपुर मार्ग पर ट्रक और कार की टक्कर में कार सवार तीन घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के लैंसडोन क्षेत्र के ग्राम जमारी पट्टी निवासी अक्षित 30 वर्ष पुत्र राजेंद्र अपने साथी जोया मुकरीपुरा निवासी अर्जुन 27 वर्ष व श्यामपुर निवासी देवेंद्र के साथ कोटद्वार से निजी कार से बुधवार को बालाजी धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे नगीना-रायपुर तिराहे के पास कार पहुंचने पर नगीना की ओर से आ रहे गन्ने से लदा ट्रक आ रहा था। पहिया निकलने के कारण अनियंत्रित हुये ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे खंदक में जा गिरी। इसमें कार में सवार अक्षित व अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों कार से निकाल कर उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में लाया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली।

### जंगली जानवर के हमले में महिला घायल

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल महिला को ले आये और उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। सूचना पर पुलिस बल व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल की निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने महिला पर भालू के हमला करने की आंशका व्यक्त की है।

थाना क्षेत्र के गांव शाहअलीपुर कोटरा उर्फ अनूप नगर निवासी रानी 45 वर्ष पत्नी महेंद्र सिंह कश्यप बुधवार को पति महेंद्र व बेटी काजल तथा पड़ोस के सनी पुत्र भूरे के साथ आरक्षित वन क्षेत्र में लकड़ी बीनने गई थी। जंगली जानवर ने रानी पर हमला कर दिया। रानी की चीख सुनकर काजल व सनी ने मौके पर जाकर देखा तो रानी के ऊपर काले बालों वाला एक जानवर हमला कर रहा था। शोर करने पर जंगली जानवर मौके से भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जानवर ने रानी के पेट पर हमला किया।

# हे माता शारदे यह वर दे नितदिन तेरा गुणगान करें

**कार्यालय संवाददाता, बिजनौर**




कार्यक्रम में बोलते पूर्व विधायक सुरेश राठौड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वसंत पंचमी एवं मां कामाख्या की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर आदि शक्ति पीठ सूर्य उपासना ट्रस्ट विदुरकुटी पर स्वामी अंश चैतन्य महाराज ने काव्य संध्या का आयोजन किया।

काव्य संध्या का आरंभ मुख्य अतिथि जयराम दास महाराज एवं कार्यक्रम अध्यक्ष हुक्का बिजनौरी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कवि गिरीश चंद त्यागी ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। नरेंद्र शिखर की कविता जीवन के आडंबर देख सूट बूट में बंदर देख को खूब सराहा। कवि रमेश राजहंस की लयबद्ध कविता हे मात शारदे यह वर दे नितदिन तेरा गुनगान करें ने गोष्ठी में मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. पंकज भारद्वाज ने काव्यपाठ किया। हुक्का बिजनौरी ने रामायण के रोचक प्रसंग प्रस्तुत किये एवं उनकी हास्य व्यंग्य रचनाओं पर खूब तालियां बजीं। गोष्ठी का संचालन विकास कुमार अग्रवाल ने किया। **नजीबाबाद** में भी वसंत पंचमी पर चौक बाजार में मां सरस्वती का पूजन किया। चौक बाजार में वसंत पूजा की गई। जिसमें मुख्य यजमान पंकज अग्रवाल रहे। पंडित सत्य प्रकाश मिश्रा एवं पंडित शैलेंद्र मिश्रा से पूजा अर्चना कराई।

### पूजा पाठकर होली का वसंत रखा

**हल्दौर, अमृत विचार :** वसंत पंचमी पर नगर मोहल्ला भूड़ होली चौक पर होली का बसंत रखा गया। बुधवार को नगर स्थित मोहल्ला भूड़ होली चौक पर होलिका दहन एवं रंग महोत्सव समिति के तत्वावधान में होली का वसंत रखा। इस अवसर पर पंडित नवीन कुमार भारद्वाज ने पूजा पाठ कर विधि-विधान होली का वसंत रखा। जिसमें समिति अध्यक्ष सभासद हेमंत पंवार, कोषाध्यक्ष सभासद कमल सिंह, सोनू चौहान, राजेश चौहान, ललित चौहान, पीताम्बर सिंह, महिपाल सिंह, जुगनू सैनी, कामेन्द्र राजपूत, संरक्षक राजन चौहान आदि उपस्थित रहे।

### हवन कर मांगा आशीर्वाद

**चान्दपुर, अमृत विचार :** बीआईटी संस्थान में वसंत पंचमी पर हवन किया। इस अवसर पर संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. आशा सिंह, उपनिदेशक डॉ. अजय गुप्ता, एजीएम फाइनेंस अधिकारी दुष्यंत कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन डॉ. अजय सिंह, डॉ. कावेन्द्र यादव, डॉ. सचिन सिंघल, डॉ. अजय शर्मा, इंजीनियर निकुल चैधरी, डॉ. संदीप दरबारी, डॉ. शीतल राजपूत, राहुल चैधरी, विवेक शर्मा, अरूण कुमार, सुमित सिंह, वैभव कुमार, आशीष कुमार, अर्पित शर्मा, अर्पिता माहेश्वरी, विवेक तोमर, आदि ने हवन में आहुति देकर विश्वकल्याण के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सभी ने पीले वस्त्र पहनकर मां सरस्वती की आराधना की। डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि प्राचीन काल से इस दिन को ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिनाक्षी, उवर्शी, विवेक सैनी आदि की भूमिका रही।

## सार-संक्षेप



नगीना में रक्तदान करने के बाद प्रमाण पत्र दिखाते लोग। ● अमृत विचार

### 55 लोगों ने किया शिविर में रक्तदान

**नगीना, अमृत विचार :** रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया। धामपुर मार्ग स्थित गोयल आयुर्वेद चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का उद्घाटन शेख शाहनवाज खलील ने काटकर किया। इस अवसर पर शेख शाहनवाज खलील व उनकी टीम के लोगों सहित कुल 55 ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में गोयल आयुर्वेदिक चिकित्सालय के स्वामी श्वेत कमल गोयल, मंजीत विश्नोई, अमन जोशी, शेख जमशेद, शम्मी पाल जितेंद्र सिंह, राहुल सैनी, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



भाजपा में शामिल हुए लोग। ● अमृत विचार

### 37 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**नगीना , अमृत विचार :** नगीना विधानसभा क्षेत्र का भाजपा मिलन समारोह स्थानीय लोनिवि गेस्ट हाउस में हुआ। पूर्व विधायक सतीश गौतम की अध्यक्षता व जिला उपाध्यक्ष के संचालन में कार्यक्रम हुआ। भाजपा मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला ज्वानिंग कमेटी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि व पूर्व विधायक सुरेश राठौर रहे। इस मिलन समारोह में क्षेत्र के 37 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में रोशन लाल भी शामिल रहे।समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, योगेंद्र राजपूत, कुलदीप त्यागी, विकास राजपूत, अभिषेक अग्रवाल, सचिन शर्मा, धर्मेंद्र राठी, सुरेश भगत, हरिराज सिंह, सभासद रोहित विश्नोई, गोपाल शर्मा, विकास राजपूत, प्रहलाद कुशवाहा, अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री कय्यूम राइन, पिछड़ा मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष यशपाल सैनी, प्रभात चंद गुप्ता, अरुण शर्मा, सोहन सैनी, सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, शाकुंबरी मित्तल आदि मौजूद रहे।

### बसंत पंचमी पर छात्राओं ने की सरस्वती वंदना

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी का कार्यक्रम मनाया गया। पंडित त्रिलोचन सिंह ने विधि विधान से पंच कुण्डीय यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में यजमान अध्यक्ष अनिल कुमार रस्तोगी, व्यवस्थापक मनीष कुमार जैन, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा रहे। सरस्वती वंदना अंशिका, वैष्णवी द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने वीर हकीकत राय के राष्ट्र एवं धर्म के प्रति त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला तथा पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

### शेरी महफिल में कलाम पेश किए

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** मोहल्ला कलालान में हाफिज शादाब मुल्तानी के निवास स्थान पर शेरी महफिल का आगाज डॉ. तौकीर मुल्तानी ने किया। मुख्य अतिथि तसनीम सिद्दीकी ने कहा उर्दू की यह महफिल अदब और तहजीब सिखाती है। महेंद्र अश्क की अध्यक्षता व सुहैल शाहाब शमशी के संचालन में महफिल का आगाज मौलाना अकरम की नात ए पाक से हुआ। महफिल में शायरों ने अपने अंदाज में कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर हाजी नोशाद अख्तर सैफी, अलताफ रजा, मास्टर तनवीर, सुफियान मुल्तानी, आफताब नोमानी आदि मौजूद रहे।



निजी अस्पताल में कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### निजी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन सील

**स्योहारा, अमृत विचार :** जिला अधिकारी के आदेश के पर स्वास्थ्य विभाग ने टीम गठित कर स्योहारा में सिटी मैटरनिटी नर्सिंग होम पर छापा मारा। यहां अल्ट्रासाउंड मशीन में खामियां मिलीं। जिसके बाद टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील कर दिया।

नोडल अधिकारी देवदास ने बताया कि जिला अधिकारी के आदेश पर जिले भर में छापेमारी की जा रही है। इसके तहत स्योहारा में टीम ने छापा मारा। जहां सिटी मैटरनिटी हॉस्पिटल में संचालित अल्ट्रासाउंड मशीन में खामियां पाई गईं। जिसके बाद अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र को टीम ने सील कर दिया। उन्होंने कहा कि आगे भी यह छापामारी जारी रहेगी और जिले भर में संचालित अवैध रूप से क्लिनिक नर्सिंग होम पर खामियां मिलीं तो कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम में मौजूद नायब तहसीलदार, डिप्टी सीएमओ डॉ. केके राहुल, नोडल अधिकारी देवीदास, जबर सिंह, अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### निजी संस्था ने कराई दो युवतियों की शादी

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिले की सामाजिक संस्था सारथी हम ने दो अलग-अलग गांव में दो कन्याओं का विवाह कराया। ग्राम अल्लाहेड़ी निवासी सुरेश कुमार की छह लड़की और एक लड़का है। संस्था ने उसकी एक बेटी की शादी कराने में सहयोग किया। दूसरी और थाना नहटौर के ग्राम रुखेड़िओ निवासी महेंद्र व उसकी पत्नी सुमन की पांच साल पूर्व एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिनके छह बच्चे हैं। उनकी बड़ी बेटी की शादी में संस्था ने सहयोग किया। संस्था ने दोनों शादियों में 101 बर्तन, 11 जोड़ी कपड़े, सिलाई मशीन और आर्थिक सहायता की। इस दौरान संस्था के महासचिव आशीष तोमर, जिलाध्यक्ष डॉ. नवनेष कोठारी, कानूनी सलाहकार मोहित चौधरी, सचिव विपिन दोदवाल, अधिवक्ता संगीता बामल, अधिवक्ता फातिमा, संजीव कुमार रहे ।

### महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा ब्लाक अफजलगढ़ में स्थित कासमपुर गढ़ी के डबाकरा हॉल में शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि व कार्यक्रम संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की।बुधवार को कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा पारित महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 तथा महिलाओं के हित में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य सरदार मलकीत सिंह एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत ने किया। खेल सिंह राजपूत ने कहा कि देश की महिलाएं पुरुषों से कदमताल करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी ताल ठोक रही हैं। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शर्मा व देशराज सिंह चौहान द्वारा किया। कार्यक्रम में एसडीओ आईएसबी इकबाल अहमद, सीमा नेगी, शशि कुसुम लता पाल, बबीता रूहेला, अंकित चौहान, प्रशांत चौहान तथा शिवम गहलौत आदि मौजूद रहे।

## रामपुर

# उद्यमियों को भयमुक्त माहौल दे रही प्रदेश सरकार : विधायक

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**

**अमृत विचारः** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उद्यमियों को भयमुक्त वातावरण दे रही है। युवाओं के रोजगार के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। इससे प्रदेश देश की तरक्की का सारथी बन गया है। आने वाले समय में इसमें और तेजी आएगी।

सिविल लाइंस क्षेत्र में आयोजित श्री फ्लेक्स की दूसरी यूनिट के शुभारंभ समारोह में बुधवार दोपहर शहर विधायक ने कहा कि एक समय था, जब अपराधियों और माफिया ने उद्योगों को बंद कराने के लिए मुहिम चलाई थी। उद्यमियों से हफ्ता वसूली होती थी। नतीजा यह होता था कि बदहाल कानून व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को अपराधियों के प्रदेश के रूप में पहचान दिला दी थी। ऐसे में उत्तर प्रदेश को वापस पटरी पर लाने के लिए सख्त कानून व्यवस्था और उद्योगों के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करने की जरूत थी। यह काम प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद ही शुरू हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त कानून व्यवस्था और अपराधियों के खिलाफ जीरों टॉलरेंस की नीति के चलते इसमें सुधार हुआ। आज माहौल पूरी तरह से उद्योगों और उद्यमियों के हित में है। नए-नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार मिलने में आसानी हो गई है। रामपुर जैसा शहर अपनी खोई हुई पहचान को वापस हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि रामपुर में लगातार निवेश बढ़ रहा है। आर्थिक उन्नति हो रही है आगे भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेंगे।

### वीडियो कॉफ्रेंसिंग से पेश हुए अब्दुल्ला आजम

**रामपुर, अमृत विचारः** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट में सुनवाई हुई। गवाह ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 20 फरवरी को सुनवाई होगी।

सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि अब्दुल्ला आजम के पास दो पासपोर्ट हैं। उन्होंने इन पासपोर्ट का उपयोग किया है। पुलिस ने विवेचना के बाद धोखाधड़ी कर पासपोर्ट हासिल करने और पासपोर्ट अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में सुनवाई हो रही है। बुधवार को कोर्ट ने गवाह के बयान दर्ज कराए। इस दौरान वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये अब्दुल्ला आजम खां कोर्ट में पेश हुए। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि पासपोर्ट में गवाहों के बयान हुए हैं।



स्वार में बकाएदार की जमीन कुर्क करते नायब तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह, साथमें मौजूद राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# ऋण जमा नहीं करने पर भूमि कुर्क

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचारः** राजस्व प्रशासन ने लाखों रुपये के बड़े बकायेदार के घर वसूली के लिए कार्रवाई की। बकाएदार घर नहीं मिलने पर तहसीलदार ने लेखपालों को कुर्क करने के निर्देश दिए। लेखपालों ने चारों तरफ जमीन पर लाल झंडे लगाकर कुर्क करने के साथ ही परिजनों को जमीन में खड़ी फसल खुर्द-बुर्द करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

तहसील के गांव अलीनगर जहांगीर निवासी गोहर अली पुत्र मुनव्वर अली ने प्रथमा बैंक से लाखों रुपये का ऋण लिया था। ऋण जमा नहीं करने पर बैंक ने 12 लाख 65 हजार 580 रुपये की आरसी जारी कर तहसील प्रशासन को भेज दी थी। बुधवार को एसडीएम अवनीश कुमार ने कार्रवाई की तो बकाएदार फरार हो गया था। नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह ने राजस्व टीम व पुलिस को साथ ले बड़े बकायेदार के खिलाफ कार्रवाई की। बकायेदार घर नहीं मिलने पर नायब तहसीलदार ने लेखपाल दीपक भटनागर व संग्रह अमीन चरण सिंह को उसकी भूमि की नापतौल कर कुर्क करने के निर्देश दिए।

### आश्वासन पर किसानों का बेमियादी धरना खत्म

**रामपुर, अमृत विचार :** नहर खंड अधिकारियों के आश्वासन पर किसानों ने धरना खत्म कर दिया। अधिकारियों ने किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का निस्तारण दो सप्ताह के भीतर हो जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सैदनगर अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह के नेतृत्व में किसान मंगलवार को नहर खंड कार्यालय में दोबारा बेमियादी धरने पर बैठ गए थे। उनका कहना था कि नौ माह पहले अधिशासी अभियंता ने सभी मांगों के निरस्तारण का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। किसानों की चेतावनी पर अधिशासी अभियंता सियाराम अपने अधीनस्थ अधिकारियों को लेकर मंगलवार देर रात धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों ने प्रदेश महासचिव हसीब अहमद को बुलवा लिया। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया, दो सप्ताह में सभी मांगों का निस्तारण कर दिया जाएगा। दोनों पक्षों में सहमति बनने पर धरना समप्ति की घोषणा कर दी।

### कार में ई-रिक्शा टकराने पर चालक को पीटा

**शाहबाद, अमृत विचारः** शाहबाद-बिलारी मार्ग पर कार में साइड लगने पर ई-रिक्शा चालक को कार सवारों ने पीट दिया। ई-रिक्शा चालक उनसे माफी मांगता रहा, लेकिन कार सवार नहीं माने और पिटाई करते रहे। हंगामा होता देख राहगीरों ने बीच-बचाव कर ई-रिक्शा चालक को बचाया।

बुधवार सुबह जनपद मुरादाबाद के बिलारी तहसील निवासी चार युवक कार से शाहबाद से होकर गुजर रहे थे। इस बीच सामने से एक युवक ई-रिक्शा लेकर आ रहा था। ईदगाह के सामने कार में उसकी ई-रिक्शा से साइड लग गई। कार सवार चारों युवकों ने ई-रिक्शा चालक को पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने ई-रिक्शा चालक को अनगिनत थप्पड़ मारे। ई-रिक्शा चालक हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन युवक नहीं माने।

# शोहदों की हरकत बर्दाश्त न होने पर छात्रा ने की थी आत्महत्या

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

▸▸ **परिजनों ने किया अंतिम संस्कार, आरोपियों ने घर में घुसकर किया था दुष्कर्म का प्रयास**

> आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा जाएगा।
> **-अजय मिश्रा,** प्रभारी थाना सिविल लाइंस

**अमृत विचारः** शोहदों से तंग भाजपा नेत्री की छात्रा बेटी ने मंगलवार को फंदे पर लटककर जान दे दी थी। छात्रा आरोपियों की हरकत बर्दाश्त नहीं कर सकी थी। इसलिए उसने आत्मघाती कदम उठाया। बुधवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया। देर रात भाजपा जिलाध्यक्ष ने घटना की जानकारी ली।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक नागरिक बिजली घर में तैनात है, उनकी पत्नी भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी हैं। मंगलवार को उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली थी। उसके शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ गई है। इसमें उसकी मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने ओम विशिष्ठ, कुनाल गुप्ता, अभिषेक चंद्रा को नामजद किया है। साथ ही कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। इनके खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में दर्ज रिपोर्ट दर्ज हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को पकड़ने के उनके घरों पर दबिश दे रही है। जानकारी मिलने के बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू व अन्य भाजपाई पीड़िता के घर पहुंचे थे।

### 10 दिन में दो छात्राओं को गंवानी पड़ी अपनी जान

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में छेड़खानी की घटनाएं बढ़ रही हैं। छात्राएं इज्जत की खातिर फंदे पर लटक कर या जहर खाकर अपनी जान गंवा रही हैं। 10 दिन में युवकों की हरकतों से परेशान दो छात्राओं को अपनी जान गंवानी पड़ी है। लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ कुछ नहीं कर पाई है। पहला मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है, यहां की रहने वाली एक छात्रा को युवक रास्ते में आते-जाते समय परेशान किया करता था। इससे तंग आकर छात्रा ने कुछ दिन पहले जहर खा लिया था। उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। अब सिविल लाइन में कुछ युवक कक्षा आठ की छात्रा को परेशान कर रहे थे। विरोध करने पर परिजनों के दबाव में युवकों ने लिखित में समझौता किया था। लेकिन बाद में आरोपी घर में घुसे और छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास किया था।

### कागजों में रह गई एंटी रोमियो टीम

**रामपुर, अमृत विचार :** छेड़खानी की घटनाओं पर अकुंश लगाने के लिए शासन ने एंटी रोमियों का गठन किया था। इसमें महिला दरोगा और महिला सिपाही शामिल हैं, ये पुलिसकर्मी सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी करने वाले युवको को सबक सिखाती हैं, लेकिन एंटी रोमियो की टीम मुख्य चौराहों से गायब रहती हैं। आए दिन छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं होती रहती हैं। दिन भर एंटी रोमियो स्क्यावड लिखे सरकारी वाहन को दिनभर चालक शहर में घुमाता रहता है।

### मुख्य आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**रामपुर, अमृत विचार :** छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले मुख्य आरोपी कुनाल को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बचे आरोपियों को तलाशा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि मुख्य आरोपी कुनाल को पकड़ लिया है। दो युवकों को तलाश किया जा रहा है। आरोपी और मृतका की कुछ समय से जान पहचान थी। आरोपी ने कुछ दिन पहले मृतका का एक फोटो दोस्तों को भेजा गया था। इसकी जानकारी होने पर छात्रा के परिजनों ने आरोपी से पूछताछ की थी। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। इसके बाद छात्रा ने कई कारणों से आत्महत्या क ली। एसपी ने बताया कि पूछताछ में तथ्य सामने आने पर उनकी जांच की जाएगी।

# विवादित जमीन पर आंबेडकर की प्रतिमा रखने पर दो पक्षों में विवाद के बाद पथराव

## पत्थरबाजी में कई लोग चोटिल लेकिन कोई सामने नहीं आ रहा, डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना खमरिया के ऊंचगांव में विवादित जमीन पर डा भीमराव आंबेडकर और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया है। बुधवार को मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। स्थिति तनावपूर्ण बनने के बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे के साथ जमकर ईंट पत्थर भी चले। पत्थरबाजी में कई लोग चोटिल हुए हैं लेकिन कोई सामने नहीं आ रहा है। सूचना पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बात कर उन्हें समझाया बुझाकर शांत कराया। विवाद को जन्म देने वाली प्रतिमा को प्रशासन ने हटवा दिया है। गांव में एहतियातन पीएसी तैनात की गई है। सोशल मीडिया पर मारपीट और पत्थरबाजी की घटना के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। पुलिस वायरल वीडियो को खंगाल रही है, ताकि माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। गांव ऊंचगांव में हरिजन आबादी की भूमि खाली है। इस पर मंगलवार की रात में कुछ लोगों ने आंबेडकर और भगवान बुद्ध की



विवादित भूमि पर लगी आंबेडकर प्रतिमा और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

प्रतिमा रख दी। इसकी जानकारी बुधवार को गांव के अन्य लोगों को हुई तो लोगों में आक्रोश फैल गया। सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। एक पक्ष के पहुंचने के बाद दूसरा पक्ष के लोग भी एकत्र हो गए। इससे दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। उनमें तीखी झड़प होने लगी। बवाल की सूचना पर खमरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत की, लेकिन वह अपनी-अपनी बात पर अड़ गए। ऊंचगांव के चमारन पुरवा निवासी रामचंद्र गौतम, मिश्रीलाल, शंभू,सोहन, सुंदर, श्यामलाल आदि का कहना था कि 4.11 बीघा जमीन हरिजन आबादी की है। यह जमीन बाबा साहेब आंबेडकर के नाम सोसायटी में दर्ज है, इसलिए बाबा साहेब की मूर्ति रखी गई है। वहीं दूसरे पक्ष के ऊंचगांव निवासी पूर्व प्रधान पृथ्वी पाल वर्मा, विपिन वर्मा, जगदीश वर्मा, राकेश वर्मा, रिंकू वर्मा, बृजेश वर्मा, पप्पू वर्मा का कहना था कि कथित जमीन नवीन परती की है। गड़बड़ी कर हरिजन आबादी में दर्ज कराई गई है। कथित भूमि का एडीएम के न्यायालय में पट्टा निरस्तीकरण का मुकदमा चल रहा है। यहां दशकों से होली भी जलती आ रही है। मेला भी लगता है। आरोप है कि चमारन पुरवा के रामचंद्र और मिश्री लाल आदि ने जबरन आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा रात में रखी है। पुलिस ने मौके की नजाकत को भांपते हुए उच्चाधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी। इस पर प्रशासन हरकत में आ गया। धौरहरा, ईसानगर सहित कई थानों की फोर्स मौके पर भेज दी गई। पीएसी के साथ ही डीएम महेंद्र कुमार सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंच गए। अफसरों ने दोनों पक्षों से वार्ता की। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की सहमति से मामला शांत कराया। वार्ता के दौरान एक पक्ष इस बात पर राजी हो गया कि विधिक प्रक्रिया के तहत अनुमति कराने के बाद मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस पर सहमति बनने पर विवादित जमीन में रखी गई मूर्ति को अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया।

> आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। डीएम और एसपी ने वार्ता करने के बाद मामले को शांत करा दिया है। फिलहाल मूर्तियों को विवादित जमीन से हटवाकर अन्यत्र रखवा दिया गया है। हालात पूरी तरह से सामान्य है।
>
> –पीपी सिंह, सीओ- धौरहरा।



रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

## अंतिम संस्कार से लौटते समय खंभे से टकराई कार महिला की मौत

**संभल अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जैतोरा निवासी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे रिश्तेदारों की कार अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई। अंतिम संस्कार से वापस लौटते समय कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन निवासी जसवीर की कार संभल-बहजोई मार्ग पर गांव चिरौली के पास सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। इस हादसे में गांव चिरौली निवासी लच्छी व उसकी पत्नी सावित्री 60 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने देखते ही सावित्री को मृत घोषित कर दिया। पति लच्छी का उपचार शुरू किया गया है। सावित्री की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं इस हादसे में दयाराम, धर्मेंद्र हरवती और एक बालक बाल बाल बच गए।

# कल्कि धाम शिलान्यास में एक लाख भक्तों के पहुंचने का दावा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**कल्कि धाम शिलान्यास तैयारियां**

- एक घंटा रहेंगे प्रधानमंत्री पंडाल को 4 सेक्टरों में किया गया विभाजित
- प्रत्येक सेक्टर में पुलिस के साथ ही कल्कि सेवादार संभालेंगे व्यवस्था

**अमृत विचार:** कल्कि धाम शिलान्यास के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक घंटा तक मौजूद रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कल्कि धाम शिलान्यास के पूजन में शामिल होने के साथ ही पंडाल में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। कल्कि धाम से जुड़े लोगों ने भी समय से तैयारियां पूरी करने के लिए कमर कस ली है। 19 फरवरी को संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर अब कोई संशय बाकी नहीं है।

प्रधानमंत्री के आगमन का कार्यक्रम तय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचकर कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। शिलान्यास अनुष्ठान के बाद वह कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संबोधित करेंगे। एक घंटे तक कल्कि धाम स्थल पर मौजूद रहने के बाद उनके वापस लौटने का कार्यक्रम है। कल्कि धाम के प्रवक्ता पंकज चाहल ने बताया कि शिलान्यास का पूरा कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हो इस हेतु 17 फरवरी से स्वामी संपूर्णानंद जी के सानिध्य में सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में दस हजार संतों के आने की संभावना के साथ ही एक लाख कल्कि भक्तों के शामिल होने की बात कही जा रही है।

पंकज चाहल ने बताया कि स्वामी कल्याणदेव संतों के भोजन की व्यवस्था संभालेंगे जबकि स्वामी हर मनोजदास के नेतृत्व में संतों का स्वागत किया जाएगा। स्वामी दीनानाथ के नेतृत्व में संतों की आवास व्यवस्था देखने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रत्येक कल्कि भक्त को श्री कल्कि भोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात शाम तक कल्कि भक्त गर्भगृह के दर्शन कर सकेंगे। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बुधवार को पंडाल व अन्य तैयारियों का जायजा लिया।

## एक नजर

### शांति भंग की आशंका में चार गिरफ्तार

**धनारी,अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में बुधवार को अलग अलग गांव से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मारपीट व कहासुनी लेकर विवाद के बाद जयवीर निवासी धनारी स्टेशन को गिरफ्तार किया गया। वहीं मारपीट को लेकर सुलेमान निवासी बाजपुर को गिरफ्तार किया गया। गांव जयरामनगर में रास्ते के निर्माण को लेकर विवाद वीरेन्द्र ,दोजीराम निवासी जयराम नगर को गिरफ्ता र किया गया है। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि चारों लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### भकरौली में छात्र छात्राओं निकाली रैली

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के कस्बा भकरौली में बुधवार को वसंत पंचमी के अवसर पर दीनानाथ कल्याण सिंह ज्ञान मन्दिर स्कूल के छात्र छात्राओं ने शोभायात्रा निकाली। विभिन्न झांकियों के स्वरूपों में सजे बच्चे मुख्य मार्गों पर निकले तो सभी के आकर्षण का केंद्र बने। सबसे आगे घोड़े पर सवार छात्र चल रहे थे। शोभायात्रा के बाद स्कूल में ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना की गई।

### पति व जेठ के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बुधवार को महिला की तहरीर के आधार पर मथुरा निवासी पति संजय व जेठ सुरचित के खिलाफ दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। सदर कोतवाली क्षेत्र में क्षेत्र में मुरादाबाद मार्ग पर सूज़ूकी शोरुम के पास की रहने वाली महिला को पिछले वर्ष फरवरी माह उसका पति संजय वृंदावन घुमाने लेकर गया था। यहां संजय व सुरचित ने महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस में कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली थी।

### बसंत पंचमी एवं रोबोटिक्स प्रदर्शनी का आयोजन

**हापुड़, अमृत विचार :** दीवान ग्लोबल स्कूल बाबूगढ़ छावनी में बसंत पंचमी और रोबोटिक्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निदेशक विनोद चौधरी और स्कूल की प्रिंसिपल रजनी चौधरी ने ज्ञान की देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स एवं कम्प्यूटर साइंस पर आधारित विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सामाजिक कुरीतियों पर आधारित विभिन्न नाटक भी प्रस्तुत किये। कुछ विद्यार्थियों ने योग प्रस्तुति के माध्यम से अद्भुत फिटनेस शक्ति का भी प्रदर्शन किया। बुधवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के लिए एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किये। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्या रजनी चौधरी द्वारा दिये गये धन्यवाद भाषण के साथ हुआ।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर हुई चर्चा

**संभल अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर हुई बैठक में यूपी में प्रवेश कर रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने को लेकर चर्चा की गई।

शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने कहा कि 16 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में प्रवेश कर रही है। संभल से जो कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होने के लिए चंदौली पहुंचेंगे, उनकी सूची तैयार कर लखनऊ कार्यालय भेज दी गई है। इस दौरान मोहम्मद शफी, सलाउद्दीन सैफी, डॉ. इशरत नूर, वीर सिंह सागर, अकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी निलंबित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्लाक बनियाखेड़ा के सहायक विकास अधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने व राजनीति करने के आरोप में ग्राम असालतपुर जारई के सफाई कर्मचारी को निलंबित किया है। ब्लाक बनियाखेड़ा में 79 ग्राम पंचायत है। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत असालतपुर जारई में तैनात सफाई कर्मचारी अमित कुमार की शिकायत सहायक विकास अधिकारी को कई दिनों से मिल रही है। उस पर आरोप था कि सफाई कर्मचारी कार्य करने नहीं पहुंचता है, राजनीति करता है, साथ ही अन्य सफाई कर्मचारियों को बरगलाने का कार्य करता है। जांच कराने के बाद आरोप सही पाए गए। बुधवार को सफाई कर्मचारी अमित कुमार को सहायक विकास अधिकारी ने निलंबित कर दिया।



विजेता टीमों के सदस्यों को पुरस्कृत करते प्रबंधन के लोग। ● अमृत विचार

# वसंत पंचमी पर काइट फ्लाइंग कंपटीशन का किया आयोजन

संवाददाता, हापुड़

- विजेता टीमों के सदस्यों को पुरस्कृत किया गया

**अमृत विचार :** स्थानीय जेएमएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित "काइट फ्लाइंग कंपटीशन" का उद्घाटन मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आयुष सिंघल, सचिव डॉ रोहन सिंघल, महानिदेशक प्रोफेसर सुभाष गौतम, प्राचार्य डॉ धीरज सैनी ने किया।

संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आयुष सिंघल ने बताया कि कंपटीशन से छात्र-छात्राओं के बीच आपसी सामजस्यता पैदा होती है तथा प्रतिस्पर्धा में जीतने की भावना छात्र छात्राओं को हमेशा प्रेरित करती है। प्रतिभागी टीम के सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए कंपटीशन के नियमों की जानकारी दी गई। संस्थान के स्पोर्ट्स ऑफिसर अंकित राठी ने बताया कि कंपटीशन के नियमों के अंतर्गत 6 टीमों में प्रमुख बीफार्म प्रथम वर्ष के छात्र निहाल चौधरी, बीए प्रथम वर्ष के छात्र मोहम्मद अनस, बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र आशीष त्यागी, बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र हर्षित कुमार तथा बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र चिराग चहल आदि को "काइट फ्लाइंग कंपटीशन" में प्रतिभाग करने के लिए चुना गया। निर्णायक मंडल ने सर्वाधिक पतंगों को काटने में बीए प्रथम वर्ष के छात्र मोहम्मद अनस की टीम को विजयी घोषित किया गया।

## कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा होमगार्ड गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने बुधवार को होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सेटेलाइट चौराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि एक होमगार्ड की निलंबित की गई ड्यूटी बहाल करने के लिए गौरव जिला कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा था। थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में होमगार्ड गौरव के साथ जिला कमांडेंट को भी नामजद किया गया है। एफआईआर एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर आनंद कुमार वर्मा की ओर से दर्ज कराई गई है। इसके मुताबिक आंवला के गांव आजमपुर निवासी सतीश चंद्र वर्मा ने 10 फरवरी को कार्यालय आकर शिकायत की थी कि वह होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। उनका 27 जनवरी को जमीन को लेकर भाई जगदीश से विवाद हो गया था। उन पर उनके पिता ने एनसीआर दर्ज करा दी थी। आंवला पुलिस की ओर से 30 जनवरी को इसकी रिपोर्ट भेजने के बाद जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर अगले आदेश तक के लिए उनकी ड्यूटी निलंबित कर दी थी।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

हेल्पलाइन नं० 6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

## श्रीराम शर्मा आचार्य के जन्मदिन पर हुआ यज्ञ

**बबराला,अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने नौ कुंडीय यज्ञ में आहुतियां दीं। धार्मिक आयोजन किए गए। बुधवार को भागीरथी मार्ग स्थित 8गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। यहां आयोजित नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। भजन कीर्तन आदि धार्मिक कार्यक्रम भी हुए। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी रवेंद्र सिंह ने आचार्य जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। नरेंद्र राघव, कुलदीप शर्मा, डौली वार्ष्णेय, प्रेम पाल यादव, भूपेंद्र सिंह यादव, मीना, बबली यादव, सरस्वती शर्मा, अतुल वार्ष्णेय, अनीता यादव, जगदीश यादव और राम अवतार अमीन आदि उपस्थित रहे।

## तीन आरोपी गिरफ्तार,अवैध शराब बरामद

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 16 लीटर शराब व 21 पव्वे बरामद किए। पुलिस ने मुनाजिर के पास से 10 लीटर व राजेश के पास से 6 लीटर अवैध शराब बरामद की। इसी के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नरोत्तम सराय निवासी जुबैर को नखासा थाना पुलिस ने परिक्रमा मार्ग तिराहे से 21 पव्वों के साथ पकड़ लिया।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र का पूर्व मे नाम AAHAN SHAH KHAN था जिसे मैने बदलकर अब AHAAN SHAH KHAN रख लिया है। अफजल खाँ पुत्र कमर शाह खाँ नि0 छीपीयान मय बढ़ैयान रामपुर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक 3326 / न०पा०परि०नह0/2023-24 दिनांक-7/2/24

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू०पी०म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितो को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमति बरखा पत्नी बलवंत ने तकिया गढ़ी पूर्वी मे नगर पालिका के ग्रहकर पंजिका में अपना नाम दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है प्रार्थीनी ने तहसील द्वारा प्रमाणित वारीसान शपथ पत्र बैनामा जो पति के नाम था। पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम अंकित करने में कोई आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा। विवरण-सम्पत्ति सख्या स्थित मोहल्ला तकिया गढ़ी पूर्वी नहटार।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर,
जनपद-बिजनौर

**सूचना**

मैं कि नीलकमल पुत्र श्री बिरजू लाल निवासी 170, सराये गेट तहसील सदर जनपद रामपुर उ0प्र0 की एक किता आवासीय आवासीय मकान स्थित आवास विकास योजना नं0-2 तहसील सदर जिला रामपुर हाउस नं0-बी 262, क्षेत्रफल-41.31 वर्ग मी0 जिसके पूरब में-भवन सं0-बी 265 ई0 डब्लू0 एस0, पश्चिम में-रास्ता 6 मी0 चौड़ा, उत्तर में-भवन सं0-261 ई0 डब्लू0 एस0, दक्षिण में-भवन सं0-बी 263 ई0 डब्लू0 एस0 का मालिक व काबिज हूँ जिसका मूल बैनामा दिनांकी 03.12.1998 जिसका इन्द्राज सबरजिस्ट्रार कार्यालय रजिस्ट्रेशन तहसील सदर जनपद रामपुर से वही नं0-1, जिल्द सं0-175, पृष्ठ सं0-19 से 42 दस्तावेज सं0-5787 पर दर्ज है तथा सम्पत्ति प्रबन्धक अधिकारी उ0प्र0 आवास एवं विकास रामपुर द्वारा श्रीमती फूल बी पत्नी स्व0 श्री अहमद अली खां के हक में निष्पादित किया गया था। जो कि दिनांक-08.02.2024 को जिला कचहरी रामपुर से फोटो कॉपी करवाकर लाते समय जिला कचहरी रामपुर से कहीं गुम हो गया है जो काफी तलाश करने के बाबजूद भी प्रार्थी को प्राप्त नहीं हो पाया है। उपरोक्त विवरण का मूल बैनामा किसी भी बैंक या अन्य किसी वित्तीय सरकारी या गैर सरकारी संस्था मे बंधक नहीं किया गया है और न ही उपरोक्त विवरण की सम्पत्ति को या उसके किसी भाग को किसी दीगर शक्स को बेचा गया है। प्रार्थी अब इस सम्पत्ति को आगे विक्रय या दान करना चाहता है यदि किसी व्यक्ति विशेष वित्तीय संस्था या अन्य किसी भी कानूनी व्यक्ति को प्रार्थी के उपरोक्त सम्पत्ति को अग्रिम विक्रय करने या दान करने मे कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर प्रार्थी को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई दावा या क्लेम किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं होगा। नोट:- उपरोक्त मूल बैनामा दिनांकी 03.12.1998 दस्तावेज सं0-5787 के गुम होने की सूचना सम्बन्धित थाने मे दिनांक 8/2/2024 को दर्ज करवा दी गयी है।

द्वारा अधिवक्ता
जितेन्द्र प्रधान एडवोकेट
चैम्बर नं0-100 जिला कचहरी
जिला रामपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार (रामपुर)**

पत्रांक- 45/(IV)/न0पा0प0स्वा0/2023-2024 दिनांक- 14.फरवरी.2024

**ठेका नीलाम सूचना**

समस्त देकंदार को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद स्वार द्वारा दिनांक 5-3-2024 को पूर्वान्ह समय 11:00 बजे वर्ष 2024-25 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) एक वर्ष हेतु कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार के सभागार में निम्न विवरण के अनुसार ठेकों का नीलाम किया जायेगा। किसी भी बकायदार को बोली में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। निम्न विवरण के अनुसार बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वार के नाम बन्धक होगा अथवा पालिका खाते दि0 न्यू अर्बन को ऑपरेटिव बैंक, शाखा स्वार के खाता संख्या-234003000181 आई०एफ०एस०सी कोड HDFC0CNUCBI में दिनांक-5-3-2024 तक जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद स्वार में निहित है. इसमें किसी भी व्यक्ति को ऐतराज करने का अधिकार नही होगा। ठेके की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्रमांक | ठेके का विवरण | जमानत राशि |
|---|---|---|
| 01 | ठेका साप्ताहिक बाजार रविवार किराया भूमि | 1,00,000.00 |
| 02 | ठेका साप्ताहिक बाजार सोमवार किराया भूमि | 1,00,000.00 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद,स्वार (रामपुर)**

पत्रांक- 450/(III)/न0पा0प0स्वा0/2023-2024 दिनांक- 14.फरवरी.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, स्वार, जनपद- रामपुर में पंजीकृत ठेकेदारों /फर्मो से राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से निम्नविवरण के अनुसार कार्यो की निविदाएँ दिनांक 2.3.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे एक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 5.3.2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदादाता को 02 प्रतिशत धरोहर राशि टेण्डर फार्म का मूल्य नगर पालिका परिषद, स्वार (रामपुर) के संचालित खाता स०- 9891002100000525, पंजाब नैशनल बैंक, शाखा स्वार, आई०एफ०एस०सी० कोड PUNB0989100 में जमा कर पर्ची या ट्रान्सफर रसीद को लगाया जाना अनिवार्य होगा, पालिका में जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। अन्यथा की स्थिति में निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। निविदाएँ दिनांक 5.3.2024 को समय अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्म की उपस्थिति में खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, स्वार, जनपद-रामपुर में निहित होगा। निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश अथवा विषम परिस्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | आगणन राशि | 02 प्रतिशत धरोहर राशि | टेण्डर मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड नं0- 01 से 05 के मार्गो, नालियों, पुलियाओं व गलीयों के मार्गो का मरम्मत-सुधार का कार्य। | 485000.00 | 9700.00 | 572.00 | एक माह |
| 02 | वार्ड नं0- 05 से 10 के मार्गो, नालियों, पुलियाओं व गलीयों के मार्गो का मरम्मत-सुधार का कार्य। | 489000.00 | 9780.00 | 577.00 | एक माह |
| 03 | वार्ड नं0- 16 से 20 के मार्गो, नालियों, पुलियाओं व गलीयों के मार्गो का मरम्मत-सुधार का कार्य। | 491000.00 | 9820.00 | 579.00 | एक माह |
| 04 | वार्ड नं0- 21 से 25 के मार्गो, नालियों, पुलियाओं व गलीयों के मार्गो का मरम्मत-सुधार का कार्य। | 497000.00 | 9940.00 | 586.00 | एक माह |

(सुरेन्द्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

(रेशमा परवीन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
स्वार (रामपुर)

## प्रधानमंत्री 22 और 23 फरवरी को वाराणसी में

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार दौरा दो दिवसीय होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी में छह हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री का 22 और 23 फरवरी को वाराणसी प्रवास लगभग तय हो चुका है। माना जा जा रहा है कि प्रधानमंत्री का मौजूदा दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले अंतिम बार का हो, जिसमें वह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास करेंगे।

### मुसलमान अपनी इच्छा से मतदान के लिए स्वतंत्र, कोई फतवा जारी नहीं होगा: मुफ्ती अबुल कासिम

# सियासी गतिविधियों से खुद को दूर रखेगा दारूल उलूम

एजेंसी

**देवबंद :** देवबंदी मसलक के धार्मिक शिक्षण केंद्र दारूल उलूम देवबंद ने बुधवार को साफ किया कि 18वीं लोकसभा के होने वाले चुनावों में यह संस्था खुद को सियासत और सियासी गतिविधियों से दूर रखेगी। संस्था के प्रमुख मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी बनारसी ने बुधवार को का कि दारूल उलूम एक इस्लामिक शिक्षण संस्था है जो राजनीति से पूरी तरह से परहेज करती है। देश का मुसलमान




अपनी इच्छा से मतदान करने के लिए स्वतंत्र है। वह जिस पार्टी का समर्थन करें और चाहे जिसे अपना वोट डाले। हम चुनावों के दौरान मुसलमानों के लिए न तो कोई फतवा जारी करेंगे, न कोई निर्देश देंगे और न ही कोई मशवरा देंगे।

**▸▸ 150 साल से भी पुरानी दीनी संस्था है दारूल उलूम देवबंद**

दारूल उलूम देवबंद 150 साल से भी पुरानी दीनी संस्था है। देशभर के साढ़े तीन हजार से भी ज्यादा छात्र यहां शिक्षा ग्रहण करते हैं। जिनका पूरा खर्चा संस्था उठाती है। यह संस्था पूरी तरह से दान-चंदे पर आश्रित है। दारूल उलूम से देशभर के तीन हजार मदरसे संबद्ध है। नोमानी का कहना है कि इन मदरसों से दारूल उलूम का वास्ता छात्रों को पढ़ाए जाने वाली शिक्षा और पाठ्यक्रम तक ही सीमित है। बाकी मामलों में ये मदरसे क्या करते हैं क्या नहीं करते हैं दारूल उलूम का उससे कोई लेना-देना नहीं है।

इस सवाल के जवाब में कि मुसलमानों के हितों को लेकर कई ऐसे कदम सरकार द्वारा उठाए गए हैं तो ऐसी सूरत में क्या दारूल उलूम चुनावों के दौरान पूरी तरह से खामोशी अख्तियार रखेगा। उन्होंने कहा कि मसले अपनी जगह हैं। उन्हें उठाने के लिए दूसरे मंच मौजूद हैं। दारूल उलूम की भूमिका तालीम देने तक ही सीमित है। देश की सियासत और सियासतदानों से इस संस्था का कोई लेना-देना नहीं है। एक अन्य सवाल के जवाब में मुफ्ती ने कहा कि चुनावों के दौरान यदि कोई राजनेता, मंत्री या विपक्षी दल का सदस्य दारूल उलूम आता है तो संस्था के पदाधिकारी और प्रशासन उनकी अगवानी और उनका स्वागत नहीं करेगा और न उनसे भेंट करेंगा। संस्था हर समय सभी के लिए खुली है लेकिन चुनावों में हम पूरी तरह से राजनीति और राजनेताओं से दूरी बनाकर रखते हैं। इस बार भी उसका कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### पॉलीक्लिनिक प्रभारी 80 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को प्रभारी अधिकारी (ओआईसी), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलीक्लिनिक, बुलंदशहर को 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गुरूवार को उन्हें सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शिकायत के आधार पर ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, बुलंदशहर के उस प्रभारी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर आरोप था कि चार अस्पतालों में संबद्ध, ईसीएचएस लाभार्थियों को चिकित्सा संबंधी सेवा के सुचारू संचालन की सुविधा के लिए प्रति माह एक लाख रुपये रिश्वत की मांग रहे हैं। यह भी आरोप था कि इसके लिए शिकायतकर्ता पर दबाव बनाया। उसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

### प्रायोगात्मक परीक्षा से वंचित इंटर के छात्रों को एक और मौका

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे और वंचित छात्रों के लिए 16 फरवरी को एक और अवसर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 22 फरवरी से 9 मार्च तक बोर्ड परीक्षाएं होनी है। उससे पहले सरकार सुनिश्चित करना चाहती है कि प्रत्येक छात्र अपनी प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कर खुले मन से प्रमुख परीक्षाओं में हिस्सा ले सकें। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि 25 जनवरी 2024 से 09 फरवरी के मध्य आयोजित की गई वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे हुए, वंचित रह गए छात्र/छात्राओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 फरवरी, 2024 को पुन: आयोजित कराई जाएंगी। यह प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा की भांति ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा सम्पादित कराई जाएंगी।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विभाकर शास्त्री



**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को ही भाजपा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही इंडी गठबंधन और राहुल गांधी पर निशाना साधा। कहा कि मेरे लिए भाजपा के दरवाजे खोलने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, नड्डा, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और ब्रजेश पाठक के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। लगता है कि मेरे दादा लाल बहादुर शास्त्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार काम करूंगा। कहा कि इंडी गठबंधन की कोई विचारधारा नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मोदी को हटाना है। राहुल को बताना चाहिए कि कांग्रेस की विचारधारा क्या है। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ विभाकर शास्त्री को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हम सभी ने मिलकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प के साथ विभाकर शास्त्री जी जुडे है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विभाकर शास्त्री के भाजपा में जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी।

# भारतीय दूतावास कर्मी ने पाकिस्तान को दी थी गोपनीय सैन्य जानकारी

### एटीएस की पूछताछ में उगले कई राज, मेरठ से पकड़ा गया था

संवाददाता, मेरठ

**अमृत विचार :** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के कर्मी को एक महिला ने सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर हनीट्रैप में फंसाया था। यूपीएटीएस निरीक्षक राजीव त्यागी ने बताया कि हापुड के शाहमहिउद्दीनपुर गांव निवासी सतेंद्र सिवाल ने युद्धक विमानों और पनडुब्बियों सहित भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना की हथियार प्रणालियों से संबंधित गुप्त जानकारी साझा की थी।

सिवाल 10 दिनों के लिए एटीएस की हिरासत में है और यह मियाद 16 फरवरी को समाप्त होगी। त्यागी ने बताया सिवाल पिछले साल उस महिला के संपर्क में आया था, जिसने पूजा मेहरा के नाम से एक ऑनलाइन प्रोफाइल बनाई थी। उसने उसे हनीट्रैप

● **सोशल मीडिया के माध्यम से हनीट्रैप में फंसा था सिवाल**



में फंसाया और पैसे के बदले गुप्त दस्तावेज साझा करने का प्रलोभन दिया। पूछताछ में सिवाल ने बताया कि उसने महिला के साथ जो दस्तावेज साझा किए थे वे अभी भी उसके फोन में हैं। उसके फोन और उसके द्वारा इस्तेमाल किए गए अन्य गैजेट्स की फोरेंसिक जांच की जा रही है।

एटीएस ने इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक निगरानी के माध्यम से अपनी जांच में पाया कि वह आईएसआई आकाओं के नेटवर्क के साथ भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। एटीएस अधिकारियों ने यह भी बताया कि महिला का सोशल मीडिया अकाउंट पाकिस्तान खुफिया एजेंसी द्वारा संचालित किया जा रहा था। एटीएस की मेरठ शाखा ने मॉस्को में भारतीय दूतावास में 2021 से आईबीएसए (भारत स्थित सुरक्षा सहायक) के रूप में कार्यरत सिवाल को चार फरवरी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। त्यागी के मुताबिक पूछताछ के दौरान, सिवाल संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और अपना अपराध कबूल कर लिया।

एटीएस ने पहले कहा था कि सिवाल पैसे के लिए रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की रणनीतिक गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारी प्रदान कर रहा था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि उसे सिवाल की गिरफ्तारी की जानकारी है और मामले में जांच अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। पुलिस ने बताया कि इस बीच, सिवाल के परिवार के सदस्य हापुड स्थित पैतृक गांव के घर को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर चले गए हैं।

## अधूरी जांच के आधार पर कर्मचारी की बर्खास्तगी अनुचित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक नियुक्ति मामले में कहा कि किसी शिक्षक को सिर्फ इसलिए नहीं हटाया जाना चाहिए कि प्रबंधन ने चयन प्रक्रिया में पर्याप्त निष्पक्षता नहीं रखी है। जब तक शिक्षक को नियुक्ति हासिल करने के लिए प्रबंधन के साथ मिलीभगत करते हुए न पाया जाए, तब तक उसे सेवा में बने रहने का अधिकार है। लंबे समय से कार्यरत शिक्षक को अपर्याप्त साक्ष्य के आधार पर कलम के एक झटके से बर्खास्त नहीं किया जा सकता है। नियुक्ति आदेश और अनुमोदन आदेश रद्द नहीं किए गए हैं तो ऐसे शिक्षक सेवा में माने जाएंगे और वे वेतन भुगतान के तब तक हकदार होंगे, जब तक कि उनका दावा खारिज कर नहीं दिया जाता। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने राकेश त्रिपाठी की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), को निर्देश दिया है कि क्षेत्रीय चयन समितियां बिना अभिलेखों को देखे, उनकी सत्यता की जांच किए बिना, लापरवाही से आदेश पारित न करें।

# बेटे की सरकारी नौकरी होने पर भी मृत कर्मचारी की बेटी को अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के मामले में माना कि अगर मृत कर्मचारी का पति या पत्नी पहले से ही सरकारी रोजगार में है तो अनुकंपा नियुक्ति की वैधानिक शर्त को कर्मचारी के बच्चों तक बढ़ाया जा सकता है।

कोर्ट ने माना कि मृत कर्मचारियों के बेटे की सरकारी नौकरी होने से सिद्ध नहीं होता कि परिवार किसी आर्थिक तनाव में नहीं है। उत्तर प्रदेश डाईंग इन हार्नेस रूल्स, 1974 में मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रितों की भर्ती के संबंध में प्रावधान है कि कर्मचारी के परिवार से एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। इस नियम में संशोधन किया गया है। जिसके तहत मृत कर्मचारी का जीवनसाथी सरकारी रोजगार में नहीं होना चाहिए। मौजूदा मामले में याची के पिता प्राथमिक विद्यालय, मनिकापुर, ब्लाक बेलघाट, गोरखपुर में हेड मास्टर के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु के बाद याची ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। याची 75 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण पिता की कमाई पर निर्भर थी, याची ने अपने आवेदन के साथ शपथ पत्र दिया कि उसका बड़ा भाई सरकारी नौकरी में है, लेकिन वह परिवार से अलग रहता है। अंत में कोर्ट ने यह निष्कर्ष निकाला कि विधायिका ने नियम में संशोधन किया, जिसमें बेटे को शामिल नहीं किया गया, क्योंकि उसकी कमाई का उपयोग उसके अपने परिवार (पत्नी और बच्चों) के भरण-पोषण के लिए किया जा सकता है। याची का दावा इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि उसका बड़ा भाई सरकारी कर्मचारी है, क्योंकि हलफनामे में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भाई परिवार से अलग रह रहा है। अतः इस आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश रद्द करते हुए न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की एकल पीठ ने कुमारी निशा की याचिका को स्वीकार कर लिया।

# राममंदिर को समर्पित किए 64 रजत कलश व चांदी की चरण पादुका

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चेन्नई के शारदा श्रृंगेरी मठ के सानिध्य में रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने बुधवार को 16 पवित्र नदियों के जल से युक्त 64 रजत कलश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे। इसके साथ ही 16 नदियों की रज और चांदी की तीन चरण पादुका भी ट्रस्ट को भेंट की हैं। रजत कलश का पूजन चेन्नई के 64 लाख घरों में हुआ है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए 48 दिवसीय मंडप उत्सव में चेन्नई से आए 64 रजत कलशों में रखे पवित्र 16 नदियों के जल से पूजन किया जाएगा। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य को तुलसी उद्यान के मंच पर रामोत्सव कार्यक्रम में समर्पित किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम के संयोजक व इंडिया थिंक काउंसिल नई दिल्ली के सदस्य सौरभ पांडेय ने बताया कि रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने 16 पवित्र नदियों के जल को एकत्र करने का अभियान राममंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद शुरू किया था। जल एकत्रित करने के बाद इसे चांदी के कलश में रखकर अयोध्या लाया गया है। इसके साथ चांदी की चरण पादुका भी है। इनके निर्माण में 25 किलो चांदी का प्रयोग हुआ है। इसमें करीब 45 लाख का व्यय आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने कहा कि कलश को समर्पित करने वाले भक्तों पर कृपा हमेशा बनी रहे।



श्रीराम को समर्पित रजत कलश और चांदी की चरण पादुका।

**कलश में नदियों का जल**

चांदी के कलश में गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा, तुंगभद्रा, पूर्णा, प्राणिहता, गंडकी, भीमरथी, सरयू, ताम्रवर्णी, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, गोदावरी, सिंधु, सरस्वती का जल है।

# निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ मदरसों और डिग्री कॉलेजों की हो रही है निगरानी**

**▸▸ हो सकता है औचक निरीक्षण, गिर सकती है गाज**

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे हैं। कुछ डिग्री कॉलेजों की भी निगरानी की जा रही है। गहराते मामले को लेकर चर्चा है कि किसी भी दिन मौका - मुआएना और गाज गिरनी तय है।

यूपी के 73 जिलों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। हर केन्द्रों को राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ने की व्यवस्था अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा के निर्देश पर इंदिरा भवन में की गई है।

मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में हुई जांच के दौरान कई घालमेल पाए गए, ऐसे में निदेशक के निर्देश पर एक जनपद में शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज हो चुका है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसा ही मामला सीतापुर के मदरसों में सामने आया है। गंभीर इनपुट के बाद जांच का दायरा बढ़ चला है। माना जा रहा है कि निदेशक तथ्यपरक जांच करने का मन बना चुकी हैं। इसको लेकर स्थलीय परीक्षण भी किया जाना तय है। ऐसे में मौका मुआयना के साथ अनियमितता बरतने वालों के खिलाफ गाज गिरनी तय मानी जा रही है।



कंट्रोल रूम में परीक्षा केन्द्रों की जानकारी लेतीं निदेशक जे. रीभा, बोर्ड रजिस्ट्रार व अन्य।

**महाविद्यालयों पर भी पैनी नजर**

सीतापुर जनपद के कुछ महाविद्यालय भी जांच की परिधि में शामिल किये गए हैं। जानकारों की मानें तो विभागीय जांच में जिले के दो महाविद्यालयों का नाम चर्चा में आया है। ये भी मुआएने की जद जोड़ा जा रहा है। इस संबंध में जे. रीभा, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कहना है कि प्रदेश के कई जनपदों में मदरसा और कॉलेजों के मौका मुआयना किये जाते रहे हैं। अगर कहीं कमी या दिक्कत आती है, तो उसका निस्तारण कराया जाता है। विभागीय त्रुटि और अन्य खामियों में कार्रवाई भी होती रही है।

## वर्ग पहेली-343

**बाएं से दाएं**

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| 6 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 7 | |

**वर्ग पहेली - 342 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 शु | ■ | 2 झ | ■ | 3 स |
| 4 मे | जा | ■ | न | ■ | ना |
| ■ | 5 अ | भि | क | थि | त |
| ■ | त | ■ | म | ■ | न |
| ■ | ■ | 6 मा | न | स | ■ |
| ■ | 7 जी | र | क | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | | |
| 3 | 8 | | | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | | 1 |
| 8 | | | | 5 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 2 | | 7 | | | | 6 |
| 6 | | | 3 | | 9 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | 3 | 8 |
| | | 4 | | | 8 | | | |

**सुडोकू - 59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10 .12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्विनी 09 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** – आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**वृष** – आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** – आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

**सिंह** – आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** – आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

**तुला** – आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**धनु** – आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**मकर** – आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

**कुंभ** – आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

**मीन** – आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
वन टू थ्री – सुबह : 09 .31
भैयाजी सुपरहिट – रात : 07 .17

**SONY PIX**
मॉर्टल कॉम्बैट – सुबह : 10 .17
वेनम – रात : 09 .00

**SONY MAX**
इशकजादे – सुबह : 11 .04
चक दे इंडिया – रात : 07 .02

**ZEE CINEMA**
ईना मीना डीका – सुबह : 10 .30
नमस्ते इंग्लैंड – रात : 07 .30

**colors CINEPLEX**
राम और श्याम – दोपहर : 12 .03
कल हो न हो – शाम : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### 16वें वित्त आयोग की पहली बैठक संपन्न

**नई दिल्ली।** अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित सोलहवें वित्त आयोग की बुधवार को पहली बैठक संपन्न हुई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस बैठक में आयोग ने भारत की राष्ट्रपति के आदेश और 31 दिसंबर, 2023 को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप अपने नियमों एवं शर्तों के बारे में चर्चा की। इसके अलावा 16वां वित्त आयोग भारत की संचित निधि से राज्यों को सहायता अनुदान के जरिए दी जाने वाली राशि तय करेगा।

### गवर्नर ने जोखिम से सतर्क रहने को कहा

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकों से क्षेत्र में बढ़ते जोखिमों के प्रति सतर्क रहने के लिए कहा। कहा कि आत्मसंतुष्टि की कोई गुंजाइश नहीं है। गवर्नर ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के चुनिंदा बैंकों के प्रबंध निदेशकों (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की। गवर्नर ने बैंकों के बेहतर वित्तीय प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की।

# भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

## आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

### उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

## सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

# इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सिंतबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान



समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आर्कषित किया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 71,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,150-47,350 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

# ईडी, अन्य एजेंसी पेटीएम को भेज रहीं नोटिस, कंपनी दे रही स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी ने कहा-उपलब्ध करा रहे दस्तावेज व जानकारी

पेटीएम ब्रांड और उसकी बैंकिंग इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अंतर्गत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली वन97 कम्युनिकेशंस को संबंधित इकाइयों के ग्राहकों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों से नोटिस मिले हैं। पेटीएम ने कहा कि कंपनी और उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक अधिकारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार जानकारी, दस्तावेज उपलब्ध करा रही है।

पेटीएम ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पैसा बाहर भेजने का काम नहीं करती है। वित्तीय मंच ने कहा-न97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल), उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगी पीपीबीएल को समय-समय पर ग्राहकों के संबंध में ईडी सहित अन्य विभागों से सूचना, दस्तावेज और स्पष्टीकरण के लिए नोटिस और मांगें प्राप्त होती रही हैं...इस बारे में सभी जरूरी जानकारी अधिकारियों को दी जा रही है।

## कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक



किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।



# 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

## राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, '' देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?



राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

### जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजदू थे।

## कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिवसेना नेता पर गोलीबारी**

**ठाणे।** अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

# निर्वाचन आयोग ने लोकसभा और चार राज्यों में विस चुनावों के लिए मांगे 3.4 लाख सुरक्षाकर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्तर प्रदेश में 252 व पश्चिम बंगाल में 920 सीएपीएफ की कंपनी तैनात होने की उम्मीद

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा तथा सिक्किम में विधानसभा चुनावों के दौरान चरणबद्ध तरीके से तैनाती के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 3.4 लाख कर्मियों की मांग की है। निर्वाचन आयोग ने सभी उपयुक्त सुविधाओं के साथ पर्याप्त संख्या में ट्रेन की व्यवस्था करने की भी मांग की है ताकि चुनाव कार्यों को पूरा करने के लिए सीएपीएफ कर्मियों को सुगमता से और समय पर एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाना सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे एक पत्र में आयोग ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों



के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और 'स्ट्रॉंग रूम' की सुरक्षा जैसी चुनावी ड्यूटी के लिए सीएपीएफ की तैनाती का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सीएपीएफ की अधिकतम 3,400 कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। पश्चिम बंगाल में चरणबद्ध तरीके से सीएपीएफ की अधिकतम 920 कंपनी तैनात किए जाने की उम्मीद है, इसके बाद जम्मू-कश्मीर में 635, छत्तीसगढ़ में 360 , बिहार में 295, उत्तर प्रदेश में 252 और आंध्र प्रदेश, झारखंड तथा पंजाब में से प्रत्येक में 250 कंपनी तैनात किए जाने की उम्मीद है।

### निर्वाचन आयुक्त पद से अनूप पांडे सेवानिवृत्त

अनूप चंद्र पांडे की बुधवार को 65 वर्ष की आयु होने पर निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हो गया, जिससे 3 सदस्यीय निर्वाचन आयोग में एक पद रिक्त हो गया। केंद्र सरकार के साथ उत्तर प्रदेश सरकार में करियर के बाद पांडे जून 2021 में आयोग में शामिल हुए थे। पांडे की सेवानिवृत्ति ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिनों बाद लोस चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने की संभावना है।

## एक नजर

### सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

### हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

**जम्मू।** पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

# नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मध्य प्रदेश से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है।

राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन के अलावा उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश में भाजपा के पास चार सीट जीतने का दम है जबकि कांग्रेस एक सीट जीत सकती है।

## कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं।

# मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

## चुनावी बांड योजना की वैधता पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल दो नवंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बांड योजना को सरकार ने दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया था। इसे राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बांड भारत के किसी भी नागरिक या देश में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है।

## ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

# कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

**सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा




पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

### उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार-एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।



# सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

## भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात



**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**

### बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

# एफआईएच प्रो-लीग में भारत का लक्ष्य हैट्रिक

**भुवनेश्वर, एजेंसी**



एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को लगातार दो जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भी इस मुकाबले में दो जीत के साथ उतरेगी। टीम ने स्पेन को 4-3 और आयरलैंड को 5-0 से मात दी है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अभी सुधार बाकी है। शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलना हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है। फुल्टोन को पता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कितनी मजबूत है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। यह निश्चित रूप से एक कठिन मैच होने वाला है। वे (ऑस्ट्रेलिया) लगातार बड़ी जीत दर्ज कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह लय में है। उन्होंने अब तक तीन गोल किए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार रक्षण के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को भुवनेश्वर चरण में आयरलैंड का सामना करेगी।

## खेल डायरी

### नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

### डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

**लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी।** ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

### भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

### नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर



**बेंगलुरू, एजेंसी।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

# इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

## राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

**राजकोट, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने



विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी



करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

### भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इस बात की संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं।

### क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

# भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा: स्टोक्स

**राजकोट, एजेंसी**



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

### बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

## मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा



**कोपेनहेगन, एजेंसी।** केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

# राजकोट में चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू: जहीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का नजारा पेश करते हुए मैच में 9 विकेट चटकाए, जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबरी की। जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। मुख्य मुकाबला बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा।



# बॉलीवुड हलचल

## नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि... 'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला... राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

## नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।

## दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।



## करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

## अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीँ इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।




**मंदिर के भव्य शिखर हैं खास:** मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

# सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

भारत-यूएई के रिश्तों में सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी विश्व की सबसे ऊंची इमारत। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।



### कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

### धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।





## एक नजर

### गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

### इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

### ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**दुबई।** ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

# घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।



### अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

### भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले:** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद की समस्या:** उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप:** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

# पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी



- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुई थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायामूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

### जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

## इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

**जकार्ता।** मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

## युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।



अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

# श्रमविभाग के पोर्टल से 1 करोड़ की ठगी, प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार

कानपुर, कार्यालय



मास्टरमाइंड उदित मिश्रा, अंकित मिश्रा।



मो. यासीन और युवती नैंसी।



विनय दीक्षित और ललित।

**अमृत विचार:** श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने प्रेमी जोड़े के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुछ माल की बरामदगी भी हुई है।

मास्टरमाइंड उदित ने बताया कि श्रमविभाग की योजनाओं का दो बार पूरे देश में टॉप पर नाम लेकर आया इसके लिए उसे भारत सरकार ने दो बार सम्मानित भी किया। लखनऊ में आयुष्मान योजना में टारगेट पूरा करने के लिए बुलाया गया था। इस फर्जीवाड़े में लखनऊ स्थित श्रम विभाग में कार्यरत अकाउंटेंट दिनेश दीक्षित ने उसे पूरी जानकारी दी थी। बुधवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्कीप करते हुए लगभग 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में लगभग एक करोड़ सात लाख की धनराशि ट्रांसफर कर ली थी।

साइबर थाना में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासा के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया गया। जांच शुरू की तो पता चला कि इस घटना के मुख्य मास्टरमाइंड प्रेमी जोड़ा उदित मिश्रा निवासी सजेती हाल पता 19 वीं मंजिल बिल्डिंग पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी नागपुर महाराष्ट्र हैं। उदित श्रम विभाग के टेक्निकल सलाहकार के रूप में मदद करता था और ट्रेजरी ऑफिसर का डिजिटल सिग्नेचर कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस धोखाधड़ी में शामिल सजेती निवासी अंकित मिश्रा, मुरादाबाद के थाना मोजपुर निवासी मोहम्मद यासीन, मुरादाबाद के थाना कटघर अंबेडकर नगर निवासी ललित कश्यप, सीतापुर के आदर्श नगर निवासी विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि उदित और अंकित भाई हैं। सगे भाई कर रहे थे वारदात मास्टरमाइंड उदित ने बताया कि उसे धोखाधड़ी करने के लिए कुल धनराशि में 20 फीसदी रकम मिलनी थी। कुछ रकम उसके भाई अंकित मिश्रा के खाते में गई। उसने बताया कि कृष्णा नगर स्थित एक ज्वैलर्स के पास नकद का आदान-प्रदान किया गया था।

### आरोपियों के पास से माल बरामदगी

एडीसीपी अपराध मनीष सोनकर ने बताया कि 63 लाख रुपये की धनराशि को फ्रीज कराया गया। 5 मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, पांच लैपटॉप, एक सोने की चेन, दो लाख 39हजार, चार सामानों की क्रय रसीदें, एक पासबुक और चेकबुक बरामद हुई है।

# 43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

**माले।** मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से



मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।

**विज्ञान** नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण

# लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।



लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

### रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

# पुतिन नाटो देशों पर हमला करते हैं तो हम रक्षा करेंगे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने ट्रंप के बयान पर कसा तंज, उन्होंने टिप्पणियों को खतरनाक बताया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हाल ही में अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों की खतरनाक बताते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह संगठन अमेरिका के लिए पवित्र प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं और यदि पुतिन नाटो में शामिल किसी भी देश पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेगा। अभी हाल ही में दक्षिण कैरोलिना में एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने को कहेंगे अन्यथा उन देशों पर आक्रमण करने



के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जब अमेरिका जबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो हम उसे निभाते हैं और नाटो हमारे लिए पवित्र प्रतिबद्धता है। हालांकि ट्रंप इसे बोझ के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह नाटो को देखते हैं तो उन्हें अमेरिका और पूरी दुनिया की रक्षा करने वाला गठबंधन नहीं दिखता है।